Page 9
कांग्रेस राज में राजस्थान हरियाली बढ़ाने में देश का चौथा...




# हरियाणा मेल

सही खबर- भेदी नजर

haryanamail.in | @haryanamail

शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026

गुरुग्राम , वर्ष -14, अंक - 56, पृष्ठ-12, मूल्य : 3.00 रूपए
RNI NO. : HARHIN/2012/47672




अजिंक्य रहाणे ने क्रिकेट के सभी... 11 Page

जंतर-मंतर प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, पैलेट गन के इस्तेमाल पर उठे सवाल

## घायल प्रदर्शनकारियों का इलाज कराए दिल्ली सरकार

- **दिल्ली सरकार को घायलों के इलाज और राहत सुनिश्चित करने के आदेश**
- **आरएएफ के हथियारों की मूवमेंट रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के निर्देश**
- **पैलेट गन के इस्तेमाल की वैधता पर कोर्ट करेगा विस्तृत जांच**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है कि वो जंतर-मंतर के विरोध प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन से घायल हुए प्रदर्शनकारियों का इलाज कराए। कोर्ट ने प्रदर्शन के दौरान रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के असलहों के मूवमेंट को संरक्षित रखने का आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि किसी विशेष घटना में पैलेट गन के इस्तेमाल की वैधता की जांच की जा सकती है।

उच्चतम न्यायालय ने ये आदेश आईबी के पूर्व निदेशक और पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त यशोवर्धन आजाद और दो अन्य पीड़ितों की याचिका पर दिया है। याचिका में पैलेट गन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध के साथ ही पीड़ितों को मुआवजा देने की भी मांग की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान कनॉट प्लेस के पास भारी भीड़ पर नियंत्रण के लिए तैनात आरएएफ ने पहले आंसू गैस और लाठीचार्ज किया। उसके बाद पैलेट से लैस पंप एक्शन गन का इस्तेमाल किया गया।



याचिका में कहा गया है कि बल प्रयोग करने से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई और कई प्रदर्शनकारियों की आंखों समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

याचिका में कहा गया है कि पैलेट गन को भले ही कम घातक हथियार बताया जाता हो, लेकिन इससे बड़ी संख्या में धातु के छर्रे निकलते हैं। इससे आंखों और अन्य महत्वपूर्ण अंगों को गंभीर नुकसान का खतरा रहता है। पैलेट गन का इस्तेमाल संविधान के तहत न्यायसंगत बल प्रयोग की कसौटी पर खरा नहीं उतरता।

### भोजशाला से सटी दरगाह में अस्थायी तौर पर जुमे की नमाज अदा करने की इजाजत

**उच्चतम न्यायालय** ने मध्य प्रदेश के धार स्थित भोजशाला परिसर से सटी दरगाह की जमीन पर मुस्लिम समुदाय को अस्थायी रूप से जुमे की नमाज की अनुमति दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने राज्य सरकार को जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने खसरा नंबर 596 की जमीन को नमाज के लिए निर्धारित किया है। मुस्लिम पक्ष ने याचिका में कहा था कि वर्तमान में दी गई जगह विवादित स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर है, जिससे नमाजियों को परेशानी हो रही है। इससे पहले 14 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला परिसर के भीतर नमाज की अनुमति देने से इनकार किया था। अब हर शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज अदा की जा सकेगी।

चीन ने ईरान को हथियार भेजने की खबरों का किया खंडन

## हम संघर्ष नहीं, शांति के पक्षधर: चीन

- **ईरान को मिसाइल देने की खबरों पर चीन का खंडन**
- **ट्रंप की चेतावनी के बीच चीन ने शांति की बात दोहराई**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**बीजिंग।** चीन ने उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया है जिनमें दावा किया गया था कि वह ईरान को बड़ी संख्या में पोर्टेबल वायु रक्षा मिसाइल प्रणालियां उपलब्ध कराने की तैयारी कर रहा है। चीनी विदेश मंत्रालय ने इन खबरों को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा कि बीजिंग की प्राथमिकता क्षेत्र में तनाव कम करना और शांति को बढ़ावा देना है।



विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि चीन हमेशा संवाद और कूटनीतिक समाधान का समर्थन करता रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हथियार आपूर्ति से जुड़े दावों का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है और चीन किसी भी ऐसे कदम का समर्थन नहीं करता जो क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ाए। इस बीच, अमेरिका की ओर से भी इस विषय पर प्रतिक्रिया सामने आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यदि चीन वास्तव में ईरान को सैन्य सहायता देता है, तो यह निराशाजनक होगा। हालांकि, चीन ने इन आशंकाओं को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उसका उद्देश्य केवल शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना है।

### जॉर्डन एयरबेस हमले में 3 एफ-35 गिराने का ईरान का दावा

**ईरान** के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी ) ने दावा किया है कि उसकी एयरोस्पेस फोर्स ने जॉर्डन के अल-अजराक एयर बेस पर बैलिस्टिक मिसाइल हमला कर तीन अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया और कई अमेरिकी सैन्य कर्मियों को मार गिराया। हालांकि, जॉर्डन ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है। जार्डन ने कहा है कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने ईरान की ओर से दागी गई पांच मिसाइलों को रास्ते में ही नष्ट कर दिया।

## हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार सरकार, विपक्ष का रवैया गैर-जिम्मेदाराना: जेपी नड्डा

- **राज्यसभा में हंगामा, सत्ता-विपक्ष आमने-सामने**
- **अमित शाह के बयान की मांग पर विरोध**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के दौरान गुरुवार को राज्यसभा में एक बार फिर हंगामे के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान सदन के नेता और केंद्रीयमंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार विपक्ष द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने विपक्ष पर गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाने और सार्थक बहस की बजाय सदन की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया।

नड्डा ने कहा कि विपक्ष की भूमिका नकारात्मक रही है। सरकार हर विषय पर चर्चा करने को तैयार है लेकिन विपक्ष का इस तरह से सदन नहीं चलने देना निंदनीय है। वहीं, कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने राज्यसभा में कहा कि विपक्ष चाहता है कि सदन सुचारु रूप से चले, लेकिन छात्र प्रदर्शनकारियों पर हुई कार्रवाई के मुद्दे पर गृहमंत्री अमित शाह सदन में बयान दें।

प्रमोद तिवारी की इस मांग के बाद विपक्षी सांसदों ने "अमित शाह सदन में आओ" के नारे लगाए, जिससे सदन में जोरदार हंगामा शुरू हो गया। विपक्षी सदस्यों के लगातार विरोध के कारण राज्यसभा की कार्यवाही शोर-शराबे के बीच चलती रही। विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों को सदन में उठाया जिसमें गन्ना किसानों के साथ वन नेशन वन मेट्रो कार्ड की मांग की गई ।

## संसद में भाषा पर विवाद, वैज्ञानिकों ने प्रियंका गांधी को लिखा खुला पत्र

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**नई दिल्ली।** देश के कई प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को संबोधित करते हुए एक खुला पत्र जारी कर संसद में सार्वजनिक विमर्श की गरिमा बनाए रखने की अपील की है। पत्र में कहा गया कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करती है कि असहमति और आलोचना किस स्तर की भाषा और तर्क के साथ व्यक्त की जाती है।

पत्र में आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि पर की गई कथित टिप्पणी पर चिंता जताई गई। हस्ताक्षरकर्ताओं ने कहा कि किसी वैज्ञानिक के विचारों से असहमति स्वाभाविक है, लेकिन व्यक्तिगत पहचान या पद के आधार पर उन्हें खारिज करना लोकतांत्रिक परंपरा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने जोर दिया कि वैज्ञानिकों के विचारों का मूल्यांकन तथ्यों, शोध और प्रमाणों के आधार पर होना चाहिए।

पत्र में संविधान के अनुच्छेद 51(क)(ह) का हवाला देते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जिम्मेदार संवाद की आवश्यकता बताई गई। साथ ही कहा गया कि जटिल वैज्ञानिक मुद्दों को राजनीतिक उपहास का विषय बनाने से सार्थक बहस प्रभावित होती है।

गौरतलब है कि लोकसभा में एक टिप्पणी के बाद यह विवाद शुरू हुआ, जिस पर अब वैज्ञानिक समुदाय ने संयमित और तथ्याधारित चर्चा की अपील की है। उन्होंने आशा जताई कि जनप्रतिनिधि भविष्य में संवेदनशील विषयों पर संयमित भाषा का प्रयोग करेंगे और संसद में स्वस्थ, सार्थक व तथ्य आधारित चर्चा को बढ़ावा देंगे।

## गीता ज्ञान को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: नायब सैनी

- **मुख्यमंत्री ने गीता ज्ञान संस्थानम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज से की भेंट**


**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने का संपूर्ण विज्ञान है। इसमें कर्म, धर्म, ज्ञान और भक्ति का जो संदेश दिया गया है, वह आज भी समाज और देश के विकास का मार्गदर्शन करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार संस्कृति और विकास को साथ लेकर आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कुरुक्षेत्र स्थित गीता ज्ञान संस्थान के राधा कृष्ण मंदिर में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा और ज्ञान के सम्मान का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय गीता नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। ब्रह्मसरोवर, ज्योतिसर और गीता ज्ञान संस्थान जैसे केंद्रों से गीता का संदेश विश्वभर में पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए गरीब, किसान, महिला और युवाओं के हित में कार्य कर रही है।

# नेपाल में साम्प्रदायिक हिंसा को देखते हुए प्रधानमंत्री ने बुलाई सुरक्षा परिषद की बैठक

हरियाणा मेल, एजेंसी



**काठमांडू।** नेपाल में फैली साम्प्रदायिक हिंसा और देश के कई हिस्सों में लगातार हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच गुरुवार को प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई। बैठक में देश की समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करते हुए सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने के लिए सभी सुरक्षा निकायों एवं हितधारकों के बीच समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने का निर्णय लिया गया।

सिंहदरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में आज प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में देश की समग्र सुरक्षा स्थिति और 25 जुलाई को सुनसरी में हुई घटना की समीक्षा की गई। परिषद के सदस्य सचिव एवं रक्षा मंत्रालय के सचिव केदारनाथ शर्मा के अनुसार बैठक में निर्णय लिया गया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी सुरक्षा निकायों और संबंधित हितधारकों के साथ समन्वय करते हुए सामाजिक सद्भाव तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को बनाए रखने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य किया जाएगा।

बैठक में शामिल विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने बताया कि राजनीतिक दलों, स्थानीय हितधारकों और सुरक्षा निकायों के संयुक्त प्रयासों से सुनसरी की स्थिति सामान्य होने की ओर अग्रसर होने की जानकारी दी गई। उनके अनुसार बैठक में इस स्थिति को टिकाऊ बनाए रखने के लिए स्थानीय स्तर पर संवाद और समन्वय को निरंतर जारी रखने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए आवश्यक संवाद को तेज करने, संभावित संकट तथा भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए सुरक्षा निकायों की क्षमता वृद्धि, आवश्यक संसाधनों के प्रबंधन और प्रशिक्षण को और अधिक सुदृढ़ करने के विषय पर भी बैठक में चर्चा हुई थी।

बैठक में गृह मंत्री सुदन गुरूंग, नेपाल सरकार के मुख्य सचिव और नेपाली सेना के प्रधान सेनापति अशोक सिग्देल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति थी।

## देवानगंज गोलीकांड में एक और युवक की मौत, मृतकों की संख्या हुई दो

**सुनसरी जिले** के देवानगंज में साम्प्रदायिक हिंसा के दौरान पुलिस फायरिंग में घायल 22 वर्षीय जयप्रकाश मेहता की इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। इसके साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। इससे पहले 25 वर्षीय ओमप्रकाश मेहता की भी जान जा चुकी है। घटना में 21 लोग घायल हुए थे, जिनमें कई का इलाज जारी है। हिंसा के बाद क्षेत्र में कर्फ्यू लागू है, हालांकि प्रशासन ने हालात में धीरे-धीरे सुधार होने की बात कही है।

## नीट परीक्षा विरोध प्रदर्शन मामले में आपराधियों को छोड़कर किसी पर नहीं होगी कार्रवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली में नीट परीक्षा लीक के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों पर आगे कोई कार्रवाई नहीं होगी। दिल्ली सरकार के गृह विभाग ने गुरुवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी और कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के तहत केवल आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को ही संरक्षण प्राप्त नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि 29 जुलाई तक नीट (यूजी) परीक्षा में कथित अनियमितताओं से संबंधित प्रदर्शनों के सिलसिले में दिल्ली पुलिस ने कुल 13 मामले दर्ज किए गए थे। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू की मंजूरी के बाद गृह विभाग ने विज्ञप्ति जारी की है। इसमें कहा गया है, दिल्ली के अंतर्गत किसी भी पुलिस प्राधिकरण की ओर से इन प्रदर्शनों में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध कोई प्रतिकूल कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि, यह संरक्षण उन व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा जिनका आपराधिक रिकॉर्ड (क्रिमिनल एंटीसिडेंट्स) है। इसमें कहा गया है कि इन मामलों में गिरफ्तार या हिरासत में लिये गए व्यक्तियों के मामलों की समीक्षा होगी तथा रिहाई की प्रक्रिया शीघ्रतापूर्वक पूरी की जाएगी। वहीं, इन प्रदर्शनों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ आगे कोई कार्रवाई नहीं होगी तथा मामले को समाप्त माना जाएगा।

# असम में बाढ़ से अभी भी सात जिले प्रभावित, तीन और लोगों की मौत

हरियाणा मेल, एजेंसी



**गुवाहाटी।** असम में अभी भी सात जिले बाढ़े प्रभावित हैं। इस त्रासदी में तीन और लोगों की मौत हो गई। बाढ़ की विभिषिका के बाद अब नये सिरे से जीवन जीने के लिए जद्दोजहद शुरू हो गई है। बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित उपरी असम के चार जिलों शिवसागर, चराईदेव, जोरहाट और गोलाघाट में राहत एवं बचाव कार्य सरकारी एवं निजी स्तर पर जोरशोर से चला रहा है। बावजूद इसके लोग अपने घरों में जा नहीं पा रहे हैं। बाढ़ ने सभी कुछ तबाह कर दिया है। बाढ़ का पानी लगातार घट रहा है, जिसके चलते घरों एवं विद्यालयों में घुटनों तक मिट्टी की गाद भर जाने से लोगों के सामने एक नई समस्या पैदा हो गई है।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 29 जुलाई को जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य की सभी नदियां खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। सरकार युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव के लिए सभी तरह के उपाय करने में जुटी हुई है। गोलाघाट में 1 एवं शिवसागर में 2 लोगों के शव बरामद हुए हैं। राज्य में मृतकों की कुल संख्या 78 हो गई है। बाढ़ प्रभावित सात जिलों में चराईदेव, गोलाघाट, शिवसागर, नगांव, बिश्वनाथ, जोरहाट एवं कामरूप (मेट्रो) जिला शामिल हैं। इन जिलों के 21 राजस्व मंडलों के कुल 551 गांवों की 300031 आबादी अभी भी प्रभावित हैं एवं 21523.08 हेक्टेयर कृषि भूमि पानी में डूबी हुई है।

सरकार ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए वर्तमान में कुल 71 राहत शिविर एवं 30 राहत वितरण केंद्र समेत कुल 101 शिविर क्रियान्वित रखे हैं। राहत शिविरों में 16567 लोग आश्रय लिए हुए हैं। जबकि राहत वितरण केंद्रों पर 72210 गैर-शिविर निवासी राहत प्राप्त कर रहे हैं। राहत एवं बचाय अभियान में एसडीआरएफ, सेना/अर्धसैनिक बल, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, एयर फोर्स, पुलिस, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं (एफ एंड ईएस), सर्कल कार्यालय/स्थानीय प्रशासन, नागरिक सुरक्षा/प्रशिक्षित स्वयंसेवक और अग्निशमन विभाग जुटा हुआ है।

राज्य सरकार ने 108 मेडिकल टीमों को तैनात किया। इस दौरान 20 नावें भी राहत कार्य में जुटी रहीं। बाढ़ से बड़े पैमाने पर सड़क, पुल एवं अन्य आधारभूत ढांचे को नुकसान पहुंचा है। इसकी मरम्मत के लिए सरकार लगातार समीक्षा बैठक कर हालात का जायजा ले रही है। बाढ़ के चलते असम विधानसभा का बजट सत्र पूर्व निर्धारित समय से दो दिन पूर्व 29 जुलाई को ही समाप्त किया गया। विधानसभा का सत्र 31 जुलाई तक निर्धारित था।

## खबरें फटाफट

### बेंगलुरु में सी-डॉट का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित, स्वदेशी दूरसंचार अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्वदेशी दूरसंचार अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की स्थापना की है, जो उन्नत संचार तकनीकों पर शोध और विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने बताया कि मंत्रालय के अधीन सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलिमैटिक्स (सी-डॉट) ने आईआईएससी और फाउंडेशन फॉर साइंस इनोवेशन एंड डेवलपमेंट (एफएसआईडी) के साथ मिलकर सीओई की स्थापना की है। समझौते के तहत यह केंद्र अकादमिक और उद्योग जगत को जोड़ते हुए 5जी एडवांस, 6जी, क्वांटम टेक्नोलॉजी, साइबर सुरक्षा और एआई आधारित संचार प्रणालियों पर उच्च स्तरीय शोध करेगा।

सी-डॉट के सीईओ डॉ. राजकुमार उपाध्याय ने कहा कि यह सहयोग भारत के दूरसंचार नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में एक रणनीतिक निवेश है। आईआईएससी की विश्वस्तरीय शोध क्षमता और सी-डॉट की विशेषज्ञता मिलकर भविष्य की संचार तकनीकों को विकसित करने में मदद करेगी। एफएसआईडी के सीईओ ओमप्रकाश सुब्बाराव ने कहा कि यह सहयोग अकादमिक और उद्योग जगत को जोड़ने का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इससे भारत की वैज्ञानिक क्षमता और तकनीकी नेतृत्व को मजबूती मिलेगी। सी-डॉट ने इससे पहले आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी कानपुर, आईआईटी गांधीनगर और आईआईटी रुड़की के साथ भी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए हैं।

### राम मंदिर चढ़ावा मुद्दे पर सपा की राजनीति निंदनीय: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि इस विषय पर की जा रही राजनीति बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार इस पूरे मामले को पूरी संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ संभाल रही है तथा सभी प्रक्रियाएं सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप आगे बढ़ रही हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने गुरुवार को संसद परिसर में मीडियाकर्मियों से कहा कि जो लोग कभी यह दावा करते थे कि अयोध्या यहीं नहीं थी और भगवान श्रीराम का अस्तित्व ही नहीं था, वही आज इस मुद्दे पर चिंता जताने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यही वे लोग हैं जिनके शासन में कारसेवकों के खून से सरयू नदी लाल हुई थी। जिन्होंने अयोध्या का अपमान किया, उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाई और सरयू को रक्तरंजित किया, यदि वही लोग आज चिंता व्यक्त कर रहे हैं तो यह चिंता नहीं, बल्कि उनकी राजनीतिक मंशा को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के सांसद प्रदर्शन करने लगे। वहीं, सपा सांसदों ने राम मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितता का आरोप लगाते हुए संसद परिसर में प्रदर्शन किया।

### जॉर्डन में अमेरिकी बेस पर हमले के बाद ईरान पर अमेरिकी हवाई हमले

**तेहरान/वाशिंगटन।** जॉर्डन स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद अमेरिका ने ईरान के कई शहरों में व्यापक हवाई कार्रवाई की है। अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) के अनुसार, ईरान की ओर से दागी गई सभी मिसाइलों को बीच में ही नष्ट कर दिया गया। इसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर अमेरिकी सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए केशम द्वीप, किश, बंदर अब्बास, अबादान, बुशहर, अहवाज और फार्स प्रांत के कुछ इलाकों में हमले किए।

ईरानी मीडिया के अनुसार, कई स्थानों पर भीषण विस्फोट हुए, रिहायशी क्षेत्रों को नुकसान पहुंचा और कुछ लोग मलबे में दब गए। केशम द्वीप पर बिजली ग्रिड प्रभावित होने से कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। इराक में अमेरिकी-सऊदी संयुक्त कार्रवाई में ईरान समर्थित मिलिशिया के कई लड़ाकों के मारे जाने की भी खबर है।

अमेरिका ने सैन्य कार्रवाई के साथ ईरान पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। स्टेट डिपार्टमेंट ने आठ संस्थाओं को प्रतिबंधित किया है, जिन पर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों से अवैध शुल्क वसूलने का आरोप है।

# किसानों के मुद्दे पर डीएमके का टीवीके सरकार के खिलाफ तीन अगस्त को विरोध प्रदर्शन का ऐलान

हरियाणा मेल, एजेंसी



**चेन्नई।** तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) की सरकार पर किसानों की मांगों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) ने विरोध प्रदर्शन आयोजित करने की घोषणा की है। पार्टी के अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने कहा कि इस सरकार के खिलाफ तीन अगस्त को तमिलनाडु के तंजावुर में विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित होगा।

स्टालिन ने एक बयान में आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया गया था कि पांच एकड़ से कम भूमि रखने वाले किसानों के सहकारी बैंकों से लिए गए फसल ऋण पूरी तरह माफ किए जाएंगे और पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों के फसल ऋण का 50 प्रतिशत माफ किया जाएगा। सत्ता में आने के बाद सरकार ने शुरूआत में केवल 50 हजार रुपये तक के फसल ऋण माफ करने की घोषणा की। बाद में किसानों के आंदोलन और दबाव के बाद इस सीमा को बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया, लेकिन चुनावी वादों के अनुरूप किसानों को अब भी पूरी राहत नहीं मिली है।

स्टालिन ने यह भी आरोप लगाया कि मेकेदातु बांध मुद्दे पर तमिलनाडु सरकार ने उचित कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में सत्ता परिवर्तन के बाद कर्नाटक सरकार मेकेदातु बांध परियोजना को आगे बढ़ाने में गंभीरता दिखा रही है तथा कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रियों से मुलाकात कर परियोजना को मंजूरी और वित्तीय सहायता देने का अनुरोध किया है लेकिन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को केवल एक पत्र लिखकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान ली और उसके बाद इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली। दूसरी ओर कावेरी जल विनियमन समिति द्वारा तमिलनाडु के हिस्से का पानी छोड़ने का निर्देश के बावजूद कर्नाटक सरकार ने उसे मानने से इनकार कर दिया है। ऐसे में इस मुद्दे पर तमिलनाडु सरकार का रुख स्पष्ट नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न राजनीतिक दलों और किसान संगठनों द्वारा सर्वदलीय बैठक तथा किसान संगठनों की बैठक बुलाने की मांग किए जाने के बावजूद तमिलनाडु सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। एम.के. स्टालिन ने कुरुवई फसल पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष 6.5 लाख एकड़ में कुरुवई की खेती हुई थी, जबकि इस वर्ष मेट्टूर बांध नहीं खोले जाने के कारण केवल 1.5 लाख एकड़ में ही खेती हो रही है। इससे लगभग 2,500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है और 14 लाख किसानों की आजीविका प्रभावित हुई है। उन्होंने मांग की कि प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 25 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाए, फसल बीमा का प्रीमियम सरकार स्वयं भरे तथा सांबा फसल की खेती के लिए आवश्यक बीज, उर्वरक और कीटनाशक सब्सिडी पर उपलब्ध कराए जाएं।

स्टालिन ने कहा कि इन्हीं मांगों को लेकर तथा कावेरी अधिकारों की रक्षा करने में टीवीके सरकार की कार्यप्रणाली की निंदा करते हुए 3 अगस्त को सुबह 10 बजे तंजावुर के पनगल भवन के निकट डीएमके युवा विंग के सचिव एवं विधानसभा में विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन के नेतृत्व में एक विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

# कोयंबटूर विस्फोट मामले में ईडी की देश के 16 ठिकानों पर छापेमारी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वर्ष 2022 के कोयंबटूर बम विस्फोट मामले में आतंकी फंडिंग की जांच के सिलसिले में गुरुवार को चेन्नई, कोयंबटूर, हैदराबाद और मुंबई में 16 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। जांच में सामने आया कि विस्फोट के आरोपितों ने फर्जी कोविड-19 वैक्सीन प्रमाणपत्र घोटाले और कोवाई अरबी कॉलेज के नाम पर चंदा एवं फर्जी निवेश के जरिए धन जुटाकर आतंकी गतिविधियों को वित्तपोषित किया। जांच एजेंसी के अनुसार, वर्ष 2022 में कोयंबटूर के संगमेश्वरर मंदिर के निकट हुए आत्मघाती कार बम विस्फोट को जमेशा मुबीन और उसके साथियों ने अंजाम दिया था। यह हमला विस्फोटक पदार्थों से भरी संशोधित मारुति कार का इस्तेमाल कर प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से प्रेरित आतंकी हमले के रूप में किया गया था। ईडी की जांच में सामने आया है कि आरोपितों ने आतंकी गतिविधियों के लिए धन जुटाने के दो प्रमुख तरीके अपनाए। पहला, कोविड-19 महामारी के दौरान फर्जी वैक्सीन प्रमाणपत्र बनाने का गिरोह चलाया गया। दूसरा, कोवाई अरबी कॉलेज के नाम पर चंदा और फर्जी निवेश जुटाया गया। जांच के अनुसार, यह संस्थान युवाओं के कट्टरपंथीकरण में सक्रिय रूप से शामिल था। ईडी ने बताया कि बम विस्फोट मामले के 12 आरोपितों, जिनमें आत्मघाती हमलावर जमेशा मुबीन भी शामिल है, ने कोवाई अरबी कॉलेज में ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से अध्ययन किया था। जांच के अनुसार, कॉलेज के संचालक जमील बाशा ने इन युवकों का मार्गदर्शन किया, जिसके बाद वे सलाफी-जिहादी विचारधारा से प्रभावित हुए और आईएसआईएस के समर्थन में आतंकी हमले की साजिश रची।

## जंतर-मंतर पर प्रदर्शन पर रोक नहीं, सोशल मीडिया की अफवाह भ्रामक: दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन के लिए बंद किए जाने संबंधी सोशल मीडिया पर प्रसारित दावों को पूरी तरह से भ्रामक और तथ्यहीन बताते हुए स्पष्ट किया है कि जंतर-मंतर शांतिपूर्ण एवं विधिवत अनुमति प्राप्त प्रदर्शनों के लिए अधिकृत स्थल बना हुआ है। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को जारी स्पष्टीकरण में कहा कि सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैलाई जा रही है कि जंतर-मंतर को प्रदर्शनकारियों के लिए बंद कर दिया गया है या वहां ताला लगा दिया गया है। पुलिस ने इन दावों को पूरी तरह गलत, भ्रामक और तथ्यों से परे बताया। पुलिस के अनुसार उच्चतम न्यायालय के आदेश तथा उसके अनुपालन में जारी दिल्ली पुलिस की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत जंतर-मंतर पर एक समय में अधिकतम एक हजार लोगों को प्रदर्शन की अनुमति दी जा सकती है।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि प्रदर्शन की अनुमति संबंधित आयोजकों या व्यक्तियों द्वारा औपचारिक आवेदन किए जाने के बाद सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी से दी जाती है। इसके लिए निर्धारित नियमों एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे अपुष्ट या भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें और न ही उन्हें साझा करें। किसी भी जानकारी के लिए केवल आधिकारिक माध्यमों पर ही भरोसा करें।

# मप्र में किसानों का आंदोलन समाप्त, सरकार 60% तक खरीदेगी मूंग उपज

हरियाणा मेल, एजेंसी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार और किसान प्रतिनिधियों के बीच हुई वार्ता के बाद राज्य में चल रहा किसान आंदोलन समाप्त हो गया है। सरकार ने किसानों की प्रमुख मांग स्वीकार करते हुए प्रत्येक पात्र किसान से मूंग उपज का 60 प्रतिशत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने का निर्णय लिया है। पहले केवल 25 प्रतिशत उपज खरीदने का प्रावधान था।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। कृषि मंत्री एंदल सिंह कंषाना ने बताया कि यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नर्मदापुरम, सीहोर और हरदा जैसे जिलों में यह खरीद लगभग तीन क्विंटल प्रति एकड़ के बराबर होगी। सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 10 अगस्त तथा मूंग खरीद की अंतिम तिथि 20 अगस्त तक बढ़ा दी है।

बैठक के बाद किसान नेताओं ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। प्रशासन ने किसानों को बसों के माध्यम से उनके वाहनों तक पहुंचाया और देर रात तक आंदोलन पूरी तरह खत्म हो गया। अधिकांश मार्गों पर यातायात भी सामान्य कर दिया गया।

कृषि मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष मध्य प्रदेश को 4.52 लाख मीट्रिक टन ग्रीष्मकालीन मूंग खरीद का लक्ष्य दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

खाद वितरण में लागू ई-टोकन व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है। समिति की सिफारिशें आने तक ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दी गई है।

# पुलिस चेकपोस्ट पर हमले में डीएसपी समेत 11 पुलिसकर्मियों की मौत, 15 हमलावर मारे गए

हरियाणा मेल, एजेंसी



**हंगू।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के हंगू ज़िले में खजाना बांदा पुलिस चेकपोस्ट पर मंगलवार देर रात आतंकवादियों ने बड़ा हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन में एक डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (डीएसपी) दियार खान समेत 11 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। जबकि सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में 15 हमलावरों को मार गिराया गया।

पाकिस्तानी उर्दू टीवी चैनल दुनिया न्यूज के मुताबिक जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) मुजाहिद हुसैन ने बताया कि मुठभेड़ में 28 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। हमलावरों ने पुलिस की तीन गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया और एक वाहन अपने साथ ले गए। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान तेज कर दिया है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत हाल के महीनों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकी हमलों से प्रभावित रहा है। यह हमला टैंक ज़िले में कुछ दिन पहले हुए एक अन्य हमले के बाद हुआ है, जहाँ विस्फोटकों से लदे वाहन के जरिए सुरक्षा चेकपोस्ट को निशाना बनाया गया था। उस हमले में सैनिकों, पुलिसकर्मियों और सरकारी कर्मचारियों समेत 15 लोगों की मौत हुई थी, जबकि सेना ने 12 आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया था। हमले के बाद पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए कहा कि खैबर पख्तूनख्वा पुलिस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रिम पंक्ति में खड़ी है।

पाकिस्तान लंबे समय से खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बढ़ते आतंकी हमलों के लिए अफगानिस्तान से संचालित चरमपंथी समूहों को ज़िम्मेदार ठहराता रहा है, जबकि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इनकार करती रही है।


## आज का इतिहास

### इतिहास के पन्नों में 31 जुलाई

# जब महात्मा गांधी ने छोड़ा साबरमती आश्रम

**भारतीय** स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में 31 जुलाई का दिन विशेष महत्व रखता है। इसी दिन 1933 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम को छोड़ा था । यह वही आश्रम है, जहां से उन्होंने आजादी के आंदोलन को नई दिशा दी और सत्य, अहिंसा तथा स्वावलंबन के अपने विचारों को जन-जन तक पहुंचाया।

दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने के बाद महात्मा गांधी ने 1917 में साबरमती नदी के किनारे इस आश्रम की स्थापना की। यहां उन्होंने खेती, पशुपालन, चरखा, खादी और सामुदायिक जीवन जैसे अनेक प्रयोग किए। यह आश्रम केवल निवास स्थान नहीं, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन की रणनीति और



सामाजिक सुधारों का प्रमुख केंद्र बन गया।

साबरमती आश्रम से ही गांधीजी ने कई ऐतिहासिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। 1930 का प्रसिद्ध दांडी मार्च (नमक सत्याग्रह) भी यहीं से शुरू हुआ, जिसने ब्रिटिश शासन के खिलाफ देशव्यापी जनजागरण का स्वरूप ग्रहण किया। सत्याग्रह, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के विचारों को इसी आश्रम से व्यापक पहचान मिली। 31 जुलाई 1933 को गांधीजी ने साबरमती आश्रम छोड़ दिया।

उन्होंने संकल्प लिया था कि भारत को पूर्ण स्वतंत्रता मिलने से पहले वह आश्रम में वापस नहीं लौटेंगे। हालांकि वे फिर कभी वहां स्थायी रूप से नहीं रहे, लेकिन यह आश्रम आज भी उनके विचारों, संघर्ष और त्याग की अमूल्य विरासत को संजोए हुए है।

**जन्म**

1880- प्रेमचंद - प्रसिद्ध हिन्दी कहानीकार और उपन्यासकार।

1902 - के. शंकर पिल्लई - जिन्हें शंकर के नाम से जाता है, प्रसिद्ध भारतीय कार्टूनिस्ट थे।

1907 - दामोदर धमार्नंद कोसांबी - भारत के प्रसिद्ध विद्वान, भाषा-वैज्ञानिक और गणितज्ञ।

1916 - मोहन लाल सुखाड़िया - प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री।

**निधन**

1912 - ह्यूम, ए. ओ. - एक अवकाश प्राप्त अंग्रेज अधिकारी थे।

1940 - अमर बलिदानी ऊधम सिंह - भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे।

1941 - आशुतोष दास - स्वतंत्रता सेनानी और समाज सेवक।

2020 - आर. डी. प्रधान - पूर्व केंद्रीय गृह सचिव थे।

1980 - मोहम्मद रफी - भारतीय पार्श्वगायक।

## महत्वपूर्ण घटनाचक्र

1658 - औरंगजेब ने स्वयं को मुगल सम्राट घोषित किया।

1865 - ऑस्ट्रेलिया में दक्षिण पूर्व क्लीव्सलैंड ग्रैडचेस्टर शहर में विश्व की पहली छोटी रेल लाइन शुरू।

1924 - मद्रास प्रेसिडेंसी क्लब ने रेडियो प्रसारण संचालित करने का बीड़ा उठाया।

1933 - राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम छोड़ा।

1948 - भारत में कलकत्ता में पहली राज्य परिवहन सेवा की स्थापना।

1982 - सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।

1992 - नेपाल की राजधानी काठमांडू में थाइलैंड का विमान दुर्घटनाग्रस्त, 113 लोगों की मौत।

1993 - भारत के पहले तैरते हुए समुद्री संग्रहालय का कलकत्ता (अब कोलकाता) में उ द्घाटन।

1992 - जॉर्जिया राष्ट्र संयुक्त राष्ट्र में शामिल।

1998 - सार्क का दसवां शिखर सम्मेलन श्रीलंका की राजधानी कोलम्बो में सम्पन्न।

2003 - इजराइल और फिलिस्तीन के सुरक्षा मंत्रियों की बैठक येरूशलम में समाप्त।

2006 - फिदेल कास्त्रो ने अपने भाई को सत्ता सौंपी।

## आज प्रकाशित होगा फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारूप

हरियाणा मेल ब्यूरो

**गुरुग्राम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गुरुग्राम जिले में 31 जुलाई को फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम और अन्य विवरण जांचने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम प्रारूप सूची में शामिल नहीं है, वे निर्धारित अवधि में आवेदन देकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान फर्जी, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट चिह्नित मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची से अलग किए गए हैं। इन मतदाताओं की एएसडीडी सूची संबंधित बीएलओ, निर्वाचक पंजीयन अधिकारी कार्यालय और जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध रहेगी। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की।

# अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

- स्वच्छता, जलभराव एवं सीवरेज व्यवस्था का लिया जायजा
- फील्ड में पहुंचकर दिए त्वरित समाधान के निर्देश, स्वच्छ एवं व्यवस्थित गुरुग्राम के लिए निगरानी अभियान जारी

हरियाणा मेल ब्यूरो



**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था, जलभराव की समस्या एवं सीवरेज प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने अलग-अलग स्थानों का दौरा कर स्वच्छता व्यवस्था, गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट्स (जीवीपी), जलभराव संभावित स्थलों तथा सीवरेज व्यवस्था का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

संयुक्त आयुक्त सपना यादव ने बहरामपुर रोड स्थित जलभराव संभावित स्थल का निरीक्षण कर जल निकासी व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

वहीं अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. जयवीर यादव ने सरहौल गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट (जीवीपी) एवं सीवरेज ओवरफ्लो स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता टीम को निर्देश दिए कि क्षेत्र में नियमित सफाई एवं सीवरेज व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर का भी अवलोकन किया, जहां नगर निगम द्वारा वार्ड-2 की पार्षद ज्योत्सना यादव, विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यार्थियों के सहयोग से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया था। अधिकारियों ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं हरियाली की सराहना करते हुए इसे जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इसी क्रम में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. जयवीर यादव ने वार्ड-4 में निगम पार्षद प्रदीप पदम के साथ स्वच्छता समीक्षा बैठक भी की। बैठक में सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सफाई निरीक्षक भूपेंद्र, सहायक सफाई निरीक्षक अनुज तथा सभी स्वच्छता सुपरवाइजरों को वार्ड में नियमित निगरानी, समयबद्ध कचरा उठान एवं बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त निगमायुक्त कुशल कटारिया ने धनकोट स्थित श्याम चौक पर गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट (जीवीपी) का निरीक्षण कर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कूड़े के दोबारा डंपिंग पर प्रभावी रोक लगाई जाए, नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा क्षेत्र को स्थायी रूप से स्वच्छ बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम शहर की स्वच्छता, जल निकासी एवं नागरिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित फील्ड निरीक्षण के माध्यम से कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है। जहां भी किसी प्रकार की कमी या लापरवाही पाई जाएगी, वहां तत्काल सुधारात्मक एवं आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बकाया संपत्ति कर वसूली के लिए आठ बड़े डिफॉल्टरों को नोटिस जारी

- 31 अगस्त तक बकाया जमा नहीं करने पर संपत्तियां होंगी अटैच, सील एवं सार्वजनिक नीलामी की कार्रवाई

हरियाणा मेल, एजेंसी




**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम ने संपत्ति कर बकायेदारों के विरुद्ध कार्रवाई तेज करते हुए आठ बड़े डिफॉल्टरों को हरियाणा नगर निगम अधिनियम के तहत प्रथम नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समय सीमा तक बकाया संपत्ति कर जमा नहीं कराया गया, तो संबंधित संपत्तियों को अटैच, सील तथा सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बकाया राशि की वसूली की जाएगी।

नगर निगम के जोन आठ क्षेत्र के जोनल टैक्सेशन ऑफिसर पंकज कुमार, कृष्ण, दीपक व कमल की टीम द्वारा जारी इन नोटिसों में संबंधित संपत्ति मालिकों को 31 अगस्त 2026 तक संपूर्ण बकाया राशि जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में यह भी कहा गया है कि यदि संपत्ति से संबंधित कोई न्यायालयीन मामला अथवा स्थगन आदेश (स्टे) लंबित है, तो उसकी जानकारी तत्काल नगर निगम को उपलब्ध कराई जाए। जारी नोटिसों में विभिन्न व्यावसायिक एवं निजी संपत्तियों के स्वामियों को करोड़ों रुपये के बकाया संपत्ति कर के भुगतान के लिए अंतिम अवसर दिया गया है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के बाद बकाया कर की वसूली के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा संपत्ति कर वसूली अभियान लगातार चलाया जा रहा है। निगम का उद्देश्य कर संग्रहण को बढ़ाकर शहर में सडक, सीवरेज, जल निकासी, स्वच्छता तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान करना है। नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम नागरिकों से समय पर संपत्ति कर जमा करने की अपील करता है। संपत्ति कर से प्राप्त राजस्व का उपयोग शहर के विकास एवं बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में किया जाता है। बकाया संपत्ति कर का भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर कर दें, अन्यथा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संपत्ति अटैच, सील एवं नीलाम करने सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें फटाफट

### गांजा सप्लाई करने पहुंचा तस्कर एनसीबी के हत्थे चढ़ा

**गुरुग्राम।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की गुरुग्राम यूनिट ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1 किलो 600 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उससे पूछताछ की जा रही है। ब्यूरो प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार के दिशा-निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा के नेतृत्व में प्रदेशभर में नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुरुग्राम यूनिट को यह सफलता मिली। यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन साहरण ने बताया कि उप निरीक्षक संदीप कुमार अपनी टीम के साथ सेक्टर-17 स्थित मोंजोसा कंपनी के पास गश्त पर थे। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि जैन पैक्ट वाली गली में एक व्यक्ति किसी को गांजा देने के लिए खड़ा है। सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत मौके पर छापा मारा और संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर लिया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 1 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ऋषभ यादव निवासी गांव अतरौलिया, जिला आजमगढ़, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। वह फिलहाल गुरुग्राम के सेक्टर-18 स्थित सरहौल क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है।

### फूल विक्रेता की डंडे से पीटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन के पास फूलों की दुकान चलाने वाले 38 वर्षीय व्यक्ति की सिर पर डंडे से वार कर हत्या करने के मामले में डीएलएफ फेज-1 थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किया गया लकड़ी का डंडा भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार 29 जुलाई को सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन के निकट स्थित खुशी फ्लोरिस्ट नामक दुकान के अंदर एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति खून से लथपथ हालत में मृत मिला। उसके सिर और हाथ पर चोटों के निशान थे। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर सीन ऑफ क्राइम, फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ, डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। टीमों ने घटनास्थल और शव का निरीक्षण कर वारदात में इस्तेमाल लकड़ी के डंडे समेत अन्य साक्ष्य कब्जे में लिए। शव को पोस्टमार्टम के लिए गुरुग्राम मोर्चरी भेजा गया। मृतक की पहचान संजय निवासी पूर्वी चंपारण, बिहार के रूप में हुई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि संजय का रात के समय किसी व्यक्ति से झगड़ा हुआ था। इसी दौरान सिर पर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। शिकायत के आधार पर डीएलएफ फेज-1 थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 30 जुलाई को आरोपी राजीव दास निवासी मधुबनी, बिहार को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया।

### विशेष अभियान में 114 पुराने वाहन इंपाउंड

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम यातायात पुलिस ने वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और सरकारी निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए एंड ऑफ लाइफ वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए 114 वाहनों को इंपाउंड किया है। पुलिस के अनुसार बीएस-3 और उससे नीचे श्रेणी के वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन सड़कों पर चलाने की अनुमति नहीं है। वाहन चालकों को सुरक्षा रथ और जागरूकता अभियानों के माध्यम से लगातार नियमों की जानकारी दी जा रही है। यातायात पुलिस ने 16 से 29 जुलाई तक शहर के विभिन्न स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान निर्धारित मानकों का उल्लंघन करते पाए गए 114 वाहनों को इंपाउंड किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों से सरकारी मानकों और यातायात नियमों का पालन करने तथा पुराने वाहनों का प्रयोग न करने की अपील की है।

### इम्पीरिया एस्फेरा की लिफ्ट में फंसा दंपति, 18 मिनट अटकी रहीं सांसें

**गुरुग्राम।** सेक्टर-37सी स्थित इम्पीरिया एस्फेरा सोसाइटी के सी टावर की लिफ्ट में एक दंपती करीब 18 मिनट तक फंसा रहा। लिफ्ट झटके के साथ बेसमेंट में जाकर दो मंजिलों के बीच अटक गई। काफी देर तक सहायता नहीं मिलने से महिला की हालत बिगड़ने लगी। बाद में सुरक्षा कर्मियों ने लिफ्ट का दरवाजा खोलकर दोनों को बाहर निकाला। घटना 28 जुलाई की सुबह करीब सात बजकर 20 मिनट की है। सी टावर की 23वीं मंजिल पर रहने वाले नवीन सेमसन परमार अपनी पत्नी जेनोबिया परमार के साथ लिफ्ट में सवार हुए थे।

# पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार नहीं, पूरे समाज की जिम्मेदारी: कृष्ण लाल पवार

- 77वां जिला स्तरीय वन महोत्सव जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी सोहना में मनाया
- गुरुग्राम में तीन लाख पौधारोपण का लक्ष्य

हरियाणा मेल/नवीन कुमार



**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार के हरित हरियाणा-स्वच्छ हरियाणा संकल्प को साकार करने की दिशा में गुरुवार को जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी, सोहना में 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खान एवं भू-विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए पौधारोपण किया और प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। जिला स्तरीय वन महोत्सव का उद्देश्य केवल पौधारोपण करना नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि विकसित हरियाणा और विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब प्रत्येक गांव और शहर हरित, स्वच्छ तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमें शुद्ध वायु, जल और जीवन प्रदान करती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है कि वह पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाया जा रहा एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे देश में जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों और युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं।

# दक्षिण हरियाणा में बने हाईकोर्ट की सर्किट बेंच, राज्यसभा में उठा मुद्दा

- संजय भाटिया बोले गुरुग्राम में सर्किट बेंच की स्थापना से न्याय होगा सुलभ

हरियाणा मेल ब्यूरो

**गुरुग्राम।** हरियाणा के राज्य सभा सांसद संजय भाटिया ने गुरुवार को राज्य सभा में गुरुग्राम में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की सर्किट बेंच स्थापित किए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि यह केवल न्यायिक सुविधा का विषय नहीं है, बल्कि सबके लिए सुलभ न्याय, न्यायिक विकेंद्रीकरण, निवेश प्रोत्साहन और इज ऑफ डुइंग बिजनेस से जुड़ा राष्ट्रीय महत्व का विषय है, जिस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

संजय भाटिया ने कहा कि वर्तमान में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट केवल चंडीगढ़ में स्थित होने के कारण गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह, पलवल, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ तथा दक्षिण हरियाणा के अन्य जिलों के लाखों वादकारियों, अधिवक्ताओं, उद्योगों, एमएसएमई और कॉरपोरेट संस्थानों को प्रत्येक मामले में चंडीगढ़ जाना पड़ता है। इससे मुकदमेबाजी की लागत बढ़ती है, समय की हानि होती है तथा न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया अधिक जटिल बन जाती है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम आज देश की आर्थिक प्रगति का प्रमुख केंद्र बन चुका है। आईटी, कॉरपोरेट, वित्तीय सेवाओं, स्टार्टअप, विनिर्माण और औद्योगिक गतिविधियों का बड़ा हिस्सा यहां केंद्रित है। ऐसे में वाणिज्यिक विवाद, मध्यस्थता, श्रम संबंधी प्रकरण, भूमि अधिग्रहण, कर विवाद, दिवालियापन तथा संवैधानिक मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इन परिस्थितियों में गुरुग्राम में हाईकोर्ट की सर्किट बेंच स्थापित करना समय की मांग है।

संजय भाटिया ने सदन का ध्यान इस ओर भी आकर्षित कराया कि हाल ही में गुरुग्राम में अत्याधुनिक 'टॉवर ऑफ जस्टिस' का उद्घाटन किया गया है, जहां आधुनिक न्यायिक अवसंरचना, डिजिटल कोर्टरूम और ई-कोर्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह परिसर हाईकोर्ट की सर्किट बेंच के संचालन के लिए उपयुक्त आधार प्रदान करता है। सांसद ने संविधान के अनुच्छेद 39 का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को समान एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराना राज्य का संवैधानिक दायित्व है। वहीं अनुच्छेद 21 के तहत त्वरित न्याय को भी जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का अभिन्न अंग माना गया है। इसलिए न्यायिक संस्थाओं का विकेंद्रीकरण केवल प्रशासनिक आवश्यकता नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व भी है।

# ट्रंक मार्केट में प्रतिबंधित सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग पर 40 चालान

हरियाणा मेल, एजेंसी



**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक-मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत गुरुवार को ट्रंक मार्केट क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर डस्टबिन उपलब्ध न होने तथा प्रतिबंधित सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग के मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 40 चालान जारी किए गए और 32,500 रुपए का जुमार्ना लगाया गया।

यह कार्रवाई संयुक्त आयुक्त-6 डॉ. प्रीतपाल सिंह के निर्देशानुसार सफाई निरीक्षक एवं सहायक सफाई निरीक्षक की टीम द्वारा जोन-6 में की गई। अभियान के दौरान टीम ने बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर उन दुकानदारों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई की, जिन्होंने नगर निगम के स्वच्छता एवं प्लास्टिक प्रतिबंध संबंधी नियमों का उल्लंघन किया। अधिकारियों ने व्यापारियों एवं दुकानदारों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रतिष्ठान पर डस्टबिन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें तथा प्रतिबंधित सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करें। साथ ही उन्हें स्वच्छता नियमों का पालन करने के लिए भी जागरुक किया गया।

नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक-मुक्त बनाने के लिए निरंतर अभियान चला रहा है। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। सभी नागरिकों, व्यापारियों एवं प्रतिष्ठान संचालकों से अपील है कि वे अपने परिसर में डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित करें, प्रतिबंधित सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें।

# वाराणसी से प्रारंभ हुई संत शिरोमणि गुरु रविदास की पवित्र कलश यात्रा का गुरुग्राम में भव्य स्वागत

- कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, कृष्ण कुमार बेदी, विधायक तेजपाल तंवर, विधायक मुकेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पवित्र कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

हरियाणा मेल, एजेंसी



**गुरुग्राम।** गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती को जन-जन का उत्सव बनाने के उद्देश्य से निकाली जा रही पवित्र कलश यात्रा के गुरुग्राम आगमन पर यात्रा का श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ स्वागत किया गया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता के नेतृत्व में सर्वसमाज का प्रतिनिधिमंडल वाराणसी से पवित्र कलश एवं गुरु रविदास जी की जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी लेकर गुरुग्राम पहुंचा। इस अवसर पर हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खान एवं भू-विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, पूर्व मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा, भाजपा गुरुग्राम जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, गुरुग्राम महानगर जिला अध्यक्ष अजीत यादव, पूर्व मेयर मधु आजाद, पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल, भाजपा जिला प्रभारी संदीप जोशी, जिला मीडिया प्रभारी हितेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा श्रद्धालुओं ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### यात्रा मार्ग पर पवित्र कलश यात्रा का हुआ स्वागत

गुरुग्राम पहुंचने के बाद पवित्र कलश यात्रा का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। एंबिएंस मॉल से प्रारंभ होकर यात्रा शंकर चौक, सिग्नेचर टावर, राजीव चौक, सोहना चौक, प्रेम मंदिर, न्यू कॉलोनी मोड़, सेक्टर-4-7 होते हुए शीतला माता मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का अभिनंदन किया तथा गुरु रविदास के जयघोष के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाली चोरियों पर लगेगी रोक, सुरक्षा के लिए टीम का गठन

हरियाणा मेल ब्यूरो

**सोहना।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की और से राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए के फेश टू का संचालन एवं अनुरक्षण कर रही कंसेशनेयर एजेंसी ने सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा एवं चोरी की घटनाओं की रोकथाम टीम बनाई है।

इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर भोंडसी से सोहना के बीच कंसेशनेयर एजेंसी की टीम हर दिन निगरानी करेगी। निगरानी के दौरान कबाड़ा खरीद्दारों को सरकारी संपत्ति को न खरीदने की हिदायतें दी जा रही है। गुरुग्राम से अलवर जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए पर भोंडसी से सोहना के बीच करीब 12 किलोमीटर की दूरी में सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा एवं चोरी की घटनाओं की रोकथाम की जिम्मेदारी कंसेशनेयर एजेंसी ने ली है। एजेंसी ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशेष जागरूकता एवं निगरानी अभियान चलाया गया।

# मिलेनियम सिटी सेंटर पर बनेगा सिक्स-लेन अंडरपास



- 55 .46 करोड़ रुपये की लागत से 18 महीने में पूरा होगा प्रोजेक्ट, एसपीआर से बेहतर होगा संपर्क

हरियाणा मेल ब्यूरो

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के पास सिक्स-लेन दोतरफा अंडरपास बनाने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। करीब 55.46 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह अंडरपास सेक्टर-27, 29, 43 और 44 के चौराहे पर यातायात का दबाव कम करेगा। प्रोजेक्ट को 18 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीसी मीणा ने बताया कि करीब 1.35 किलोमीटर लंबे इस अंडरपास को इस तरह डिजाइन किया गया है कि लंबी दूरी के वाहनों और स्थानीय ट्रैफिक को अलग-अलग रास्ता मिल सके। अंडरपास में प्रत्येक दिशा में तीन-तीन लेन होंगी। इसके साथ ही सतह पर भी समानांतर सिक्स-लेन सड़क बनाई जाएगी, जिससे स्थानीय वाहन बिना किसी रुकावट के आवागमन कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि अंडरपास के निर्माण से मिलेनियम सिटी सेंटर चौराहे पर लगने वाले जाम में कमी आएगी और साउदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) से संपर्क भी मजबूत होगा। इससे कॉरिडोर की यातायात क्षमता बढ़ेगी और वाहन चालकों के सफर का समय कम होगा।

प्रोजेक्ट को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। कॉरिडोर पर दो वर्षा जल संचयन ढांचे बनाए जाएंगे, जिनसे बारिश के पानी की निकासी बेहतर होगी और भूजल स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी। अंडरपास में बिजली की जरूरत पूरी करने के लिए सोलर पैनल भी लगाए जाएंगे।

### सीवेज प्रबंधन में गुरुग्राम की बड़ी छलांग, 773 एमएलडी क्षमता के साथ भविष्य के लिए तैयार होगा गुरुग्राम

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) शहर की सीवेज शोधन क्षमता में 340 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) की बढ़ोतरी करेगा। इसके तहत दो नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएंगे, जबकि बेहरामपुर और धनवापुर में संचालित दो मौजूदा एसटीपी की क्षमता बढ़ाई जाएगी। सभी परियोजनाएं पूरी होने के बाद गुरुग्राम की कुल सीवेज शोधन क्षमता 433 एमएलडी से बढ़कर 773 एमएलडी हो जाएगी। जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पी. सी. मीणा ने हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित यमुना एक्शन प्लान की समीक्षा बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 140 एमएलडी क्षमता वाले दो नए एसटीपी के निर्माण के लिए टेंडर खोल दिए गए हैं। इनमें 40 एमएलडी क्षमता का एसटीपी नौरंगपुर में स्थापित किया जाएगा। इससे सेक्टर-77 से 80 तक के क्षेत्रों की सीवेज शोधन जरूरतें पूरी होंगी। वहीं सेक्टर-107 में 100 एमएलडी क्षमता का नया एसटीपी बनाया जाएगा, जिससे सेक्टर-81 से 115 तक के क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। मीणा ने बताया कि अगले 15 दिनों में बेहरामपुर और धनवापुर स्थित मौजूदा एसटीपी की क्षमता बढ़ाने के लिए भी टेंडर जारी किए जाएंगे। दोनों संयंत्रों की क्षमता में 100-100 एमएलडी की वृद्धि की जाएगी। वर्तमान में बेहरामपुर एसटीपी की क्षमता 170 एमएलडी और धनवापुर एसटीपी की क्षमता 218 एमएलडी है।

# बीपीटीपी एमेस्टोरिया में फिर गिरा प्लास्टर, निवासियों में दहशत

- संरचनात्मक जांच शुरू नहीं कराने पर बिल्डर और मेंटेनेंस एजेंसी के खिलाफ नाराजगी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**गुरुग्राम।** सेक्टर-102 स्थित बीपीटीपी एमेस्टोरिया सोसाइटी में एक बार फिर बालकनी का प्लास्टर गिरने से निवासियों में दहशत फैल गई। बुधवार देर रात ए-ब्लॉक के मकान नंबर 97 की पहली मंजिल की बालकनी से अचानक प्लास्टर गिर गया। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। गनीमत रही कि घटना के समय नीचे कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

सोसाइटी की आरडब्ल्यूए उपप्रधान मोनिका ने गुरुवार सुबह नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के जिला नगर योजनाकार प्रवर्तन को शिकायत दी। उन्होंने आरोप लगाया कि नौ जुलाई को डीटीपीई अमित मधोलिया ने सोसाइटी का निरीक्षण कर बिल्डर को सभी बालकनियों की संरचनात्मक जांच और मरम्मत कराने के निर्देश दिए थे। करीब 20 दिन बीतने के बावजूद जांच शुरू नहीं की गई। निवासियों के अनुसार सोसाइटी में पहले भी प्लास्टर और छज्जे गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं। गत 29 जून को दूसरी मंजिल की बालकनी से प्लास्टर गिरने पर सात वर्षीय बच्चा घायल हो गया था। उसके सिर में कई टांके आए थे। इससे पहले डी-ब्लॉक में भी बालकनी का प्लास्टर गिर चुका है। निवासियों ने निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए शीघ्र संरचनात्मक जांच की मांग की है। डीटीपीई अमित मधोलिया ने कहा कि बिल्डर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा।

# रजिस्ट्री फीड करने के नाम पर लोगों को लूट रहे हैं डीड राइटर्स

## दर्जनों रजिस्ट्री होती है रोजाना, 4 से 5 हजार रुपये लेते हैं डीड राइटर्स

**सुरेन्द्र इंदौरा, हरियाणा मेल**



**रेवाड़ी।** तहसील परिसर में बैठने वाले वसीका नवीसों की मनमानी रजिस्ट्री कराने के लिए आने वाले लोगों की जेब पर भारी पड़ रही है। वसीका नवीस रजिस्ट्री डॉक्यूमेंट फीड करने के नाम पर लोगों की जेब पर डाका डाल रहे हैं। इन्होंने अपने काउंटर पर कोई रेट लिस्ट बोर्ड नहीं लगाया है, ये लोगों से एक डाक्यूमेंट फीड करने के 4 से 5 हजार रुपये तक ले रहे हैं। लोग यह सोचकर इनकी मनमानी का शिकार हो रहे हैं, कि यह काम केवल इनके द्वारा ही किया जाना है। इधर नायब तहसीलदार ने बताया कि ऐसे वसीका नवीसों पर जल्द ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार तहसील परिसर में रजिस्ट्री डॉक्यूमेंट फीड करने का काम करने वाले दर्जनों वसीका नवीस बैठे हैं। तहसील में रोजाना 25 से 50 डॉक्यूमेंट फीड होते हैं। तहसील में कुछ ऐसे डीड राइटर्स है, जिनके पास डाक्यूमेंट्स फीड कराने वालों की भीड़ लगी रहती है। नियमानुसार सभी डीड राइटर्स के काउंटर पर डीड राइटिंग की फीस का बोर्ड लगा होना चाहिए, ताकि लोगों को इसकी निर्धारित फीस की जानकारी हो, लेकिन ऐसा नहीं है। किसी के भी यहां सूची लगी हुई नहीं है। डीड राइटर्स लोगों से डीड फीड करने की मनमानी फीस वसूलते हैं, जो पूरी तरह गलत है। सूत्रों की मानें तो लोगों से एक डाक्यूमेंट् फीड करने के 4 से 5 हजार रुपये वसूल करते हैं। सूत्रों का यह भी कहना है इतना ही नहीं डीड राइटर्स अन्य तरह के चार्ज के नाम पर भी अतिरिक्त राशि वसूलते हैं।

लोग जानते हैं कि डीड राइटर्स उनसे अधिक पैसा ले रहे हैं, लेकिन फिर भी वे खामोश रहकर उनकी बात इसलिए मान लेते हैं कि उनके अलावा यह काम कोई दूसरा नहीं कर सकता। हालांकि पेपरलेस रजिस्ट्री में लोग अपने डाक्यूमेंट्स स्वयं भी फीड कर सकते हैं, जिसकी इजाजत सरकार भी देती है, लेकिन हर व्यक्ति इस तकनीक से वाकिफ नहीं है।

इसी का लाभ उठाते हुए डीड राइटर्स लोगों की जेब पर डाका डाल रहे हैं। तहसील अधिकारी डीड राइटर्स की इस मनमानी से पूरी तरह वाकिफ है, लेकिन जनहित में कोई कदम उठाने को तैयार नहीं है।

### क्या कहते हैं तहसील अधिकारी

तहसील अधिकारी ने बताया कि उनके संज्ञान में यह मामला आया है। जल्द ही नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें फीस का बोर्ड लगाने के निर्देश दिए जाएंगे।

# एसडीएम के तबादले पर वकीलों ने बांटे लड्डू, हड़ताल समाप्त

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी के एसडीएम सुरेश कुमार के तबादले के बाद जिला बार एसोसिएशन के वकीलों ने गुरुवार को बार रूम में लड्डू बांटकर खुशी जताई और 20 जुलाई से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त करने की घोषणा कर दी। वकील पिछले 10 दिनों से एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर आंदोलनरत थे। सरकार ने बुधवार शाम तबादला आदेश जारी करते हुए नूंह के नगर आयुक्त दलबीर सिंह को रेवाड़ी का नया एसडीएम नियुक्त किया है।

हालांकि उन्होंने अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। बार एसोसिएशन के वकील 20 जुलाई से न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर हड़ताल पर थे। इस दौरान न्यायिक परिसर में लगातार धरना-प्रदर्शन किया गया। वकीलों का आरोप था कि एसडीएम सुरेश कुमार मनमाने तरीके से फैसले लेते थे व अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करते थे। इसी को लेकर उनके तबादले की मांग लगातार उठाई जा रही थी। इस विवाद की शुरुआत 16 अप्रैल को हुई थी, जब वकीलों ने एसडीएम कोर्ट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया।

उसी दिन सांकेतिक धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी भेजा गया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने एसडीएम की अदालत में पेश होना बंद कर दिया। मांग पूरी नहीं होने पर 20 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की गई। आंदोलन के दौरान 28 जुलाई को वकीलों ने प्रदर्शन करते हुए सचिवालय का गेट खोलकर परिसर में प्रवेश किया और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

# आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपने दायित्व को याद करने का पर्व है वन महोत्सव: नागर

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**कैथल।** प्रकृति संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए जिले में 77वें वन महोत्सव के तहत गुरुवार को गांव पाई में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति आस्था, पर्यावरण संरक्षण के संकल्प और आने वाली पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर है। कार्यक्रम के दौरान करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय वन महोत्सव का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।



अपने संबोधन में मंत्री राजेश नागर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान, वायु प्रदूषण और जल संकट जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने इस मानसून सीजन में 1.40 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है, जिसमें वन विभाग के साथ अन्य विभागों और आम लोगों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पौधा लगाकर केवल औपचारिकता पूरी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी देखभाल कर उसे बड़ा वृक्ष बनाना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने हरियाणा सरकार की प्राण वायु देवता पेंशन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि 75 वर्ष से अधिक आयु के पेड़ों के संरक्षण के लिए प्रोत्साहन राशि देने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है।

कार्यक्रम में मौजूद पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित पर्यावरण की सबसे बड़ी सौगात है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 से अब तक पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में एक लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने लोगों से बच्चे के जन्म, जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और अन्य शुभ अवसरों पर कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लेने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले गांव किच्छाना निवासी बुजुर्ग राजपाल को मंत्री राजेश नागर ने एक लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## खबरें फटाफट

### सड़क हादसे में कंपनी कर्मी की मौत




**रेवाड़ी।** जिले के माजरा-चिताडूंगरा रोड पर बुधवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई घायल हो गया। दोनों भाई कंपनी में ड्यूटी पूरी करने के बाद बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। हादसे के बाद राहगीरों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान छोटे भाई ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव चिताडूंगरा निवासी 30 वर्षीय योगेश और उसका बड़ा भाई 35 वर्षीय जोनी एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। बुधवार रात ड्यूटी समाप्त होने के बाद दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। जब वे माढण गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और दोनों घायलों को रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान योगेश ने दम तोड़ दिया, जबकि जोनी का इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर कुंड चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों को भी हादसे की सूचना दे दी गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर वाहन एवं चालक की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए अफीम सप्लायर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक मामले में 21 किलो 580 ग्राम अफीम बरामदगी के केस में सप्लायर को गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरे मामले में 269 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) और 125 ग्राम अफीम बरामदगी के मामले में एक सहआरोपी को काबू किया गया। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एसआई जय भगवान की टीम ने 21 किलो 580 ग्राम अफीम बरामदगी मामले में बिहार के जिला सुपौल के गांव सरायगढ़ निवासी पप्पू कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले से ही किसी अन्य मामले में कैथल जेल में बंद था। उसकी गिरफ्तारी के लिए अदालत से प्रोडक्शन वारंट जारी करवाए गए, जिसके बाद उसे इस मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। अदालत के आदेश पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि 28 जून को एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव चंदाना बाईपास पर नाकाबंदी के दौरान एक एक्सेंट कार से गाजियाबाद (यूपी) के गांव रहिशपुर निवासी कपिल कुमार को गिरफ्तार किया था। उसकी कार की डिग्गी से 21 किलो 580 ग्राम अफीम बरामद हुई थी। जांच के दौरान पप्पू कुमार का नाम सप्लायर के रूप में सामने आया था। इसी तरह दूसरे मामले में सीआईए कलायत की टीम ने 269 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) और 125 ग्राम अफीम बरामदगी के मामले में सहआरोपी वंश गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 27 जुलाई को गुप्त सूचना के आधार पर अम्बाला रोड और खुराना रोड के बीच बाईपास पर नाकाबंदी कर पट्टी अफगान निवासी अनिल कुमार को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया था। उसके कब्जे से 269 ग्राम हेरोइन और 125 ग्राम अफीम बरामद हुई थी।

# ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा तीन अगस्त को, सुरक्षा में तैनात रहेंगे 800 पुलिसकर्मी

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**नूंह।** नूंह में आगामी 3 अगस्त को प्रस्तावित ब्रजमंडल जलाभिषेक शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसी क्रम में गुरुवार को लघु सचिवालय में उपायुक्त अखिल पिलानी और पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, यात्रा मार्ग से जुड़े ग्राम सरपंचों, मंदिर समितियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी पक्षों ने यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का भरोसा दिलाया। उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। यात्रा मार्ग पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू रहेंगे। बिना अनुमति लाउडस्पीकर, डीजे, ड्रोन उड़ाने तथा हथियार लेकर चलने पर पूरी तरह रोक रहेगी। इसके अलावा यात्रा मार्ग और प्रमुख मंदिरों की निगरानी के लिए ड्रोन एवं विशेष निगरानी दल भी तैनात किए जाएंगे।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह हाई अलर्ट पर है। यात्रा के लिए सात अतिरिक्त पुलिस कंपनियां तैनात की जा रही हैं। इसके अलावा जिले के लगभग 800 पुलिसकर्मी, 10 से अधिक डीएसपी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी यात्रा मार्ग, मंदिरों और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। उन्होंने बताया कि पूरी यात्रा की 40 स्थानों पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी, जबकि सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 600 कट्टे सब्सिडी वाली यूरिया सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**कैथल।** कैथल में सब्सिडी वाले यूरिया की बड़े स्तर पर कथित तस्करी का मामला सामने आया है। सीवन थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक से 600 कट्टे कृषि योग्य सब्सिडी वाली यूरिया खाद बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी खाद के परिवहन से संबंधित कोई वैध बिल या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। कृषि विभाग की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पंजाब के समाना निवासी जोगा सिंह और यमुनानगर निवासी आसिफ अली के रूप में हुई है। पुलिस ने जिस ट्रक को कब्जे में लिया है, वह पंजाब नंबर का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सीवन थाना पुलिस गांव गोहरा के पास नियमित वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली। जांच के दौरान ट्रक में इफको कंपनी की 600 बोरियां यूरिया खाद मिली। पुलिस ने तुरंत कृषि विभाग को सूचना दी, जिसके बाद गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक भूपेंद्र सिंह और उपमंडल कृषि अधिकारी सतीश कुमार मौके पर पहुंचे।

# मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का पहला चरण पूरा

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**रेवाड़ी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं दिशा-निर्देशों अनुरूप विशेष पुनरीक्षण का पहला चरण पूर्ण कर लिया गया है। वह लघु सचिवालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे।

बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के प्रारंभिक प्रकाशन, कार्यक्रम एवं प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी भी दी गई। डीसी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई 2026 को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा तथा 31 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, जबकि उनका निस्तारण 28 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 3 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों एवं प्रकाशन केंद्रों पर किया जाएगा। जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का सत्यापन बीएलओ द्वारा किया जा चुका है, केवल उन्हीं के नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल होंगे।

डीसी अभिषेक मीणा ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे भी इस प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दें तथा पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने और त्रुटियों के समयबद्ध निराकरण में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि जिले की मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं अद्यतन तैयार की जा सके।

# मिक्सर चालक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने निष्पक्ष जांच मांगी

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**सोनीपत।** सोनीपत में मिक्सर प्लांट की गाड़ी चलाने वाले 26 वर्षीय चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस प्रारम्भिक तौर पर इसे सड़क हादसा मानकर जांच कर रही है, जबकि परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

मृतक के ममेरे भाई प्रदीप ने बताया कि अजय कुमार यूनिटेक कंपनी में रोड़ी-डस्ट मिक्सर की गाड़ी चलाता था। घटना वाले दिन उसने घर पर फोन कर बताया था कि वह खाना खाने जा रहा है। इसके बाद परिवार का उससे कोई संपर्क नहीं हो सका। अजय कुमार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के एटा जिले के काजीपुर, बदरपुर गांव का निवासी था। वह पिछले लगभग तीन वर्ष से सोनीपत में नौकरी कर रहा था और यहां अकेला रहता था। उसकी पत्नी, दो बेटे और एक बेटी उत्तर प्रदेश में रहते हैं। परिजनों के अनुसार कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति खुद को अजय का भाई बताकर उसे अपने साथ ले गया। परिवार का कहना है कि सोनीपत में अजय का कोई भाई नहीं रहता था।

# सफाई कर्मचारियों के वेतन की होगी जांच

## लापरवाही पर एजेंसी होगी ब्लैकलिस्ट

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**कैथल।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य एवं अधिवक्ता संजीव घारू ने कहा कि यदि सफाई कर्मचारियों को नियमानुसार वेतन नहीं दिया जा रहा है या उनके साथ किसी प्रकार की लापरवाही बरती जा रही है तो इसकी जांच कर दोषी एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच में लापरवाही मिलने पर संबंधित एजेंसी को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। गुरुवार को आयोग के सदस्य संजीव घारू और सदस्य रेखा रानी ने कैथल का दौरा कर डंपिंग यार्ड, नगर परिषद और नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया।



डंपिंग यार्ड में सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण और आवश्यक सुविधाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं मिलने पर आयोग ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान आयोग के सदस्यों ने सफाई कर्मचारी अमन, सूरजभान, वेद प्रकाश, गंगाराम, संतरो, प्रमोद और बलिंद्र से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही कचरा पृथक्करण कार्य और वहां की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की।

# रिश्वत लेते पशु चिकित्सक गिरफ्तार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**कैथल।** कैथल में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने रिश्वतखोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वेटरनरी डॉक्टर (वीएलडीए) को 28 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की तैनाती पट्टी अफगान क्षेत्र में बताई जा रही है। एसीबी इंस्पेक्टर सूबे सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

गांव सोंगरी निवासी राममेहर ने एसीबी को शिकायत दी थी कि उसकी कैथल के प्रताप गेट स्थित डेयरी के लिए भैंसों पर बैंक लोन की फाइल लगी हुई है। लोन स्वीकृत कराने के लिए पशुओं के स्वस्थ और जीवित होने का प्रमाणपत्र जरूरी था, जिस पर संबंधित वीएलडीए की मोहर और सत्यापन होना आवश्यक था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी वीएलडीए अंकुर ने फाइल सत्यापित करने के बदले पहले 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। बाद में सौदा 28 हजार रुपये में तय हुआ। आरोपी लगातार फोन कर शिकायतकर्ता पर पैसे देने का दबाव बना रहा था और कह रहा था कि रिश्वत मिलने के बाद ही फाइल आगे बढ़ाई जाएगी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन कर ट्रैप की योजना बनाई। गुरुवार दोपहर बाद आरोपी ने शिकायतकर्ता को कैथल के विश्वकर्मा चौक स्थित सत्संग भवन के पास बुलाया। जैसे ही शिकायतकर्ता ने 28 हजार रुपये आरोपी को दिए, पहले से तैनात एसीबी टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से रिश्वत की पूरी राशि बरामद कर ली गई। इसके बाद एसीबी की टीम आरोपी को अपने कार्यालय ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

एसीबी अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि रिश्वत लेने के इस मामले में आरोपी अकेला था या किसी अन्य कर्मचारी अथवा अधिकारी की भी भूमिका रही है।

# कल्याणकारी योजना से कोई पात्र ना रहे वंचित

## डीसी मीणा ने समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

**हरियाणा मेल ब्यूरो**




**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र वंचित न रहे,इसके लिए संबंधित विभागाध्यक्ष आमजन को योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। वह गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनते हुए बोल रहे थे।

डीसी ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए।

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। समाधान शिविर में रामगढ़ से चित्रपुरी जाने वाले रास्ते पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत पर डीसी ने पंचायत विभाग के अधिकारियों को जांच करते हुए कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। शहर के सेक्टर-18 में अतिक्रमण की शिकायत पर डीसी ने एचएसवीपी के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। गांव मुंडिया खेड़ा में खेत में गांव का दूषित पानी आने की शिकायत पर डीसी ने पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव के गंदे पानी का उचित प्रबंध करे। इसके अलावा समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, और अन्य सरकारी योजनाओं तथा बिजली, पानी, सीवरेज व पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि जिले में समाधान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है।

आमजन की शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व गुरुवार कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। शिविर में एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा, एडीसी राहुल मोदी, सीटीएम जितेन्द्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

# सावधान ! मोबाइल गुम होने पर लापरवाही पड़ सकती है भारी

## साइबर अपराधियों के लिए बन सकता है हथियार

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि मोबाइल फोन आज प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। ऐसे में यदि आपका मोबाइल फोन गुम हो जाता है या चोरी हो जाता है, तो इसे केवल एक सामान्य नुकसान समझकर नजरअंदाज न करें। गुम हुआ मोबाइल साइबर अपराधियों के लिए हथियार बन सकता है। साइबर अपराधी मोबाइल के जरिए पीड़ित की निजी जानकारी, बैंक खातों, सोशल मीडिया अकाउंट्स तथा अन्य डिजिटल सेवाओं का दुरुपयोग कर सकते हैं।



पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में बिना समय गंवाए सबसे पहले अपने मोबाइल नंबर को संबंधित टेलीकॉम कंपनी से तुरंत बंद (ब्लॉक) करवाएं। इसके बाद अपने बैंक खातों, यूपीआई आईडी, इंटरनेट बैंकिंग, ई-वॉलेट, ईमेल तथा सोशल मीडिया अकाउंट्स के पासवर्ड तुरंत बदल दें, ताकि किसी भी प्रकार के अनधिकृत उपयोग की संभावना समाप्त हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने मोबाइल का आईएमईआई नंबर सुरक्षित रखें तथा मोबाइल गुम होने पर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से उसे तुरंत ब्लॉक करवाने की प्रक्रिया शुरू करे। पुलिस अधीक्षक मीणा ने बताया कि साइबर अपराधी गुम हुए मोबाइल में मौजूद सिम कार्ड, ओटीपी, डिजिटल वॉलेट, सोशल मीडिया अकाउंट, फोटो, दस्तावेज एवं अन्य व्यक्तिगत जानकारी का दुरुपयोग कर आर्थिक नुकसान पहुंचाने या आपकी पहचान का गलत इस्तेमाल करने का प्रयास कर सकते हैं।

# बंद कमरे से मिली लाश, हत्या की आशंका

हरियाणा मेल, एजेंसी



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड थाना क्षेत्र के अनंगपुर गांव में एक किराए के कमरे से एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिलने से इलाके में हडकंप मच गया। मृतक की गर्दन पर गहरे कट के निशान मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या किसी तेजधार हथियार से की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ईएसआई मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। वहीं, जिस महिला ने यह कमरा किराए पर लिया था, पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार तडके मकान में रहने वाले अन्य किराएदारों को एक कमरे से तेज बदबू आने लगी। बदबू इतनी ज्यादा थी कि वहां रहना मुश्किल हो गया। इसके बाद किराएदारों ने मकान मालिक को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर मकान मालिक का बेटा अरुण मौके पर पहुंचा। उन्होंने देखा कि कमरे के बाहर ताला लगा हुआ था। इसके बाद तुरंत सूरजकुंड थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रह्लाद कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कमरे का ताला तोडक़र अंदर प्रवेश किया। कमरे के अंदर करीब 35 से 40 वर्ष के एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। शव काफी सड़ चुका था और पूरे कमरे में तेज दुर्गंध फैली हुई थी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, लेकिन वहां से मृतक की पहचान से जुड़ा कोई आधार कार्ड, पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज नहीं मिला। जांच के दौरान पुलिस ने मकान मालिक की पहचान दयाचंद भड़ाना के रूप में की, जो सेना से सेवानिवृत्त हैं। अरुण ने पुलिस को बताया कि करीब 15 से 16 दिन पहले मध्य प्रदेश की रहने वाली अनीता नाम की एक महिला ने यह कमरा किराए पर लिया था। उसने किराए के समय अपना आधार कार्ड और मोबाइल नंबर भी दिया था। अरुण ने बताया कि पिछले करीब पांच दिनों से अनीता कमरे पर नहीं आई थी और कमरा बाहर से बंद था। अब उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। मकान में रहने वाले अन्य किराएदारों ने भी पुलिस को बताया कि उन्होंने मृतक व्यक्ति को पहले कभी वहां नहीं देखा था। उन्हें यह भी नहीं पता कि वह व्यक्ति कमरे में कब आया और वहां कैसे पहुंचा। पुलिस ने शव की जांच के दौरान देखा कि मृतक की गर्दन पर गहरे कट के निशान हैं। शव के पास खून के निशान भी मिले। इससे पुलिस को आशंका है कि किसी ने तेजधार हथियार से उसकी हत्या की है। हालांकि, मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। सूरजकुंड थाना प्रभारी प्रह्लाद कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। कमरे का ताला तोडक़र अंदर देखा गया तो एक व्यक्ति का शव मिला। शव करीब पांच दिन पुराना लग रहा है और काफी सड़ चुका था। शव की गर्दन पर कट का निशान मिला है, इसलिए हत्या की आशंका के आधार पर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## तनाव से जूझ रहे व्यक्ति ने फांसी लगाकर दी जान

**फरीदाबाद।** सदर थाना क्षेत्र के सोतई गांव में किराए के कमरे में रह रहे एक बुधवार देर रात 38 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता उस समय चला जब मकान मालिक किसी काम से उसके कमरे के पास पहुंचा और काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बावजूद अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल भेज दिया। सदर थाना प्रभारी प्रकाश चंद ने बताया कि पुलिस को कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली थी कि सोतई गांव में किराए के कमरे में रहने वाले एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान मृतक की पहचान 38 वर्षीय हरमीत के रूप में हुई, जो गांव मंगता बैरामपुर, जिला अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला था। पुलिस जांच में सामने आया कि हरमीत करीब 15 दिन पहले ही सोतई गांव में मकान मालिक पिंटू के मकान में किराए पर रहने आया था। वह फरीदाबाद में राजमिस्त्री का काम करता था, जबकि उसका परिवार अलीगढ़ में रहता है।

# 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव में पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### 40 हजार पौधों के रोपण अभियान का शुभारंभ, केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया पौधारोपण

हरियाणा मेल, एजेंसी



**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के 'हरित हरियाणा-स्वच्छ हरियाणा' संकल्प को साकार करने की दिशा में गुरुवार को फरीदाबाद के आईएमटी, बल्लभगढ़ में जिला प्रशासन तथा वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए पौधारोपण किया तथा प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौती का सामना कर रही है, जिसके कारण पर्यावरण असंतुलित हो रहा है और मानव जीवन पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बढ़ते प्रदूषण और बदलते मौसम चक्र से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय अधिक से अधिक वृक्ष लगाना है। उन्होंने कहा कि यदि हमें स्वयं, अपने परिवार और आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ एवं सुरक्षित रखना है तो प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पौधे लगाने और उनका संरक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा कम से कम दो वर्षों तक उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पौधों का संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है।

## खबरें फटाफट

### अवैध देशी कट्टा सहित एक गिरफ्तार



**हथीन।** एंटी नारकोटिक्स सेल स्टाफ ने गश्त और चेकिंग के दौरान एक आरोपी को अवैध देशी कट्टे सहित काबू करने में सफलता प्राप्त की है। एंटी नारकोटिक्स सेल स्टाफ प्रभारी निरीक्षक हनीश खान ने जानकारी देते हुए बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल स्टाफ के प्रधान सिपाही राकेश की अगुवाई में पुलिस टीम गश्त के दौरान मिंडकोला चौक पर मौजूद थी। उसी समय टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि योगेश पुत्र अशोक कुमार, निवासी मिंडकोला, थाना हथीन, जिला पलवल, काफी समय से अवैध हथियार रखने का काम करता है और हथीन-मिंडकोला रोड पर मंढनाका कट के पास अवैध हथियार के साथ किसी का इंतजार कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मंढनाका मोड़ पर दबिश दी। पुलिस टीम को देखकर आरोपी ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम योगेश पुत्र अशोक कुमार, निवासी मिंडकोला बताया। आरोपी की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसकी जीन्स की दाहिनी जेब से एक अवैध देशी कट्टा (.315 बोर) बरामद हुआ। जब आरोपी से हथियार का लाइसेंस या परमिट मांगा गया तो वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा। इसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना हथीन में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए हैं।

### पॉक्सो के मामले में 7 वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस द्वारा बेल जंपर, उद्घोषित अपराधियों (पीओ) एवं लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस के पीओ स्टाफ सेक्टर-17 की टीम ने वर्ष 2019 में महिला थाना बल्लभगढ़ में दर्ज पॉक्सो अधिनियम के एक गंभीर मामले में पिछले 7 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को काबू करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान शंकर दास निवासी गुहला, जिला कैथल (हरियाणा) के रूप में हुई है। वह घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था तथा न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध उद्घोषित अपराधी (पीओ) घोषित किए जाने के बावजूद वह पुलिस गिरफ्त से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जून 2019 में महिला थाना बल्लभगढ़ में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ आरोपी ने गलत कार्य किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अलग-अलग स्थानों पर छिपकर रहने लगा। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पीओ स्टाफ द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक समेर सिंह के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी निगरानी, खुफिया सूचना और स्थानीय स्तर पर लगातार पड़ताल की, आरोपी की गतिविधियों का विश्लेषण किया और अंततः सटीक सूचना पर योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने उसे काबू करने में सफलता हासिल की है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह पिछले 7 वर्षों से गिरफ्तारी से बचने के उद्देश्य से राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहा था।

ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा के मद्देनजर

# पलवल पुलिस अलर्ट मोड पर

### सौहार्द बिगाड़ने की चेष्टा भी की तो होगी कड़ी कार्यवाही : नीतीश अग्रवाल

हरियाणा मेल ब्यूरो



**हथीन।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 3 अगस्त को मेवात के जिला नूंह में प्रस्तावित ब्रजमण्ड़ल जलाभिषेक यात्रा के मध्य नजर एसपी पलवल नीतीश अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है। इस संबंध में जिला पुलिस मुख्यालय की तरफ से सभी थाना प्रबंधक, क्राइम युनिट इंचार्जो को अहम दिशा निर्देश दिए गए है। इनमें जलाभिषेक यात्रा शांतिपूर्ण रुप से संपन्न होने तक सतर्क एवं सजग रहने के भी निर्देश शामिल है। प्रस्तावित ब्रजमण्डल जलाभिषेक यात्रा को लेकर पुलिस अधीक्षक पलवल ने कड़े शब्दों में कहा कि प्रस्तावित जल अभिषेक यात्रा को निर्विघ्न संपन्न होने में कोई भी बाधा उत्पन्न करता है तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। कानून से खिलवाड़ करने वाले को किसी भी सूरत में बख्सा नहीं जाए। इसके साथ ही एसपी महोदय ने पेट्रोलिंग और चौकिंग अभियान को और अधिक प्रभावी रूप से चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में प्रभावी रूप से गश्त करें और नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच करें । उन्होंने कहा कि उद्घोषित/जमानत तर्क, अति वांछित अपराधियों पैरोल जंपर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला के साथ लगती जिला नूह एवं उत्तर प्रदेश सीमा पर पूरी चौकसी बरते। रहीमपुर यमुना पुल, माला सिंह फॉर्म बागपुर व करमन बॉर्डर इंटर स्टेट नाका आदि पर नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों तथा व्यक्तियों पर पैनी नजर रखें। आदतन अपराधियों की दैनिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें।

## कंपनी के गोदाम से लाखों का माल गबन करने के मामले में एक और गिरफ्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी

**फरीदाबाद।** थाना सेक्टर-59 स्थित एक स्टील कंपनी के गोदाम से लाखों रुपये मूल्य की स्टील शीट गबन करने के मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान शिवहरी, निवासी ग्राम कोटिया चित्रा, जिला रायबरेली (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी एनआईटी-1, फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से करीब 2 टन स्टील शीट बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव धतीर, जिला पलवल निवासी योगेश डागर ने थाना सेक्टर-58 में शिकायत दी थी कि 28 जून 2026 को कंपनी द्वारा दैनिक स्टॉक का मिलान करने के निर्देश दिए गए। जब सेक्टर-59 स्थित कंपनी के गोदाम में स्टॉक की जांच की गई तो लगभग 3 से 4 टन स्टील की शीट कम पाई गई। शिकायत पर थाना सेक्टर-58 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित शिवहरी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पूछताछ में सामने आया कि शिवहरी 'सुदीप इंटरप्राइजेज' नाम से फर्म संचालित करता है।

## फरीदाबाद पुलिस परिवार के 6 सदस्य सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त

हरियाणा मेल, एजेंसी



**फरीदाबाद।** पुलिस परिवार के लिए 30 जुलाई 2026 का दिन भावनाओं, सम्मान और गौरव से भरपूर रहा। पुलिस विभाग में वर्षों तक ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपनी सेवा देने वाले 6 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में सेक्टर-21सी स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिस उपायुक्त सेंट्रल उषा, भलाई निरीक्षक सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और सेवानिवृत्त साथियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विभाग से इंस्पेक्टर सूरज भान, इंस्पेक्टर अलीमुद्दीन, उप निरीक्षक (एसआई) विजेंद्र सिंह, ईएसआई अशोक कुमार, ईएचसी रंजीत सिंह तथा ईएचसी शिव नारायण सेवानिवृत्त हुए हैं। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने लंबे सेवा काल के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, जनसेवा तथा विभागीय दायित्वों के निर्वहन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनकी सेवाओं को सम्मान देने के उद्देश्य से यह विदाई समारोह आयोजित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस उपायुक्त सेंट्रल, उषा ने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का दायित्व है।

## अवैध शराब तस्करी के अलग-अलग मामलों में 2 गिरफ्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी

**फरीदाबाद।** पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 2 आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध देशी एवं अंग्रेजी शराब बरामद की है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस चौकी सिकरी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए विष्णु, निवासी गांव भिडोसा, जिला मुरैना (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार किया। आरोपित के कब्जे से 20 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

इसी प्रकार पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी की टीम ने कार्रवाई करते हुए अमन कुमार, निवासी शिव एन्क्लेव पार्ट-2, इस्लामपुर, फरीदाबाद को गिरफ्तार किया। आरोपित के कब्जे से 54 पव्वे देशी शराब बरामद की गई। दोनों मामलों में बरामद शराब को कब्जे में लेकर आरोपितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

## बेहतर शिक्षा को सरकार उठा रही सराहनीय कदम: छिल्लर

हरियाणा मेल ब्यूरो

**हथीन।** विद्यार्थियों की सुविधा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय हथीन में डेस्क वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए हथीन खंड के लिए कुल 982 डेस्क वितरित किए।

उपायुक्त डा. छिल्लर ने राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय हथीन को 280, राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय गुराकसर को 330 डेस्क, राजकीय प्राथमिक विद्यालय अंधरौला को 200 और राजकीय प्राथमिक विद्यालय मलोखड़ा के लिए 172 डेस्क वितरित किए, जिससे छात्राओं को कक्षाओं में बैठकर अध्ययन करने के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से बच्चों का पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ता है तथा उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नई योजनाएं लागू कर रही है ताकि प्रत्येक विद्यार्थी को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सके। उपायुक्त डा. छिल्लर और विद्यालय प्रबंधन समिति ने डेस्क उपलब्ध कराने वाले सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से विद्यार्थी और अधिक एकाग्रता के साथ अध्ययन कर सकेंगे।

# समाधान शिविर में लाएं शिकायत: डीसी

### जिला स्तरीय समाधान शिविर में आयुष सिन्हा ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरियाणा मेल, एजेंसी




**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे 'समाधान शिविर' आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज गुरुवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। आज आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा ने की।

डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन हमेशा नागरिकों की सहायता के लिए तत्पर हैं और जनहित में यह पहल निरंतर जारी रहेगी। इसी क्रम में आमजन से अपील की गई है कि यदि किसी नागरिक को स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड, स्थानीय निकायों से नो-ड्यूज प्रमाण पत्र, नगरपालिका द्वारा नक्शा पास करवाने, बिजली, सिंचाई, सार्वजनिक स्वास्थ्य या आपराधिक शिकायतों से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो वह निःसंकोच समाधान शिविर में आकर अपनी शिकायत दर्ज कराए।


डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि आज आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 28 शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त हुए, शिविर में बैंकिंग सेवाओं से संबंधित 1 मामला, सीआरआईडी विभाग से 9 मामले, विकास एवं पंचायत विभाग से 1 मामला, डीएचबीवीएनएल से 3 मामले, शिक्षा विभाग (प्राथमिक) से 1 मामला, शिक्षा विभाग (माध्यमिक) से 1 मामला, एफएमडीए से 1 मामला, एचएसवीपी से 1 मामला, नगर निगम फरीदाबाद से 5 मामले, पुलिस विभाग से 3 मामले तथा राजस्व विभाग से 1 मामला प्राप्त हुआ।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर उसका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# आकांक्षी ब्लॉक का समग्र विकास करें सुनिश्चित

### उपायुक्त ने आकांक्षी ब्लॉक हथीन के समग्र विकास को लेकर बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

उदय चंद माथुर, हरियाणा मेल



**हथीन।** उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने अकांक्षी ब्लॉक हथीन के समग्र विकास को लेकर बृहस्पतिवार को उपमंडल हथीन में समग्र विकास योजनाओं से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक देश के ऐसे विकास खंड हैं जिन्हें नीति आयोग द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख सामाजिक-आर्थिक मानकों में तेजी से सुधार लाने के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिकों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने और सभी के लिए समावेशी विकास 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्यक्रम लोगों की ऐसी क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित है जिससे वे देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से भाग ले सकें।

उपायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को आकांक्षी ब्लॉक हथीन को आगे लाकर इसका समग्र विकास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो विभागीय अधिकारी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं को जिला में प्रभावी रूप से लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे उन्हें जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने बैठक में अधिकारियों के साथ केंद्र और राज्य सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं बारे विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों को जागरूक करते हुए योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ विकास कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों से निर्धारित लक्ष्यों को समय पर हासिल करने के लिए बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से हथीन खंड का दौरा करने, विकास कार्यों की जमीनी स्तर पर निगरानी करने, बाधाओं की पहचान कर उनका शीघ्र समाधान करने तथा सेवा वितरण में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं की वास्तविक प्रगति का आकलन करने के लिए फील्ड निरीक्षण अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय और परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाकर हथीन खंड में चहुंमुखी विकास सुनिश्चित करने, परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ आम जनता तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में 15 दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ

हरियाणा मेल ब्यूरो



**हथीन।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मिंडकोला में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 15 दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ आज बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के सेमिनार हॉल में किया गया, जिसमें संस्थान के प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य व सभी विभागाध्यक्ष, स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, विभिन्न सुविधाओं, तकनीकी शिक्षा की उपयोगिता तथा रोजगार के अवसरों से परिचित कराना है ताकि वे अपने शिक्षण जीवन की बेहतर शुरुआत कर सकें।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य डॉ. प्रताप सिंह चेची के अभीभाषण व स्वागत संबोधन के साथ किया गया। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में उन्होंने सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों का संस्थान परिवार में हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन आपके जीवन में एक नई शुरुआत का प्रतीक है। तकनीकी शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का सशक्त साधन है। यदि विद्यार्थी अनुशासन, समय की पाबंदी, नियमित अध्ययन तथा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे तो सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी।



## संपादकीय

# हम केवल शव गिनना सीख गए हैं

सभ्यता का वास्तविक स्तर इस बात से नहीं मापा जाता कि उसके शहर कितने ऊंचे हैं, उसकी सड़कें कितनी चौड़ी हैं या उसके पुल कितने लंबे हैं। किसी राष्ट्र की आत्मा का सबसे सच्चा परिचय उस क्षण मिलता है, जब वह अपने सबसे असहाय नागरिक के दुख के सामने खड़ा होता है। दुर्भाग्य यह है कि हमारा समय संवेदना की उस कसौटी पर बार-बार असफल सिद्ध हो रहा है। आज हम पीड़ा को महसूस करने से अधिक उसे गिनने लगे हैं। मानो मनुष्य अब मनुष्य नहीं रहा, बल्कि सरकारी रिपोर्ट की एक संख्या भर बनकर रह गया हो।

असम में फिर बाढ़ आई। समाचार आया—सात जिले प्रभावित, तीन और लोगों की मृत्यु, कुल मृतकों की संख्या अठहत्तर। तीन लाख लोग अब भी जल से घिरे हैं। हजारों हेक्टेयर फसल नष्ट हो चुकी है। राहत शिविर चल रहे हैं। चिकित्सा दल तैनात हैं। यह सब आवश्यक जानकारी है, किंतु प्रश्न यह है कि इन आंकड़ों के पीछे छिपे मनुष्य को देखने की दृष्टि हमारे भीतर कितनी शेष है?

वे अठहत्तर लोग कौन थे? क्या वे केवल अठहत्तर शव थे? या उनमें किसी की मां थी, जो वर्षों से अपने आंगन में तुलसी की सेवा करती थी; कोई किसान था, जिसने इस वर्ष भी अच्छी फसल का सपना देखा था; कोई बच्चा था, जिसकी नई किताबें अभी खुलनी बाकी थीं; कोई वृद्ध था, जिसने जीवनभर मेहनत करके मिट्टी का एक छोटा-सा घर बनाया था। मृत्यु की सूची में इन सबका नाम भले एक पंक्ति में समा जाए, किंतु उनके साथ समाप्त हुई स्मृतियों, सपनों और संबंधों का कोई सरकारी कॉलम नहीं होता। सबसे अधिक चिंता की बात यह नहीं कि बाढ़ आती है। नदियां तो सहस्राब्दियों से बहती रही हैं और आगे भी बहेंगी। चिंता इस बात की है कि हम हर वर्ष वही समाचार पढ़ते हैं, वही शोक व्यक्त करते हैं, वही राहत भेजते हैं और फिर अगले मानसून तक सब कुछ भूल जाते हैं। मानो हमारी राष्ट्रीय स्मृति भी मौसमी हो गई हो। पानी उतरते ही चिंता भी उतर जाती है। कीचड़ सूखते ही हमारी संवेदना भी सूख जाती है।

हमने दुख को भी प्रशासनिक भाषा में बदल दिया है। अब हम कहते हैं—इतने जिले प्रभावित, इतने गांव जलमग्न, इतने राहत शिविर, इतने करोड़ की सहायता। किंतु कोई यह नहीं पूछता कि उस बच्चे की पाठ्यपुस्तकें कौन लौटाएगा, जिसकी पूरी दुनिया पानी में बह गई। कौन उस वृद्धा की स्मृतियां वापस लाएगा, जिसकी अलमारी में रखा उसके पति का अंतिम पत्र अब गाद में दब चुका है? कौन उस किसान की आंखों में फिर वही विश्वास बोएगा, जिसकी खेतों के साथ उसकी वर्षों की आशा भी बह गई?

यह विडंबना केवल असम की नहीं है। कभी हिमाचल, कभी उत्तराखंड, कभी बिहार, कभी केरल, कभी दिल्ली और कभी गुरुग्राम—आपदाओं का भूगोल बदलता रहता है, किंतु हमारी प्रतिक्रिया का चरित्र नहीं बदलता। हम कुछ दिन चर्चा करते हैं, कुछ दिन सहायता भेजते हैं, कुछ दिन राजनीति करते हैं और फिर अगली त्रासदी की प्रतीक्षा करने लगते हैं।

किसी भी राष्ट्र के लिए यह स्थिति अत्यंत खतरनाक होती है, जब उसके नागरिक मृत्यु से नहीं, बल्कि मृत्यु के आंकड़ों से परिचित होने लगें। जिस दिन समाज किसी एक मनुष्य की मृत्यु पर भी भीतर से विचलित होना छोड़ देता है, उसी दिन उसके नैतिक पतन की शुरूआत हो जाती है। सभ्यता की सबसे बड़ी पराजय युद्ध में नहीं होती; वह तब होती है, जब मनुष्य दूसरे मनुष्य के दुख को सामान्य घटना मान लेता है।

आज आवश्यकता केवल बेहतर राहत व्यवस्था की नहीं, बल्कि बेहतर राष्ट्रीय चेतना की है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर आंकड़े के पीछे एक परिवार है, हर मृतक के पीछे अधूरा जीवन है और हर बाढ़ केवल पानी नहीं लाती, वह भविष्य की अनगिनत संभावनाएं भी बहाकर ले जाती है। यदि हम केवल शव गिनते रहेंगे और कारणों को नहीं समझेंगे, यदि हम केवल सहायता बांटेंगे और स्थायी समाधान नहीं खोजेंगे, यदि हम केवल शोक व्यक्त करेंगे और व्यवस्था नहीं बदलेंगे, तो इतिहास हमारे विकास की नहीं, हमारी संवेदनहीनता की गवाही देगा।

आंकड़े कभी नहीं रोते, लेकिन मनुष्य रोता है। इसलिए किसी भी त्रासदी के बाद सबसे पहले मृतकों की संख्या नहीं, बल्कि मनुष्यता की स्थिति पूछी जानी चाहिए। क्योंकि जिस समाज में मनुष्य संख्या बन जाता है, वहां विकास के सारे दावे अंततः अपनी आत्मा खो देते हैं।

–ऋषि नारायण आचार्य

# डिजिटल संप्रभुता में सीधा हस्तक्षेप

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीट पेपर लीक पर जारी वीडियो को मेटा द्वारा हटाने की घटना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की नीतियों और उनकी निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कंपनी इसे तकनीकी त्रुटि बता रही है, जबकि इसे लेकर राजनीतिक और वैचारिक पक्षपात के आरोप लगाए जा रहे हैं। यह मामला केवल एक पोस्ट हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे डिजिटल संप्रभुता, कंटेंट मॉडरेशन और विदेशी कंपनियों के बढ़ते प्रभाव पर व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि एल्गोरिदम और प्रायोजित कंटेंट के जरिए जनमत को प्रभावित करने की कोशिशें बढ़ रही हैं, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।**

**नीट पेपर लीक मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेल्फी वीडियो को मेटा द्वारा हटाए जाने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की भूमिका, पारदर्शिता और डिजिटल जवाबदेही को लेकर नई बहस छिड़ गई है। कंपनी ने इसे तकनीकी खामी बताया, लेकिन इसे लेकर साजिश के आरोप भी सामने आए हैं। इस घटना ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या विदेशी सोशल मीडिया कंपनियां भारतीय लोकतंत्र और जनमत को प्रभावित कर रही हैं। पिछले वर्षों में सोशल मीडिया के जरिए फेक न्यूज, भ्रामक प्रचार और सुनियोजित नैरेटिव फैलाने के कई उदाहरण सामने आए हैं, जिससे देश की सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।**



● डॉ. आशीष वशिष्ठ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीट पेपर लीक को लेकर जेन-जी को संबोधित करते हुए जो पहला सेल्फी वीडियो अपलोड किया था, उसे मेटा ने हटा दिया था। यही वीडियो इंस्टाग्राम पर 24 घंटे के भीतर 300 मिलियन से अधिक बार देखा गया था। बाद में जब इस पर हंगामा हुआ, तब कंपनी ने सफाई देते हुए कहा कि वीडियो को जानबूझकर नहीं हटाया गया बल्कि यह एक तकनीकी खामी थी। इतनी बड़ी कंपनी का तकनीकी खामी का तर्क आसानी से गले नहीं उतरता। समर्थकों का आरोप है कि यह एक सोची-समझी साजिश है ताकि सरकार की बात करोड़ों युवाओं तक पहुंचने से रोका जा सके। फिलहाल यह मामला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की नीतियों, कंटेंट मॉडरेशन और डिजिटल जवाबदेही को लेकर नई बहस का विषय बन गया है।

वास्तव में, मेटा द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के वीडियो सेंसर करना भारतीय लोकतंत्र और डिजिटल संप्रभुता में सीधा हस्तक्षेप है। यह कोई सामान्य कंटेंट मॉडरेशन नहीं है बल्कि एक विदेशी प्लेटफॉर्म द्वारा यह तय करने की तानाशाही कोशिश है कि भारतीय नागरिक क्या देख सकते हैं। अमेरिकी सोशल मीडिया कंपनियां दुनियाभर में नैरेटिव तय करके सरकारें बदलने का खेल खेलती रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पोस्ट पर रोक लगाना इस बात का प्रमाण है कि उपभोक्ता जो देख रहे हैं, वह कंपनियां तय करती हैं।

सोशल मीडिया ने आम आदमी को बहुत बड़ी ताकत दी है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म के जरिए लोग बिना किसी रोक-टोक अपनी बात तुरंत लाखों लोगों तक पहुंचाते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से संगठित रूप से निगेटिव चीजों को प्रचारित करने का प्रयास हो रहा है। सोशल मीडिया ने कई देशों में सरकारों के खिलाफ जन-आंदोलनों को संगठित करने में अहम भूमिका निभाई है। अरब क्रांति, श्रीलंका और बांग्लादेश के हालिया उदाहरण इसके बड़े प्रमाण हैं, जहां डिजिटल प्लेटफॉर्म ने जनता को एकजुट किया।

पिछले एक दशक में देश में विपक्ष और विभिन्न संगठनों द्वारा जितने भी आंदोलन हुए हैं, उनमें निगेटिव, फर्जी और भड़काऊ सामग्री प्रचारित-प्रसारित करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का जमकर प्रयोग हुआ। हालिया कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन में सोशल मीडिया ने बड़ी भूमिका निभाई। सोशल मीडिया पर बनी एक पार्टी के रातोंरात करोड़ों फॉलोअर बन गए। इसके आंदोलन के दौरान सुनियोजित सोशल मीडिया कैंपेन चलाए गए। जनता के बीच अपनी पैठ बनाने के लिए सीजेपी ने उस वामपंथी सोशल मीडिया तंत्र की शरण ली है जो लंबे समय से राष्ट्रवादी आवाजों को दबाने के मिशन में जुटा है।

भारत में सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता को बिगाड़ने के प्रयास पिछले एक दशक से जारी हैं। फेक न्यूज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जनित डीपफेक और सीमा पार से संचालित होने वाले फर्जी अकाउंट्स के जरिए सुनियोजित ढंग से भ्रम और तनाव पैदा किया जा रहा है। सीएए विरोध प्रदर्शन और किसान आंदोलन दोनों ही प्रमुख घटनाओं के दौरान सोशल मीडिया के दुरुपयोग के कई गंभीर मामले सामने आए थे।

इन आंदोलनों के दौरान डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल न केवल सूचना साझा करने के लिए हुआ बल्कि इसके जरिए भारी मात्रा में भ्रामक जानकारियां, अफवाह और नफरत फैलाने वाले कंटेंट प्रसारित किए गए। ये खुला तथ्य है कि वामपंथी और लिबरल इकोसिस्टम ने इन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर राष्ट्रवादी आवाजों को दबाने और अपनी सहूलियत का नैरेटिव गढ़ने का प्रयास किया, जिसके जवाब में भारत सरकार ने समय-समय पर राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के तहत कड़े कदम उठाए।

सोशल मीडिया खासकर इंस्टाग्राम पर कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रदर्शन और सोनम वांगचुक को उसके समर्थन के लिए जो ज्वार अचानक उठा था, अब उस विद्रूप और उच्छृंखल सुनामी लहरों का थमना शुरू हो गया है। इंस्टाग्राम पर उनके लिए समर्थन पूरी तरह से फर्जी और प्रायोजित था। इसके लिए तीन प्रोफेशनल एजेंसियों ने पैसे देकर वृहद स्तर पर प्रचार अभियान चलाया। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु की तीन एजेंसियों ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को पैसे देकर पूरा नैरेटिव सेट करने की कोशिश की। भारत को श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल की तरह जलाने की पूरी तैयारी थी।

प्रदर्शन जारी रखने के लिए विभिन्न देशों से खाने-पीने और अन्य आर्थिक मदद दी जा रही थी। इस सुनियोजित षडयंत्र से जुड़ी तमाम रपट और जानकारियां पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं। चूंकि इस षड्यंत्र का जाल सामने आ गया है, जिसका सार्वजनिक पदार्फाश होना बहुत जरूरी है। यह खेल आगे न हो इसलिए सरकार और प्रशासन को चाहिए कि इन मामलों की गहराई से जांच करे और यह पता लगाये कि आखिर कौन-सी ताकतें इस अभियान में मोटी फंडिंग कर भारत में माहौल खराब करने की कोशिश कर रही हैं?

चीन में फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसे बड़े प्लेटफॉर्म पूरी तरह ब्लॉक हैं। उत्तर कोरिया में सोशल मीडिया पर पूरी तरह बैन है। आमलोग सिर्फ "क्वांगमयोंग" नाम के सरकारी इंट्रानेट तक सीमित रहते हैं। ईरान में फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब ब्लॉक हैं। ब्राजील ने एक्स को अस्थायी तौर पर बैन किया है। मिस्र, सऊदी अरब और सीरिया जैसे कई देशों में राजनीतिक कारणों से सोशल मीडिया पर कड़ी पाबंदियां हैं। इसके पीछे की वजह सूचना के प्रवाह को नियंत्रित करना, फेक न्यूज को रोकना है।

असल में, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जुड़ाव-संचालित एल्गोरिदम को प्राथमिकता देते हैं, तथ्यात्मक जानकारी की तुलना में सनसनीखेज और भ्रामक सामग्री को बढ़ाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि फर्जी खबरें सच्ची खबरों की तुलना में छह गुना तेजी से फैलती हैं। सोशल मीडिया उपयोगकर्त्ता अक्सर ऐसी सामग्री से जुड़ते हैं जो उनकी पूर्व-मौजूदा मान्यताओं के अनुरूप होती है, जिससे गलत सूचना को बल मिलता है।

प्रधानमंत्री मोदी हर आयुवर्ग खासकर युवाओं में बेहद लोकप्रिय हैं। युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता और सीधे कनेक्ट करने की शैली अक्सर विपक्षी दलों को खटकती है। लोकप्रियता के प्रमाण के तौर पर सीजेपी प्रदर्शन के दौरान इंस्टाग्राम पर पीएम मोदी ने दो वीडियो पोस्ट किए थे, जिन पर करोड़ों में लाइक हैं, पीएम मोदी के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या 10.5 करोड़ के पार हो चुकी है। सीजेपी आंदोलन में सिर्फ एक सप्ताह के दौरान उनके एकाउंट में नए 40 लाख फॉलोअर्स जुड़े हैं। पेपर लीक जैसी गंभीर समस्या पर कड़ा रुख अपनाते हुए मोदी सरकार ने हाई पावर टास्क फोर्स और फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया है। वहीं, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिये पेपर लीक रोधी कानून में आवश्यक बदलाव कर उसे संसद से पास कराया है।

ये गंभीर चिंता का विषय है कि अगर मेटा विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के साथ ऐसा व्यवहार कर सकती है तो क्या उन्होंने एक विशेष इंस्टा पोस्ट को वायरल नहीं किया होगा? क्या आप दावे से कह सकते हैं कि ये नहीं हुआ होगा? सोशल मीडिया का सारा नियंत्रण अमेरिकी कंपनियों के पास है। ये उनके लिए चुटकी बजाने जितना आसान काम है। भारतीय विज्ञापन राजस्व से अरबों कमाने वाले ये अमेरिकी प्लेटफॉर्म्स अब भारतीय लोकतंत्र को प्रभावित करने का काम कर रहे हैं, जिन पर मोदी सरकार को तुरंत सख्त ह्यरेड लाइन्सह्न तय करनी चाहिए। सीजेपी आंदोलन के दौरान 20 जुलाई को हुई हिंसा में अल्गोरिदम का भी बहुत बड़ा खेल है। इन विदेशी कंपनियों की मंशा साफ है। सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# संवाद के माध्यम से समाधान खोजे जाएं



● सौरभ वार्ष्णेय

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां असहमति व्यक्त करने का अधिकार संविधान द्वारा संरक्षित है। जब समाज का कोई वर्ग अपनी समस्याओं को लेकर संगठित होकर आवाज उठाता है, तो उसे लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया माना जाता है। हाल के दिनों में दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों द्वारा किया गया आंदोलन और 20 जुलाई 2026 के संसद चलो कार्यक्रम ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। परीक्षा प्रणाली, भर्ती प्रक्रिया और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर हजारों युवाओं की भागीदारी ने यह प्रश्न खड़ा किया कि क्या आज का छात्र पहले की तुलना में अधिक निर्भीक होकर सरकार के सामने अपनी बात रख रहा है। आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में छात्रों की भागीदारी, सरकार के विरुद्ध लगाए गए तीखे नारे और पुलिस के साथ हुए टकराव ने इस बहस को और गहरा कर दिया।

इस आंदोलन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह था कि इसमें केवल किसी एक विश्वविद्यालय या राज्य के छात्र नहीं थे बल्कि विभिन्न राज्यों के युवा एक साझा मुद्दे पर एक मंच पर दिखाई दिए। जब किसी आंदोलन का आधार व्यापक जनहित का प्रश्न बन जाता है, तब उसका प्रभाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी होता है। यही कारण है कि जंतर-मंतर का यह आंदोलन सामान्य छात्र प्रदर्शनों से अलग दिखाई दिया। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस आंदोलन ने यह संकेत दिया कि नई पीढ़ी केवल सोशल मीडिया तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि वह आवश्यकता पडऩे पर सड़क पर उतरकर भी अपनी बात कहने को तैयार है। यदि यह आकलन सही है, तो यह लोकतांत्रिक भागीदारी का संकेत हो सकता है। लेकिन इसके साथ यह भी ध्यान रखना होगा कि किसी एक आंदोलन के आधार पर पूरे छात्र समुदाय की मनःस्थिति के बारे में अंतिम निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।

भारतीय छात्र आंदोलनों का इतिहास बताता है कि जब भी युवाओं ने किसी मुद्दे को अपने भविष्य से जोड़ा है, तब उनकी भागीदारी व्यापक हुई है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर जेपी आंदोलन तक, छात्रों ने सत्ता से प्रश्न पूछने का साहस दिखाया। वर्तमान आंदोलन भी इसी परंपरा की याद दिलाता है, हालांकि इसकी परिस्थितियां अलग हैं।

इस आंदोलन के दौरान सरकार की आलोचना खुलकर हुई। कई प्रदर्शनकारियों ने सार्वजनिक रूप से सरकार की नीतियों और परीक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। यह दृश्य उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण था जो मानते हैं कि आज का युवा राजनीतिक रूप से उदासीन हो गया है। इसके विपरीत, आंदोलन ने यह संकेत दिया कि जब भविष्य और अवसरों का प्रश्न सामने आता है, तब छात्र खुलकर अपनी राय रखते हैं।

हालांकि यह कहना कि "सरकार का डर पूरी तरह खत्म हो गया है, एक व्यापक निष्कर्ष होगा, जिसके समर्थन में पर्याप्त प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। किसी आंदोलन में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी यह अवश्य दिखाती है कि अनेक छात्र सार्वजनिक रूप से अपनी बात रखने के लिए तैयार थे, लेकिन इससे यह सिद्ध नहीं होता कि सभी छात्रों के मन से भय समाप्त हो गया है। अलग-अलग क्षेत्रों, संस्थानों और परिस्थितियों में छात्रों के अनुभव भिन्न हो सकते हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई और उसके बाद की घटनाओं पर भी व्यापक चर्चा हुई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने अत्यधिक बल प्रयोग के आरोप लगाए, वहीं प्रशासन की ओर से कानून-व्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इन घटनाओं के बाद कुछ मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप की मांग भी की गई।

लोकतंत्र में किसी भी सरकार की आलोचना करना नागरिक का अधिकार है, लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण यह भी है कि विरोध शांतिपूर्ण और संवैधानिक दायरे में रहे। इसी प्रकार राज्य की जिम्मेदारी है कि वह शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार और सार्वजनिक व्यवस्था के बीच संतुलन बनाए रखे। यही संतुलन लोकतंत्र की परिपक्वता का आधार है।

इस आंदोलन का एक महत्वपूर्ण परिणाम यह भी रहा कि परीक्षा सुधारों पर राष्ट्रीय स्तर पर बहस तेज हुई। व्यापक जनदबाव के बाद सरकार ने परीक्षा प्रणाली में सुधारों की घोषणा की, एक उच्चस्तरीय टास्क फोर्स गठित की और संबंधित विधायी कदम भी उठाए। इससे यह संकेत मिलता है कि लोकतांत्रिक आंदोलनों का नीति-निर्माण पर प्रभाव पड़ सकता है।

आज का छात्र पहले की तुलना में अधिक जागरूक है। इंटरनेट, डिजिटल मीडिया और सूचना तक आसान पहुंच ने उसे अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति अधिक सचेत बनाया है। यही कारण है कि वह केवल दर्शक बनकर नहीं रहना चाहता, बल्कि निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करने की भी कोशिश करता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए सकारात्मक हो सकती है, यदि इसे संवाद और संवैधानिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ाया जाए।

जंतर-मंतर का आंदोलन यह अवश्य दर्शाता है कि भारतीय छात्र समुदाय का एक महत्वपूर्ण वर्ग अपनी बात खुलकर रखने को तैयार है लेकिन यह कहना कि "सरकार का डर पूरी तरह समाप्त हो गया है", उपलब्ध तथ्यों से स्थापित निष्कर्ष नहीं है। अधिक संतुलित निष्कर्ष यह होगा कि इस आंदोलन ने अनेक छात्रों में अपनी मांगों को सार्वजनिक रूप से उठाने का आत्मविश्वास प्रदर्शित किया और सरकार तथा समाज दोनों को यह संदेश दिया कि युवाओं की चिंताओं को गंभीरता से सुनना आवश्यक है। लोकतंत्र की शक्ति इसी में है कि सरकारें आलोचना सुनें, नागरिक शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखें और संवाद के माध्यम से समाधान खोजे जाएं।




**मेष** — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**वृषभ** — बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है।

**मिथुन** — कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी।

**कर्क** — नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कन्या** — भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**तुला** — योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**धनु** — लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**मकर** — सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**कुंभ** — मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन** — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी।

# आरक्षण, वंशवाद और बराबरी का सवाल



● डॉ. मत्स्येन्द्र प्रभाकर

देश में आरक्षण को लेकर बहस एक बार फिर उफान पर है। कहीं इसे सामाजिक न्याय का आधार बताया जा रहा है, तो कहीं इसे व्यवस्था में जड़ पकड़ चुकी वंशवादी और जातिवादी संरचना का जवाब। सच यह है कि यह बहस केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं है, बल्कि अब शिक्षा, स्वास्थ्य, मीडिया, न्यायपालिका, प्रशासन, राजनीति, खेल, फिल्म और यहाँ तक कि धार्मिक-प्रशासनिक ढाँचों तक फैल चुकी है। सवाल यह नहीं है कि आरक्षण होना चाहिए या नहीं; असली सवाल यह है कि क्या देश के हर क्षेत्र में अवसर, योग्यता और हिस्सेदारी का सन्तुलन सचमुच है?

आलोचकों का कहना है कि यदि समाज के कुछ वर्गों को उनके ऐतिहासिक और आर्थिक पिछड़ेपन के कारण आरक्षण दिया गया, तो उसी न्याय के सिद्धान्त पर यह भी पूछा जाना चाहिए कि क्या अन्य प्रभावशाली क्षेत्रों में समान अवसर उपलब्ध हैं। वर्षों से कई क्षेत्रों में पारिवारिक, जातीय और सामाजिक प्रभाव बना हुआ है, जहाँ योग्यता से अधिक पहचान और नेटवर्क को महत्व मिलता रहा है। यह स्थिति केवल एक क्षेत्र की नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक ढाँचे की चुनौती है।

इसी संदर्भ में भागीदारी बनाम हिस्सेदारी का मुद्दा उभरता है। यदि लोकतंत्र का मूल सिद्धान्त यह है कि जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी, तो यह सिद्धान्त केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित क्यों रहे? आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए अलग प्रावधान बनाए जा सकते हैं, तो समाज के अन्य वंचित तबकों के लिए भी पारदर्शी अवसर सुनिश्चित करना आवश्यक है। हालाँकि, इस बहस को केवल विरोध या समर्थन तक सीमित रखना समाधान नहीं है। आरक्षण की मूल भावना उन समुदायों को मुख्यधारा में लाना है, जो लंबे समय से सामाजिक भेदभाव और असमानता का सामना करते आए हैं। इसलिए इसे समाप्त करने की मांग, बिना समान अवसरों की ठोस व्यवस्था के, नए असंतुलन को जन्म दे सकती है। जरूरत इस बात की है कि वंशवाद और अनुचित विशेषाधिकारों पर नियंत्रण हो, और साथ ही सामाजिक न्याय के उद्देश्य को भी बनाए रखा जाए।

वास्तविक सुधार की शुरूआत शिक्षा से होती है। आज शिक्षा का स्तर समान नहीं है—एक ओर संसाधन सम्पन्न निजी संस्थान हैं, तो दूसरी ओर कई सरकारी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। जब प्रारंभिक स्तर पर ही यह अंतर मौजूद हो, तो आगे की प्रतिस्पर्धा निष्पक्ष नहीं रह सकती। इसलिए पाठ्यक्रम की समानता, शिक्षकों की गुणवत्ता और बुनियादी ढाँचे में सुधार आवश्यक है।

इसी तरह शिक्षकों की नियुक्ति में विषयगत दक्षता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एक ही शिक्षक द्वारा कई विषय पढ़ाना शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। यदि देश को ज्ञान-आधारित और प्रतिस्पर्धी बनाना है, तो प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक समान गुणवत्ता सुनिश्चित करनी होगी। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक व्यवस्था की योग्यता पर भी विचार जरूरी है। जहाँ प्रशासनिक सेवाओं में कठोर चयन प्रक्रिया होती है, वहीं जनप्रतिनिधियों के लिए ऐसी स्पष्ट कसौटियाँ नहीं हैं। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए यह आवश्यक है कि नीति-निमार्ताओं में बुनियादी समझ और जवाबदेही हो। इसके साथ ही आरक्षण और अवसरों के दुरुपयोग को रोकना भी जरूरी है। लाभार्थी चयन और प्रमाण-पत्रों की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है, ताकि वास्तविक हकदारों तक लाभ पहुँच सके। अंततः इस बहस का उद्देश्य समाज में संतुलन और समानता स्थापित करना होना चाहिए। न वंशवाद चले, न जातिवाद। यदि हर क्षेत्र में समान अवसर और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, तो आरक्षण पर होने वाली बहस भी अधिक संतुलित और सार्थक बन सकेगी।

इसके साथ ही समाज में जागरूकता और संवाद की संस्कृति को भी बढ़ावा देना होगा। केवल नीतियाँ बनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका सही क्रियान्वयन और निरंतर समीक्षा भी जरूरी है। जब हर वर्ग को न्याय, सम्मान और अवसर का भरोसा मिलेगा, तभी एक संतुलित और समावेशी समाज का निर्माण संभव होगा, जहाँ विकास का लाभ सभी तक समान रूप से पहुँच सके।

# पेयजल समस्या से दुखी ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

## अधिकारियों ने दिया समस्या के समाधान का आश्वासन

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**हांसी।** क्षेत्र के गांव ढाणी कुतुबपुर में पेयजल संकट से गुस्साए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। लंबे समय से खारे पानी की आपूर्ति और नहरी पानी की अनियमित सप्लाई से परेशान बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव के वाटर बॉक्स पर जमा हुए और जल विभाग के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे चनौत गांव की तर्ज पर आंदोलन और धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

पेयजल समस्या से तंग बुधवार रात को प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की भारी तंगी चल रही है। गांव निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता राहुल शर्मा ने बताया कि गांव में लंबे समय से पीने के लिए खारे पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

शर्मा के अनुसार, गांव के वाटर बॉक्स के सभी टैंक नहरी पानी से भरे हुए हैं, लेकिन मोटर खराब होने के कारण उसकी सप्लाई नहीं हो पाती। जब मोटर ठीक होती है, तो कोई अन्य तकनीकी खराबी सामने आ जाती है, जिससे नहरी पानी की आपूर्ति फिर बाधित हो जाती है।

राहुल शर्मा ने आरोप लगाया कि विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को ट्यूबवेल के खारे पानी या अन्य वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि खारे पानी के लगातार उपयोग से गांव में सोरायसिस, स्किन एलर्जी और अन्य त्वचा संबंधी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में चिंता है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जल विभाग के शिकायत केंद्र पर बार-बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद, अधिकारी और कर्मचारी कागजों में ही समाधान दिखाकर उन्हें बंद कर देते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति में कोई सुधार नहीं होता। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलने के बाद, विभाग के अधिकारियों ने गांव के लोगों से संपर्क किया और 24 घंटे के भीतर पेयजल समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

# जनभागीदारी से ही स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनेगा जींद : डॉ. मिड्ढा

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहरवासियों से स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने तथा नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री के इसी संदेश को धरातल पर उतारने के लिए नगर परिषद ने शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को नगर परिषद द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कूड़ा उठान कार्य में लगाए जाने वाले 57 वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व भी है। जन सहयोग के बिना किसी भी शहर को पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर नहीं बनाया जा सकता। डा. मिड्ढा ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड से समय पर कूड़ा उठान सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक संसाधनों से युक्त 57 वाहनों का संचालन किया जाएगा।

डिप्टी स्पीकर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे कूड़ा खुले स्थानों, सड़कों, नालियों अथवा सार्वजनिक स्थलों पर न फेंकें, केवल नगर परिषद के निर्धारित वाहनों में ही कूड़ा डालें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक यदि अपने घर, गली और मोहल्ले की स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाए तो जींद को प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल किया जा सकता है।

# विश्वकप के बाद अब एशियन गेम्स हॉकी चैंपियनशिप के लिए चुने गए राजिंद्र सिंह

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा जिले के गांव संतनगर के हॉकी खिलाड़ी राजिंद्र सिंह ने एक साथ दो बड़ी उपलब्धियां हासिल कर हरियाणा का गौरव बढ़ाया है। राजिंद्र का चयन पहले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप-2026 और उसके बाद जापान में होने वाली एशियन गेम्स हॉकी चैंपियनशिप-2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन होने की खबर मिलते ही संतनगर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। राजिंद्र के कोच हरविंद्र सिंह ने इसे वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम बताया।

विश्व कप का आयोजन 15 से 30 अगस्त के बीच नीदरलैंड और बेल्जियम में होगा, जहां राजिंद्र भारतीय टीम की ओर से मैदान में उतरेंगे। इसके बाद 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक जापान में आयोजित होने वाली एशियन गेम्स हॉकी चैंपियनशिप में भी वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

राजिंद्र के कोच हरविंद्र सिंह ने गुरुवार को बताया कि वर्ष 2009 में शुरू हुआ उनका हॉकी सफर आज इस मुकाम तक पहुंचा है। शुरूआती दिनों से ही राजिंद्र ने अनुशासन और मेहनत को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। जूनियर स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई और फिर हॉकी इंडिया लीग में बेहतरीन खेल दिखाकर चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इसी निरंतर प्रदर्शन के दम पर उन्हें भारतीय सीनियर टीम में जगह मिली।

कोच हरविंद्र सिंह ने विश्वास जताया कि राजिंद्र विश्व कप और एशियन गेम्स, दोनों प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम में प्रदेश के पांच खिलाडियों को जगह मिली है। इनमें सिरसा के राजिंद्र सिंह, हिसार के संजय तथा सोनीपत के जसदीप, सुमित और अभिषेक शामिल हैं।

कोच हरविंद्र सिंह ने बताया कि जीवन नगर स्थित नामधारी संस्था के सतगुरु उदय सिंह जी युवाओं को नशे से दूर रखने और खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

## खबरें फटाफट

### दो मामलों में 99 पशु कराए मुक्त, पशु क्रूरता के आरोप में 4 गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने पशु क्रूरता के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में अमानवीय तरीके से वाहनों में ठूंस-ठूंसकर ले जाए जा रहे 99 पशुओं को मुक्त कराया है। इस दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। पहले मामले में आजाद नगर थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर चौधरीवास टोल के पास नाकाबंदी कर एक पिकअप वाहन को रोका। जांच में वाहन में दोहरी व्यवस्था बनाकर 70 बकरियां और 14 भेड़ सहित कुल 84 पशुओं को बेहद क्रूर तरीके से भरा हुआ पाया गया। पुलिस ने वाहन और सभी पशुओं को कब्जे में लेकर बरवाला निवासी राजेश और जींद निवासी मनवीर के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दूसरे मामले में बरवाला थाना पुलिस ने बाडो पट्टी टोल प्लाजा पर जांच के दौरान एक पिकअप वाहन से 15 सुअरों को मुक्त कराया।

### दुष्कर्म व पॉक्सो मामले का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने दुष्कर्म एवं पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनदीप चहल ने बताया कि 3 अप्रैल 2026 को हिसार निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं तथा पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी, लेकिन वह बार-बार अपना ठिकाना बदलकर गिरफ्तारी से बचता रहा। आखिरकार तकनीकी इनपुट और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार, निवासी विस्टा-9 होटल, मय्यड़ (हिसार), को गिरफ्तार कर लिया।

### दोस्त के साथ मिलकर भाई ने चुराया बहन का मंगलसूत्र

**हिसार।** पुलिस ने बहन के घर से मंगलसूत्र चोरी कर उसे फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखने के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नमन और उसके साथी राहुल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार नशे का आदी भाई नमन बहन को बहाने से घर से बाहर ले गया और साथी के साथ किराये के मकान से मंगलसूत्र चुरा लिया। दोनों ने मंगलसूत्र को 50 हजार रुपये में गिरवी रख दिया। पुलिस ने आरोपियों से 31,600 रुपये नकद, दो मोबाइल और गिरवी रखने के दस्तावेज बरामद किए हैं। मामले की जांच जारी है।

### रियल एस्टेट कारोबारी सुरेंद्र जांगड़ा से 2 करोड़ की मांगी रंगदारी

**हिसार।** शहर के प्रमुख रियल एस्टेट कारोबारी, कनॉट प्लेस के डायरेक्टर एवं विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र जांगड़ा से 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़ित ने एचटीएम थाना पुलिस को शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। शिकायत के अनुसार बुधवार शाम करीब 6:20 बजे सुरेंद्र जांगड़ा के व्हाट्सएप पर पुर्तगाल के एक विदेशी नंबर से कॉल आई। कॉल मिस होने के लगभग दो मिनट बाद उसी नंबर से 25 सेकंड का वॉयस मैसेज भेजा गया। ऑडियो में आरोपी ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़ा बताते हुए 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी और रकम का इंतजाम करने के लिए दो दिन का समय दिया। साथ ही पैसे नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी गई। एचटीएम थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि रंगदारी और धमकी भरी कॉल की शिकायत मिली है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## राहुल गांधी का माइक बंद करना लोकतंत्र पर हमला

# छात्रों की आवाज नहीं दबा सकती भाजपा

**अशोक कुमार, हरियाणा मेल**



**हिसार।** आदमपुर के विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन चंद्रप्रकाश ने लोकसभा में पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का माइक बंद किए जाने की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे संविधान का अपमान, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन और लोकतंत्र पर गहरा आघात बताया। उनका कहना था कि विपक्ष की आवाज दबाना लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है और इससे सरकार की असहिष्णुता उजागर होती है। चंद्रप्रकाश ने कहा कि राहुल गांधी लगातार छात्रों के मुद्दे उठाते रहे हैं और लोकसभा में भी नीट पेपर लीक मामले पर छात्रों के पक्ष में बोलना चाहते थे, लेकिन उनका माइक बंद कर दिया गया। उन्होंने राहुल गांधी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि माइक बंद किया जा सकता है, लेकिन छात्रों की आवाज नहीं।

विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार छात्रों के आंदोलन को दबाने के लिए दमनकारी रवैया अपना रही है। उन्होंने हाल ही में पंचकूला के सेक्टर-5 में हरियाणा लोक सेवा आयोग की भर्ती नीति के विरोध में आमरण अनशन कर रहे अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पल्लवी जांगड़ा, शुभम चौहान, रमनदीप प्रजापत और सुरेंद्र यादव सहित कई अभ्यर्थियों को बलपूर्वक हटाया गया और धरना स्थल पर लगे टेंट को भी क्षतिग्रस्त किया गया।

चंद्रप्रकाश ने कहा कि दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान भी लाठीचार्ज, आंसू गैस और वाटर कैनन का प्रयोग किया गया तथा कई छात्रों पर मुकदमे दर्ज किए गए। उन्होंने सभी मुकदमे वापस लेने और छात्रों को न्याय देने की मांग की। साथ ही भिवानी की शिक्षिका मनीषा हत्याकांड के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन छात्रों और न्याय की लड़ाई लड़ रहे परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है।

# अमरूत योजना अधूरी, आखिर कैसे निकलेगा बरसाती पानी

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**जींद।** जींद शहर में करोड़ों रुपये की लागत से लागू की गई अमरूत योजना के बावजूद अनेक स्थानों पर बरसाती जल निकासी के लिए आवश्यक चैंबर नहीं बनाए गए हैं। इसका परिणाम यह है कि हर वर्ष बारिश के दौरान शहर के कई हिस्सों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिससे आम नागरिकों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब बारिश का सीजन शुरू है। ऐसे में जरा सी बारिश ही आमजन के लिए परेशानी का सबब बन जाएगी।

रोहतक रोड बाईपास के आगे नई अनाज मंडी गेट के सामने वाली लाइन में भी बरसाती चैंबर नही है। बरसाती चैंबर का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। डा. राजकुमार गोयल ने इस गंभीर जनसमस्या को उठाते हुए जिला प्रशासन से मांग की है कि शहर में जहां-जहां बरसाती चैंबर नहीं बनाए गए हैं वहां प्राथमिकता के आधार पर उनका निर्माण कराया जाए। गोयल ने बताया कि अमरूत योजना के तहत वर्षों पहले सीवरेज पाइप लाइन तो बिछा दी गई लेकिन कई स्थानों पर बरसाती जल निकासी के लिए आवश्यक चैंबर नहीं बनाए गए हैं।

# खुले व नीचे लटके बिजली मीटर बॉक्स बन सकते हैं हादसों की वजह

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**हिसार।** शहर के विभिन्न इलाकों में बिजली के खंभों पर लगे खुले और जर्जर मीटर बॉक्स लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। सजग के प्रदेश अध्यक्ष एवं वास्तु प्लानर सत्यपाल अग्रवाल ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इनकी मरम्मत नहीं कराई गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

अग्रवाल ने बताया कि वार्ड नंबर-1 की अग्रवाल कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में बिजली मीटर बॉक्स काफी नीचे लगाए गए हैं। कई बॉक्स के ढक्कन टूटे हुए हैं या पूरी तरह गायब हैं, जिससे अंदर की बिजली की तारें खुली दिखाई देती हैं। ऐसे में राहगीरों, बच्चों, बुजुर्गों और आवारा पशुओं के करंट की चपेट में आने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में नमी और जलभराव के कारण जोखिम और बढ़ जाता है। उन्होंने जिला प्रशासन और बिजली विभाग से शहरभर में खुले व क्षतिग्रस्त मीटर बॉक्स का सर्वे कर उन्हें सुरक्षित ऊंचाई पर लगाने तथा मजबूत ढक्कनों से बंद कराने की मांग की। अग्रवाल ने कहा कि किसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई करने के बजाय प्रशासन को पहले ही जरूरी कदम उठाने चाहिए, ताकि जनहानि से बचा जा सके और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

# पूर्व विद्यार्थियों ने सेवानिवृत्त शिक्षक मास्टर प्रेम सिंह का किया सम्मान

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**हिसार।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा की अनूठी मिसाल देखने को मिली। गांव मदनहेड़ी में पूर्व विद्यार्थियों ने अपने गुरु एवं सेवानिवृत्त शिक्षक मास्टर प्रेम सिंह का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया। शिष्यों ने माल्यार्पण, पगड़ी पहनाकर और शॉल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

मास्टर प्रेम सिंह के शिष्य धर्मवीर शास्त्री (सेवानिवृत्त असिस्टेंट रजिस्ट्रार, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय), सुभाष दुहन (सेवानिवृत्त कनिष्ठ अभियंता, डीएचबीवीएन) और समाजसेवी अजमेर सिंह ने बताया कि उन्होंने वर्ष 1973 से 1977 तक राजकीय उच्च विद्यालय, पेटवाड़ में शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कक्षा आठवीं से दसवीं तक मास्टर प्रेम सिंह ने उन्हें अंग्रेजी विषय पूरी लगन और आत्मीयता से पढ़ाया।

# अलग-अलग हादसों में दो की मौत

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने एक मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है, वहीं दूसरे मृतक की शिनाख्त न होने के चलते शव नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है।

शर्मा नगर के निकट गुरूवार को रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मृतक के पास से ऐसा कुछ नहीं मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। रेलवे पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष है। दाहिनी बाजू पर अंग्रेजी में आरएस लिखा हुआ है। मृतक ने क्रीम कलर की छापेदार कमीज व नीले रंग की जींस पहनी हुई है। रेलवे पुलिस मृतक की शिनाख्त में जुटी है। उधर, गांव छात्तर निवासी मांगेराम स्कूटी पर सवार होकर गांव किठाना बस अड्डे पर जा रहा था। गांव थुआ से निकलते ही सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें मांगेराम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने मांगेराम को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने मांगेराम को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के बेटे दलबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन कुरूक्षेत्र से आ रही थी।

उसका पिता उसे लेने के लिए किठाना बस अड्डा जा रहा था। गांव थुआ से निकलते ही तेजरफ्तार पिकअप गाड़ी ने उसके पिता की स्कूटी को टक्कर मार दी, जिसमें उसके पिता की मौत हो गई।

# 42 तस्करों की करोड़ों की जायदाद फ्रीज

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फतेहाबाद।** जिले में नशे का काला कारोबार करने वालों और संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले अपराधियों की अब खैर नहीं है। फतेहाबाद पुलिस ने नशा माफिया की आर्थिक रीढ़ तोड़ने के लिए एक व्यापक अभियान छेड़ रखा है। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस अब तक 42 बड़े नशा तस्करों की आठ करोड़ 39 लाख 12 हजार 688 मूल्य की अवैध संपत्तियों को फ्रीज कर चुकी है। गुरूवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने बताया कि पुलिस अपराधियों को सिर्फजेल भेजने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी काली कमाई से खड़े किए गए साम्राज्य को जमींदोज करने की दोहरी रणनीति पर काम कर रही है।एएसपी ने बताया कि हाल ही में फतेहाबाद पुलिस ने 477 ग्राम हेरोइन बरामद कर एक अंतरराज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंजाब के मोगा जिले के गांव जीरा निवासी अमन कुमार के रूप में हुई है। अमन वर्तमान में ग्वार मंडी, फिरोजपुर में रहता है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है तथा उससे पूछताछ के दौरान नशा तस्करी के नेटवर्क, सप्लायरों एवं अन्य सहयोगियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई जा रही है। एएसपी ने बताया कि हाल ही में चार अलग-अलग मामलों में 1.20 करोड़ की चल-अचल संपत्तियां एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-एफ के तहत फ्रीज की गई है। एएसपी ने बताया कि थाना जाखल पुलिस ने 28 जुलाई को कुदनी हेड के पास हुई लूट की वारदात का कुछ ही घंटों में सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**कानून के शिकंजे में आए मुख्य नशा तस्कर और सीज संपत्तियां**



गांव हड़ौली निवासी हंसराज की नशा तस्करी की कमाई से अर्जित 80.82 लाख मूल्य की 60 कनाल 13 मरले कृषि भूमि फ्रीज।- पांच आपराधिक मामलों में संलिप्त नशा तस्कर सुरेश उर्फ सेशा निवासी किला मोहल्ला, टोहाना का 30 लाख मूल्य का रिहायशी मकान सीज। चार आपराधिक मामलों में आरोपी अजय कुमार निवासी किला मोहल्ला, टोहाना का 20 लाख का मकान, 5.23 लाख बैंक जमा और बाइक फ्रीज - दो मामलों में नामजद विक्रम सिंह निवासी गांव पीलीमंदोरी की 2.30 लाख कीमत की स्विफ्ट डिजायर कार जब्त।

# 16 अगस्त को मनाया जाएगा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

## नागरिकों ने परिवार सहित शामिल होकर इतिहास की पीड़ा और बलिदानों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का लिया संकल्प

**महेंद्र गोयल, हरियाणा मेल**



**हिसार।** पंजाबी भवन, सेक्टर-14, हिसार में आयोजित शहर के प्रबुद्धजनों एवं पंजाबी समाज की विशाल बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 16 अगस्त को प्रातः 11 बजे पंजाबी भवन, सेक्टर-14, हिसार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी विजय ढल जी ने की। इस अवसर पर विशेष रूप से मेयर प्रवीन पोपली जी, देशराज मनचंदा, भजनलाल अरोड़ा, सरदार गुलजार सिंह काहालो, इंद्र शर्मा, वेद रावल, मेहरचंद मनचंदा, प्रोफेसर हरीश जुनैजा सहित शहर की अनेक धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में लगभग 400 से 500 गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर कार्यक्रम को अभूतपूर्व स्वरूप देने का संकल्प लिया।

राजेंद्र चुटानी ने बताया कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस केवल एक स्मरण कार्यक्रम नहीं, बल्कि उन लाखों ज्ञात-अज्ञात शहीदों और विस्थापित परिवारों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक सामूहिक प्रयास है, जिन्होंने वर्ष 1947 के विभाजन के दौरान अकल्पनीय पीड़ा, अत्याचार और विस्थापन का सामना किया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को उस इतिहास से अवगत कराना समय की आवश्यकता है, ताकि हमारे पूर्वजों के त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचती रहे।

इसी उद्देश्य से 16 अगस्त को हिसार में यह आयोजन पूरे परिवारों की सहभागिता के साथ अत्यंत भव्य रूप में किया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1947 का भारत विभाजन मानव इतिहास की सबसे बड़ी मानवीय त्रासदियों में से एक था। उस विभाजन ने करोड़ों लोगों का जीवन बदल दिया। लाखों लोग हिंसा, विस्थापन और अपनों से बिछड़ने की पीड़ा से गुज़रे तथा असंख्य निर्दोष लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी। अनगिनत परिवारों को अपनी जन्मभूमि, घर, खेत, व्यापार, संपत्ति और जीवनभर की कमाई छोड़कर केवल अपने प्राण बचाने के लिए पलायन करना पड़ा। अनेक माताओं ने अपने पुत्र खोए, बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया और असंख्य परिवार हमेशा के लिए बिछड़ गए।

बैठक में कहा गया कि हमारे पूर्वजों ने असहनीय कष्टों का सामना करते हुए भी अद्भुत साहस, धैर्य और आत्मबल का परिचय दिया। सब कुछ खो देने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। नए स्थानों पर शून्य से जीवन प्रारंभ किया, कठिन परिश्रम किया और अपनी कर्मठता, ईमानदारी तथा राष्ट्रभक्ति के बल पर स्वयं को पुनः स्थापित किया।

# कपास में गुलाबी सुंडी की रोकथाम के लिए फेरोमोन ट्रैप प्रभावी

**महेंद्र सिंह, हरियाणा मेल**



**सिरसा।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के निर्देशन में क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र (आरसीआईपीएमसी) फरीदाबाद तथा संयुक्त कृषि निदेशक (कपास) सिरसा के सहयोग से बुधवार को जिला में कपास की फसल का संयुक्त सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान किसानों को गुलाबी सुंडी सहित अन्य कीटों के प्रभावी प्रबंधन के लिए एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन (आईपीएम) तकनीकों की जानकारी दी गई।

संयुक्त कृषि निदेशक (कपास) डॉ. आत्मा राम गोदारा ने बताया कि तकनीकी सहायक डॉ. रोबर्ट रोबिनसन तथा क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र, फरीदाबाद के अधिकारियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर कपास की फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिन खेतों में फेरोमोन ट्रैप लगाए गए थे, वहां किसानों से फीडबैक भी लिया गया। किसानों ने बताया कि फेरोमोन ट्रैप गुलाबी सुंडी की निगरानी एवं नियंत्रण में काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए अनेक किसानों ने अपने खेतों में बड़ी संख्या में फेरोमोन ट्रैप लगाए हैं।

उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र, फरीदाबाद तथा संयुक्त कृषि निदेशक (कपास), सिरसा के सहयोग से हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, हांसी, भिवानी, चरखी दादरी और जींद जिलों में लगभग 120 फेरोमोन ट्रैप लगाए गए हैं।

बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी हुई शिवमय

# चहुंओर बोलबम की गूंज, ज्योर्तिलिंग के स्पर्श पर रोक

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) सावन माह के पहले दिन गुरूवार से शिवमय हो गई । गंगा तट पर पानी के जलस्तर में बढ़ाव के बावजूद अलसुबह से ही गंगा स्नान के बाद जल लेकर श्रद्धालु और कांवड़िए बाबा विश्वनाथ दरबार की ओर चल पड़े। गंगा तट से मंदिर परिसर तक बोलबम, हर-हर महादेव का गगनभेदी उद्घोष गुंजायमान है। शिवभक्त बाबा के भव्य धाम को देखने के साथ पावन ज्योर्तिलिंग के दरस परस के लिए व्याकुल दिख रहे है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया भक्तों का रेला दरबार में बढ़ता गया। सावन माह में दरबार में भी शिवभक्तों के सुविधा का खासा ख्याल रखा गया है। दरबार में सावन माह भर भक्त झांकी दर्शन ही कर पायेंगे। भक्त ज्योर्तिलिंग का स्पर्श दर्शन नही कर पायेंगे। इस पर रोक लगाई गई है। मंदिर प्रशासन का अनुमान है कि सावन माह के सामान्य दिनों में प्रतिदिन लगभग तीन लाख से अधिक भक्त बाबा विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। सावन के सोमवारों पर यह संख्या पांच लाख से अधिक हो सकती है। मंदिर में दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए परिसर में दर्जनभर स्थानों पर एलईडी टीवी लगाए जाएंगे। बाबा दरबार में श्रद्धालु जिस रास्ते से आएंगे वह उसी रास्ते से वापस लौटेंगे। भक्तों को सामान रखने के लिए लॉकर की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही गर्मी से बचाव के लिए कूलर-पंखे, टेंट और मैट की व्यवस्था की गई है। सावन के पहले दिन ही शहर में प्रवेश करने के लिए चारों मार्गों पर और शहर की सड़कों पर कावड़ियों की आवागमन शुरू हो गया है। कांवड़ियों के लिए प्रयागराज से वाराणसी नेशनल हाइवे की बायीं लेन सावन भर रिजर्व रहेगी। रिजर्व लेन पर चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है।

बीएचयू विश्वनाथ मंदिर में भी सावन मास के सोमवार को गर्भगृह में रूद्राभिषेक पर रोकः श्री विश्वनाथ मंदिर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में सावन मास 30 जुलाई से 28 अगस्त तक मनाया जाएगा। मंदिर के मानित व्यवस्थापक के अनुसार,सावन माह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंदिर में दर्शन के लिए महिला एवं पुरुष की अलग-अलग लाइन की व्यवस्था रहेगी। साथ ही विश्वविद्यालय के कर्मचारी एवं छात्रों के लिए अलग से लाइन रहेगी। मंदिर के व्यवस्थापक के अनुसार, सावन माह के किसी भी रविवार, सोमवार तथा प्रदोष आदि विशेष तिथियों पर मंदिर में अत्यधिक भीड़ बढ़ जाने पर गर्भगृह में यजमानों का रूद्राभिषेक पूजन प्रतिबन्धित रहेगा।

## भारतीय जनता पार्टी का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**करनाल।** स्थानीय सेक्टर-6 में भारतीय जनता पार्टी अर्बन मंडल की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला महामंत्री मानव पुरी तथा मंडल प्रभारी मदन गुर्जर मुख्य रूप से उपस्थित रहे और नए पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर नई जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए अर्बन मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। भाजपा में प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता के परिश्रम, निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण का समय-समय पर सम्मान किया जाता है। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन बनकर प्रत्येक कार्यकर्ता को आगे बढने का समान अवसर प्रदान करती है।

गौरव खुराना ने कहा कि भाजपा का संगठन ही सर्वोपरि है और कार्यकर्ता हमारी पहचान हैं। भारतीय जनता पार्टी में हर कार्यकर्ता का सम्मान, समर्पण का अभिमान और सेवा का सतत अभियान ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। गौरव खुराना ने बताया कि जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के निर्देशानुसार सैक्टर-9 में नसीब सिंह को शक्ति केंद्र प्रमुख और शाम लाल कांबोज को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया।

स्वयं सहायता समूह की बहनों से मिलीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, कहा-

## पीएम मोदी व नायब सरकार ने महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

**आशुतोष गौतम, हरियाणा मेल**



**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने करनाल जिले के बसताड़ा गांव में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एचएसआरएलएम) के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सहायता समूह की बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। आज महिलाएं केवल अपने परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर समाज और देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रही हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया। प्रदेश अध्यक्ष ने महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों, स्वरोजगार गतिविधियों और उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन चुके हैं और इनके माध्यम से हजारों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और अन्य योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।

### खबरें फटाफट

## मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर 31 जुलाई से लमही में तीन दिवसीय समारोह



**वाराणसी।** कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर उनकी जन्मस्थली लमही में 31 जुलाई से तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के मुंशी प्रेमचंद स्मारक एवं शोध संस्थान की ओर से आयोजित इस समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय परिसंवाद से होगा। समारोह के पहले दिन, 31 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित प्रथम सत्र की अध्यक्षता बीएचयू के कुलपति प्रोफेसर अजित कुमार चतुर्वेदी करेंगे। 'प्रेमचंद : मेरे लिए' विषय पर केंद्रित इस सत्र में प्रख्यात कवि प्रोफेसर अरुण कमल (पटना), वरिष्ठ कथाकार अखिलेश (लखनऊ) तथा आलोचक प्रोफेसर आशुतोष कुमार (दिल्ली) अपने विचार रखेंगे। इसके अतिरिक्त बीएचयू कला संकाय की संकाय प्रमुख प्रोफेसर सुषमा घिल्डियाल भी संबोधित करेंगी। दूसरा सत्र अपराह्न दो बजे 'प्रेमचंद की पत्रकारिता' विषय पर आयोजित होगा। इस सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर आफ़ताब अहमद करेंगे। प्रोफेसर आशीष त्रिपाठी, प्रोफेसर अनुराग दवे, प्रोफेसर प्रभाकर सिंह तथा डॉ. अविनाश कुमार सिंह अपने व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। समारोह के समन्वयक एवं मुंशी प्रेमचंद स्मारक एवं शोध संस्थान (लमही) के प्रोफेसर नीरज खरे ने गुरुवार को बताया कि दूसरे दिन एक अगस्त को स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए प्रेमचंद के साहित्य पर आधारित निबंध, प्रश्नोत्तरी (क्विज) और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। समारोह का समापन दो अगस्त को होगा। अंतिम दिन बीएचयू के छात्र प्रेमचंद की रचनाओं पर आधारित नाट्य मंचन प्रस्तुत करेंगे। इसी अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए जाएंगे तथा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## महापौर ने जाना पूर्व उद्योग मंत्री का कुशलक्षेम, चिकित्सकों से ली स्वास्थ्य की जानकारी



**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने वीरवार को रावल अस्पताल पहुंचकर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं हरियाणा के पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मेहता का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामना की। साथ ही उपस्थित चिकित्सकों और परिजनों से भी उनके स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि शशि पाल मेहता ने लंबे समय तक जनसेवा और संगठन के माध्यम से समाज व प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका अनुभव, सादगी, समर्पण और सार्वजनिक जीवन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ईश्वर की कृपा और चिकित्सकों के सतत प्रयासों से वे शीघ्र पूर्णतः स्वस्थ होकर पूर्ववत ऊर्जा, उत्साह और समर्पण के साथ जनसेवा तथा राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। महापौर ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि प्रभु शशि पाल मेहता को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, सुख-समृद्धि तथा निरंतर सेवा करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि पूरे भाजपा परिवार और शुभचिंतकों की शुभकामनाएं उनके साथ हैं। सभी उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रहे हैं।

शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर

## 598वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**करनाल।** महान स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद ऊधम सिंह के शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर हरियाणा राज्य परिवहन, करनाल के बस अड्डा परिसर में 598वाँ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ हरियाणा राज्य परिवहन, करनाल के महाप्रबंधक श्री कुलदीप सिंह ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए। राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी हरियाणा पुलिस के उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा के संयोजन में आयोजित इस शिविर में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविन्द्र सचदेवा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी चरंजी लाल वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से राजपाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। नागरिक अस्पताल करनाल के क्षेत्रीय रक्त संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा के नेतृत्व में चिकित्सकीय दल ने रक्त संग्रह किया। शिविर में कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदाताओं में सागर पाल, सुरेन्द्र, साहिल, रवि, राजबीर सिंह, नवीन, परमजीत सिंह, कमल, पंकज, सोनू, पवन, अमित यादव, अनुराग, अमित, विनय, राहुल कुमार, राम कुमार, रवि कुमार, भानु, ललित, अजय कुमार, अंकित, शेखर कुमार, विनीत, विजय कुमार, पंकज, अमन, राहुल कुमार, राम कुमार, अमित, विनोद कुमार, कुशल, रोहित कुमार, ऋषभ कुमार, सतवंत सिंह, धर्मवीर, विकास कुमार, पंकज, नरेश कुमार तथा मनजीत सहित अनेक युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि वे अब तक 184 बार स्वैच्छिक रक्तदान, 90 बार प्लेटलेट्स दान तथा 1 बार प्लाज़्मा दान कर चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में आयोजित 598 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से सरकारी रक्तकोषों को 21,306 यूनिट रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है, जिससे 63,918 मरीजों को जीवनदान मिला है।

## सावन के पहले दिवस पर भोलेनाथ को करवाया जलाभिषेक एवं पंचामृत स्नान

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर 8 में सावन के पहले दिवस पर सैकड़ो की संख्या में जन् समूह ने समर्पित भाव से जलाभिषेक एवं पंचामृत स्नान किया। हर हर महादेव के जयकारों से मंदिर गुंजाई मान हो उठा। आज शिव आराधना में जन मानस ने गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद, बेलप,त्र धतूरा इत्यादि चढ़ाया। मंदिर के प्रांगण में हर समय लगभग 3000 लीटर गंगाजल उपलब्ध रहता है।

आज मुख्य यजमान के रूप में डॉक्टर आर के सचदेवा उनकी धर्मपत्नी राजरानी ने पूर्ण परिवार के साथ भोले बाबा को फूलों द्वारा बहुत सुंदर रूप से सुसज्जित किया। भोले बाबा की शिव स्तुति पंचाक्षरी मंगलम का पाठ एवं महामृत्युंजय मंत्र सामूहिक रूप से हुआ।

सम्मानित सदस्य के रूप में संजय बठला ओएसडी मुख्यमंत्री हरियाणा ने भोले बाबा के चरणों में सर झुका कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आज डॉक्टर आरके सचदेवा एवं राजरानी की 52 वी शादी की वर्षगांठ और संजीव ढींगरा एवं यक्षित सचदेवा का का जन्म दिवस भोले बाबा के चरणों में मनाया गया।

## गंगा नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नाव संचालन पर रोक

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में जिला प्रशासन में गुरुवार को गंगा नदी में चलने वाली सभी नावों पर रोक लगा दी। जल पुलिस द्वारा जिला प्रशासन के आदेश को नाविकों को बताया गया। पुलिस कर्मियों ने कहा कि हवाएं तेज चल रही हैं, गंगा नदी में ऊंची लहरें उठ रही हैं। इस कारण अगले आदेश तक नाव के संचालन पर रोक लग गई है।

जल पुलिस के कर्मचारियों ने विभागीय नाव पर सवार होकर माइक लेकर घाटों के किनारे जोर-जोर से अपील करते हुए उक्त जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि घाटों पर नहा रहे श्रद्धालुओं को विशेष सतर्कता बरतनी है। नदी में उठ रही लहरों के कारण कभी भी दुर्घटना होने की संभावना है। इस कारण स्नान के लिए बने स्थान पर ही स्नान करें। वहीं, गुरुवार को गंगा नदी के जलस्तर पर नजर रखने वाली टीमें भी सक्रिय हो गईं। घाट किनारे संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई हैं। इसके साथ ही जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें अलग-अलग भ्रमण पर निकली और निरीक्षण करती रहीं। एनडीआरएफ के अधिकारी शुभम मिश्रा ने कहा कि गंगा नदी में उठ रही लहरों के कारण दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। इसको देखते हुए एनडीआरएफ के बचाव दल कर्मियों ने सक्रियता और नदी में निरीक्षण बढ़ा दिया है।

## अक्तूबर माह में एमएचयू का दौरा करेंगे माननीय राज्यपाल

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**करनाल।** महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी करनाल के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने बृहस्पतिवार को लोकभवन चंडीगढ़ में माननीय राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से मुलाकात की, इस दौरान एमएचयू कुलपति ने माननीय राज्यपाल को एमएचयू के फ्लोरिकल्चर विभाग के विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिकों द्वारा सूख फूलों की सहायता से विशेष रूप से तैयार पुष्पगुच्छ भेंट की। इसी के साथ ही फलों की टोकरी, जिसमें क्रीमी हनी, फालसा जूस, मैंगो कैंडी, आम पन्ना जैम, कमलम, आम एवं अमरूद के बनाए उत्पादों को भेंट किया, जिसे एमएचयू द्वारा नवाचार से स्वयं तैयार किया गया।

इन उत्पादों के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा बागवानी क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान, मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की झलक प्रस्तुत की गई। कुलपति प्रो. सुरेश ने माननीय राज्यपाल को एमएचयू की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि एमएचयू लगातार निर्धारित लक्ष्यों की ओर बढ़ रही है, इसके लिए एमएचयू के वैज्ञानिक, अधिकारीगण आपसी तालमेल के साथ काम कर रहे है।

## जनहित संकल्प पार्टी के वाराणसी में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पूर्व ही जनहित संकल्प पार्टी ने वाराणसी में अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर दी है। जनहित संकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर.एस. पटेल ने जंसा में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया है। गुरुवार को कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर डॉ. आर.एस. पटेल ने कहा कि जंसा के दिनदासपुर गांव में कार्यकर्ताओं के लिए कार्यालय खोल दिया गया है। वाराणसी में रोहनिया और सेवापुरी, दो विधानसभाओं में पार्टी अपना प्रत्याशी उतार रही है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में हम प्रत्याशी उतरेंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इस पार्टी का लक्ष्य बेरोजगारों को रोजगार दिलाना है, किसानों को उनका अधिकार दिलाना है और समाज में बहन बेटी की सुरक्षा की मांग उठाना है। वाराणसी में किसानों की जमीन जहां भी छीनी जा रही है, हम उनके साथ खड़े हैं।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक पटेल, किसान मंच के जिलाध्यक्ष राम विकास, महिला मंच से शशिकला, युवा मंच के जिलाध्यक्ष मुन्ना लाल पटेल, सरदार सेना के जिलाध्यक्ष देव पटेल, जिला संयोजक अमन वर्मा, विनोद पटेल और कार्यालय प्रभारी महेंद्र वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुरक्षित भविष्य की नींव है वृक्षारोपण

सतत भविष्य के लिए वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनना चाहिए : केयूके कुलपति

**हरिदास, हरियाणा मेल**



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने गुरुवार को सामुदायिक केंद्र के पास छात्र कल्याण विभाग (डीएसडब्ल्यू) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया, जो पर्यावरण स्थिरता और हरित परिसर निर्माण के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम का नेतृत्व कुलपति प्रोफेसर सोम नाथ सचदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया, जबकि रजिस्ट्रार लेफ्टिनेंट (प्रोफेसर) वीरेंद्र पाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर सोम नाथ सचदेवा ने कहा कि वृक्षारोपण मात्र एक औपचारिक गतिविधि नहीं है, बल्कि प्रकृति और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वृक्षारोपण न केवल वर्तमान की आवश्यकता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव भी है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक वृक्ष लगाने और उसके पूर्ण विकास तक उसकी देखभाल करने का आग्रह किया। पारिस्थितिक संतुलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कुलपति ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी की जीवनरेखा हैं क्योंकि वे स्वच्छ वायु, स्वस्थ वातावरण और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता से ही आने वाली पीढ़ियां एक सुरक्षित और टिकाऊ विश्व विरासत में प्राप्त कर सकती हैं। रजिस्ट्रार लेफ्टिनेंट (प्रो.) वीरेंद्र पाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सक्रिय जनभागीदारी से ही संभव है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पौध लगाना महत्वपूर्ण है, लेकिन उनका जीवित रहना और उचित देखभाल सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। छात्र कल्याण विभाग के डीन, प्रोफेसर ए.आर. चौधरी ने कहा कि प्रत्येक पौधा स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित भविष्य की नींव रखता है। उन्होंने पर्यावरण संबंधी पहलों में छात्रों और युवाओं की भागीदारी के महत्व पर बल देते हुए कहा कि ऐसे अभियान न केवल जागरूकता पैदा करते हैं बल्कि युवाओं में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं।

## 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव का हुआ शुभारंभ

प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान ने पर्यावरण संरक्षण को दिया जन आंदोलन का स्वरूप : वेदपाल एडवोकेट

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के एचएसएएमबी के चेयरमैन वेदपाल एडवोकेट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान ने पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया है। जलवायु परिवर्तन आज पूरी दुनिया के सामने गंभीर चुनौती बन चुका है। बढ़ता तापमान, असमय वर्षा, भूजल स्तर में गिरावट और प्रदूषण जैसी समस्याओं का समाधान केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से संभव है। इसलिए सभी को पौधारोपण जैसे कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ-साथ पौधे रोपित करके उनकी रक्षा भी करनी होगी।

चेयरमैन वेदपाल एडवोकेट वीरवार को राजकीय बहुतकनीकी संस्थान उमरी के परिसर में आयोजित 77 वें जिला स्तरीय वन महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले एचएसएएमबी के चेयरमैन वेदपाल एडवोकेट, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन सुभाष कलसाना, चेयरमैन गुरनाम सैनी, जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर, नप चेयरमैन माफी ढांडा, भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश सैनी, जिप उपाध्यक्ष डीपी चौधरी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान उमरी के कार्यकारी प्रिंसिपल कमल सचदेवा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर वन महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान सभी मेहमानों ने करनाल (घरौंडा) में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को भी लाईव देखा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संबोधन को भी सुना। चेयरमैन वेदपाल एडवोकेट ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार है और इसके माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम मुहिम का हिस्सा बनें और अपनी मां के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बनाने के लिए पौधे जरूरी रोपित करे।

उन्होंने कहा कि आज का दिन अत्यंत पावन और प्रेरणादायी है। यह वन महोत्सव प्रकृति संरक्षण के प्रति समाज की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## एआई एवं वीडियो एडिटिंग कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखी तकनीकी बारीकियां

**सोनिका वधवा, हरियाणा मेल**




**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और भविष्य की डिजिटल चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से अग्रसेन पब्लिक स्कूल, सेक्टर-13, कुरुक्षेत्र में फोकस लैब स्टूडियो एंड अकादमी के सहयोग से एकदिवसीय एआई एवं वीडियो एडिटिंग कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन फोकस लैब स्टूडियो एंड अकादमी के निदेशक एवं डिजिटल मीडिया विशेषज्ञ अनिल कुमार ने किया। इसमें कक्षा 8 से 12 तक के लगभग 100 से 120 चयनित विद्यार्थियों ने भाग लेकर एआई, वीडियो एडिटिंग, कैमरा हैंडलिंग, पॉडकास्ट प्रोडक्शन, सोशल मीडिया मैनेजमेंट और डिजिटल कंटेंट क्रिएशन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

विद्यालय की प्राचार्या रीटा गोयल ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और डिजिटल मीडिया की बढ़ती उपयोगिता को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए इन तकनीकों की जानकारी अत्यंत आवश्यक हो गई है। इसी उद्देश्य से विद्यालय में फोकस लैब स्टूडियो एंड अकादमी के माध्यम से इस विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एआई और डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं, इसलिए विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही इन तकनीकों से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

# गाजीपुर में 692 करोड़ की 268 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

### गाजीपुर में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर मुख्यमंत्री ने अच्छे जनप्रतिनिधि चुनने की अपील की



हरियाणा मेल, एजेंसी

**गाजीपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गाजीपुर में 692 करोड़ रुपये की 268 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास कर लोगों से ऐसे जनप्रतिनिधि चुनने की अपील की जो जनता की पैरोकारी कर सके। उन्होंने कहा कि ऐसे सांसद नहीं, जो अवैध असलहा लाइसेंस बनाने में व्यस्त हों। ऐसे जनप्रतिनिधि नहीं जो फर्जी लाइसेंस बनाकर जनता के घरों में डकैती व अवैध कब्जे का दुस्साहस करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गाजीपुर में लोकार्पण व शिलान्यास वाली योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इनका लाभ गाजीपुर, जखनिया, मोहम्मदाबाद, सैदपुर, जमानिया, जहूराबाद व जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गाजीपुर के स्प्रिचुअल टूरिज्म से जुड़े स्थानों का विकास हो रहा है। लहुरी काशी के रूप में विख्यात गाजीपुर का अलग महत्व है। जो जनपद पौहारी बाबा का आश्रम, भगवान परशुराम, महर्षि जमदग्नि का महत्पूर्ण केंद्र रहा है, वहां माफिया का पनपना शोभा नहीं देता। ये माफिया किसी के नहीं होते। ये समाज का खून चूसते हैं। गरीबों का शोषण, व्यापारियों को भयभीत और बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व विधायक कृष्णानंद राय ने माफिया के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, लेकिन सत्ता के संरक्षण में पल रहे माफिया ने निर्ममता व बर्बरता के साथ कृष्णानंद राय के साथ ही सात युवाओं की हत्या कर दी थी। सारे सबूत होने के बावजूद माफिया को सत्ता का संरक्षण मिलता रहा, परंतु अब माफिया को संरक्षण नहीं मिल सकता, ऐसा करने वालों की दुर्गति तय है।

मुख्यमंत्री ने वीर अब्दुल हमीद समेत रणबांकुरों व साहित्यकारों का नाम लेकर कहा कि एशिया के सबसे बड़े गांव गहमर में 12000 से अधिक सैनिक/सेनाधिकारी तथा 15000 से अधिक अवकाश प्राप्त सैनिक/सेनाधिकारी रहते हैं। गाजीपुर के रणबांकुरे देश की आजादी की लड़ाई में, कबीलाई हमले में, 1962, 1965, 1971 व 1999 के कारगिल युद्ध तथा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी पीछे नहीं हटे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा गठित आजाद हिंद फौज से भी यहां के दर्जनों युवा जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजीपुर की धरती सदैव से राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा का केंद्रबिंदु रही है। सपा पर प्रहार करते हुए सीएम ने कहा कि उन्होंने राष्ट्र नायकों के बजाय विदेशी आक्रांताओं को महिमा मंडित किया, जबकि एनडीए सरकार राष्ट्रनायकों को सम्मान देती है। 1000 वर्ष पहले राष्ट्रनायक महाराजा सुहेलदेव ने सालार मसूद को बहराइच के चित्तौरा में रौंद दिया था। उसे इस्लाम के अनुरूप सबसे कड़ी सजा दी। इसके बावजूद सपा व कांग्रेस ने महाराज सुहेलदेव के नाम पर कोई आयोजन नहीं होने दिया बल्कि ये लोग सालार मसूद गाजी का मेला लगवाते थे। हमारी सरकार ने कहा कि सालार मसूद की नहीं बल्कि महाराज सुहेलदेव की स्मृति में मेला लगेगा। सरकार ने बहराइच में महाराज सुहेलदेव का भव्य स्मारक व प्रतिमा लगवाई और मेडिकल कॉलेज बनवाया।

## भारत के खिलाफ होने वाली साजिशों को समझना होगा : सीएम योगी

**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे देश की प्रगति यात्रा में बाधा उत्पन्न करने वालों से सावधान और सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि हम सभी को भारत के खिलाफ होने वाली साजिशों को समझना होगा। कुछ ताकतें भारत की प्रगति यात्रा, सनातन संस्कृति एवं परंपरा को तबाह करना चाहती हैं। अपने ही समाज में कालनेमि का रूप धारण कर बैठे देश विरोधी षड्यंत्रकारियों से हम अनभिज्ञ बने रहेंगे तो अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसी स्थिति होगी। सीएम योगी बुधवार को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में विगत 23 जुलाई से चल रही श्रीराम कथा के विश्राम सत्र और गुरु पूर्णिमा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के चित्र पर पुष्पार्चन करने तथा व्यासपीठ का पूजन करने के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इसी समाज के कुछ लोग ही दुनिया की उन ताकतों के प्रवक्ता बने हुए हैं जो सनातन संस्कृति पर आघात करने में लगी हुई हैं। ऐसी ताकतों और उनके प्रवक्ताओं से जो व्यक्ति एवं समाज सतर्क व सावधान रहकर अपने परिमार्जन के लिए तैयार रहेगा, उसका परिवार तथा समाज उतना अधिक सुख रहेगा। समाज सुखी रहेगा तो राष्ट्र को समृद्धि के पथ पर अग्रसर होने से कोई नहीं रोक आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 12 वर्षों से तीव्र प्रगति कर रहा भारत अगले दो तीन सालों में दुनिया के तीन शीर्ष देशों में सम्मिलित हो जाएगा।

### उत्तर प्रदेश की 11,350 ग्राम पंचायतों में

# हाईटेक डिजिटल लाइब्रेरियों से आधुनिक अध्ययन सुविधाओं का हो रहा विस्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण युवाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में पंचायती राज विभाग की ओर से प्रदेश की 11,350 ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध रूप से हाईटेक डिजिटल लाइब्रेरियों की स्थापना की जा रही है। इन लाइब्रेरियों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों एवं युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, कौशल विकास तथा डिजिटल शिक्षण के लिए गाँव में ही आधुनिक अध्ययन सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।

योजना के प्रथम चरण में 37 जनपदों में पुस्तकों एवं फर्नीचर की आपूर्ति शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है। अब तक 10, 976 ग्राम पंचायतों में पुस्तकों तथा 9,909 ग्राम पंचायतों में आधुनिक फर्नीचर की स्थापना पूरी की जा चुकी है। प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी पर लगभग 4 लाख रुपये का निवेश किया जा रहा है, जिसमें पुस्तकों, आईटी उपकरणों तथा आधुनिक फर्नीचर की व्यवस्था शामिल है। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 20 हजार से अधिक डिजिटल अध्ययन सामग्री, ई-बुक्स, वीडियो लेक्चर, ऑडियो कंटेंट, डिजिटल लर्निंग मॉड्यूल एवं इंटरैक्टिव क्विज उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस योजना के सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। जनपद मथुरा की ग्राम पंचायत अडिंग स्थित डिजिटल लाइब्रेरी ज्ञानम् ज्योतिः से अध्ययन कर टिटू शर्मा एवं मनीष यादव का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक पद पर हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी ने दोनों युवाओं को सम्मानित किया। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण अध्ययन संसाधन उपलब्ध होने पर प्रतिभाएँ नई ऊँचाइयों तक पहुँच सकती हैं।

पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा डिजिटल लाइब्रेरी योजना ग्रामीण युवाओं को शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। सरकार का लक्ष्य है कि गाँव का कोई भी प्रतिभाशाली छात्र संसाधनों के अभाव में पीछे न रहे। आधुनिक अध्ययन सुविधाओं के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने का हमारा संकल्प लगातार साकार हो रहा है।

## खबरें फटाफट

### सड़क हादसे में सगे भाइयों की मौत, पिकअप चालक गंभीर घायल

**औरैया।** उत्तर प्रदेश जनपद जालौन के कुठौंद क्षेत्र अंतर्गत हाईवे पर गुरुवार तड़के भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार सगे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए औरैया जनपद के 50 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। वहीं मृत भाइयों के शवों का औरैया कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम भेजते हुए कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब पांच बजे पड़ोसी जनपद जालौन के कौंच निवासी नसीर (26) और उनके बड़े भाई शहीद (48) बाइक से किसी कार्य से जा रहे थे। कुठौंद थाना क्षेत्र में हाईवे पर सामने से आ रही पिकअप से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों भाई और पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही यूपीडा एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को औरैया जनपद के 50 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सकों ने बाइक सवार सगे भाई नसीर और शहीद को मृत घोषित कर दिया, जबकि पिकअप चालक शेर सिंह निवासी ललितपुर की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली औरैया के प्रभारी राजकुमार सिंह पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### यूपी रेरा की अर्धवार्षिक रिपोर्ट 2026 : उत्तर प्रदेश के रियल एस्टेट क्षेत्र में मजबूत विकास के संकेत

**लखनऊ/गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण ने वर्ष 2026 की अर्धवार्षिक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के रियल एस्टेट क्षेत्र में लगातार अच्छी प्रगति देखने को मिल रही है। इस दौरान नई परियोजनाओं के पंजीकरण में वृद्धि हुई है, नए आवासों की संख्या बढ़ी है, निवेश में इजाफा हुआ है और घर खरीददारों के हितों की सुरक्षा के लिए विवादों का तेजी से समाधान और धनवापसी का काम भी प्रभावी ढंग से किया गया है। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि बेहतर नियम व्यवस्था, मजबूत बुनियादी ढांचे और निवेशकों के बढ़ते भरोसे के कारण उत्तर प्रदेश देश के सबसे तेजी से विकसित और पारदर्शी रियल एस्टेट बाजारों में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। जनवरी से जून 2026 के बीच उत्तर प्रदेश रेरा में 143 नई रियल एस्टेट परियोजनाएं पंजीकृत हुईं, जबकि वर्ष 2025 की इसी अवधि में 134 परियोजनाएं पंजीकृत हुई थीं। सबसे अधिक परियोजनाएं लखनऊ (37) में पंजीकृत हुईं। इसके बाद गौतम बुद्ध नगर (27), गाजियाबाद (19), आगरा (10), मथुरा (10), वाराणसी (7), झांसी (3), बाराबंकी (3), बरेली (3) और प्रयागराज (3) का स्थान रहा। इन परियोजनाओं में 46,049 आवासीय इकाइयों के निर्माण का प्रस्ताव है, जिनमें लगभग 31,952 करोड़ रुपये का निवेश होगा। वर्ष 2025 की पहली छमाही में 35,082 आवासीय इकाइयों का प्रस्ताव था। परियोजनाओं और आवासों की बढ़ती संख्या यह दशार्ती है कि उत्तर प्रदेश की नीतियों, रेरा की व्यवस्था और तेजी से विकसित हो रहे बुनियादी ढांचे पर डेवलपर्स और निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अब उत्तर प्रदेश का रियल एस्टेट विकास केवल एनसीआर तक सीमित नहीं है। जहां एनसीआर में विशेष रूप से प्रीमियम और लक्जरी परियोजनाओं में बड़े निवेश जारी हैं, वहीं एनसीआर के बाहर भी आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है।

### सावन के पहले दिन शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, सुबह से गूंज रहे 'हर-हर महादेव' के जयकारे

**कानपुर।** सावन माह के पहले दिन गुरुवार को शहर के प्रमुख शिवालयों में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। तड़के से ही परमट स्थित श्री आनंदेश्वर महादेव मंदिर, जाजमऊ के सिद्धनाथ महादेव मंदिर, नवाबगंज के जागेश्वर महादेव मंदिर, शिवराजपुर के खेरेश्वर महादेव मंदिर, बिठूर के वनखंडेश्वर महादेव मंदिर और शिवाला स्थित प्रयाग नारायण शिवालय में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भक्तों ने गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, भांग, पुष्प और फल अर्पित कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंजते रहे। परमट स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। मंगला आरती के बाद शुरू हुआ जलाभिषेक और दर्शन का सिलसिला जारी है।

# जयपुर में 'भारत टैक्सी' सेवा का ट्रायल शुरू, यात्रियों को मिलेगा 10-15% सस्ता किराया

हरियाणा मेल, एजेंसी

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में सहकारी मॉडल पर आधारित भारत टैक्सी सेवा का ट्रायल शुरू हो गया है। कंपनी का दावा है कि इस ऐप के जरिए यात्रियों को अन्य कैब एग्रीगेटर कंपनियों की तुलना में 10 से 15 प्रतिशत तक कम किराए पर सफर की सुविधा मिलेगी। साथ ही चालकों से किसी प्रकार का कमीशन नहीं लिया जाएगा, जिससे उनकी आय भी बढ़ सकेगी। फिलहाल सेवा शुरूआती चरण में है और आने वाले कुछ महीनों में पूरे शहर में 24 घंटे टैक्सी उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

कंपनी के अनुसार भारत टैक्सी में यात्रियों से पीक आवर्स, बारिश या अधिक मांग के समय भी अतिरिक्त किराया नहीं लिया जाएगा। यानी अन्य कैब सेवाओं की तरह इसमें सर्ज प्राइसिंग लागू नहीं होगी और दिन-रात या व्यस्त समय में भी किराया सामान्य रहेगा।




यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐप में 'शेक टू एसएमएस' फीचर भी जोड़ा गया है। इस सुविधा के तहत यात्री तीन आपातकालीन मोबाइल नंबर पहले से दर्ज कर सकते हैं। किसी भी आपात स्थिति में मोबाइल फोन को जोर से हिलाते ही यात्री की लाइव लोकेशन स्वतः इन तीनों नंबरों पर भेज दी जाएगी।

कंपनी का कहना है कि यह फीचर विशेष रूप से महिलाओं और अकेले यात्रा करने वाले लोगों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करेगा।फिलहाल भारत टैक्सी की सेवाएं जयपुर के मालवीय नगर, दुर्गापुरा, टोंक रोड, सोडाला और जवाहर सर्किल जैसे क्षेत्रों में आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। वहीं वैशाली नगर, प्रतापनगर, मान्यावास, भांकरोटा, आगरा रोड और सीकर रोड सहित शहर के बाहरी इलाकों में अभी वाहनों की संख्या सीमित होने के कारण यात्रियों को टैक्सी मिलने में कुछ समय लग सकता है। कंपनी के अनुसार बीते एक महीने में जयपुर से करीब 36 हजार चालकों ने पंजीकरण कराया है, लेकिन फिलहाल 3,400 वाहन ही संचालन में हैं। जैसे-जैसे अधिक वाहन सेवा से जुड़ेंगे, शहर के सभी क्षेत्रों में 24 घंटे टैक्सी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।भारत टैक्सी जयपुर के सिटी हेड अभिषेक चारण ने बताया कि सेवा अभी शुरूआती चरण में है। आने वाले कुछ महीनों में पूरे जयपुर में 24 घंटे टैक्सी सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कंपनी का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और किफायती सफर उपलब्ध कराना तथा चालकों को बिना किसी कमीशन के बेहतर आय का अवसर देना है।

### मार्ग दुर्घटना में कांग्रेस नेता के पुत्र समेत दो की मौत

हरियाणा मेल, एजेंसी

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जनपद में नगर कोतवाली थाना क्षेत्र में बीती रात बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष इकलौते और एक बाइक सवार समेत दो लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे में मृत कांग्रेस नेता के बेटे का ममेरा भाई गंभीर रूप से घायल है। अपर पुलिस अधीक्षक श्याम कांत ने गुरुवार को बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बसहवा फ्लाई ओवर के पास बस्ती से अयोध्या मार्ग पर बीती रात दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहन में टक्कर हो गई। इस दुर्घटना के चलते कार की टक्कर सामने से आए एक तेज रफ्तार ट्रक से हो गई। हादसे के बाद मौके से ट्रक चालक फरार हो गया। इस दुर्घटना में दो पहिया चालक संदीप कुमार प्रजापति (२२)पुत्र राम उजागर प्रजापति ग्राम पिलखाए थाना कप्तानगंज व चार पहिया वाहन संख्या यूपी 51 बीजेड 8319 सवार हर्ष गुप्ता पुत्र नीरज कुमार गुप्ता, कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र पांडेय का बेटा शिवांश पांडे (28) निवासी ग्राम पिकौरा बक्श थाना कोतवाली तथा शिवांश के मामा भूषण कुमार मिश्रा का बेटा तपिश मिश्रा निवासी तपसी धाम घायल हो गए।

## जिला अस्पताल से अगवा 10 वर्षीय बच्ची की हत्या, आरोपित सिपाही अभिषेक यादव गिरफ्तार

- सीसीटीवी फुटेज से खुला राज, चिउटहा पुल के नीचे मिला मासूम का शव
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद दरिंदगी की होगी पुष्टि

हरियाणा मेल, एजेंसी

**गोरखपुर।** गोरखपुर में मानवता को झकझोर देने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जिला अस्पताल परिसर से 10 वर्षीय मासूम बच्ची के अपहरण के बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज वारदात में पुलिस ने गोरखपुर में तैनात सिपाही अभिषेक यादव को गिरफ्तार किया है। गुरुवार सुबह बच्ची का शव चिउटहा पुल के नीचे बरामद होने के बाद पूरे शहर में शोक और आक्रोश का माहौल है।



पुलिस के अनुसार मंगलवार रात बच्ची रहस्यमय परिस्थितियों में जिला अस्पताल परिसर से लापता हो गई थी। परिजनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान अस्पताल परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें पुलिस की वर्दी पहने एक युवक बच्ची को अपनी बाइक पर बैठाकर ले जाता हुआ दिखाई दिया।फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर युवक की पहचान गोरखपुर में तैनात सिपाही अभिषेक यादव के रूप में हुई।

### सिख विरोधी दंगों में दस हजार से ज्यादा सिख भाई-बहन मारे गए थे : केशव प्रसाद मौर्य

हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख विरोधी दंगों में करीब तीन हजार व समूचे देश में दस हजार से ज्यादा बेकसूर सिख भाई-बहन मारे गए थे। हत्या व दंगा-फसाद को उकसाने में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता गांधी परिवार की छतरी के नीचे काम करते थे।

कुछ को उम्र कैद की सजा हुई और तबके कई के मामले अभी भी अदालत की चौखट पर हैं। उप मुख्यमंत्री ने गुरूवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि हत्याओं को जायज ठहराने के लिए प्रधानमंत्री बनते ही राजीव गांधी ने मासूमियत से हत्यारों का बचाव करते हुए कहा था, जब बड़ा पेड़ गिरता है, तब धरती हिलती है।

मतलब साफ था, तब प्रधानमंत्री राजीव गांधी कांग्रेसी दंगाइयों को बचा रहे थे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बिना ज्ञान के विशेषज्ञ राहुल गांधी को सबकुछ पता है, बस यही नहीं पता कि वे लोकसभा में विपक्ष के नेता भी हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को लेकर उन्होंने जो अनर्गल बयान दिया है, उससे उनकी पांच दफा की सांसदी की कलई खुल गई है। उनको प्रशासन का क, ख, ग नहीं आता।

## केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में गहराया जल संकट, सैकड़ों मछलियों की मौत

हरियाणा मेल, एजेंसी

**भरतपुर।** विश्व प्रसिद्ध केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (घना पक्षी विहार) इन दिनों भीषण जल संकट से जूझ रहा है। पांचना बांध से पानी नहीं मिलने और इस वर्ष सामान्य से कम बारिश होने के कारण उद्यान के अधिकांश वेटलैंड और तालाब सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि सैकड़ों मछलियां दम तोड़ चुकी हैं, कछुए पानी के अभाव में तड़प रहे हैं और बड़ी संख्या में पक्षी दूसरे वेटलैंड क्षेत्रों की ओर पलायन करने लगे हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान की जीवनरेखा माने जाने वाले पांचना बांध से इस बार अब तक पानी नहीं छोड़ा गया है। बांध में जलस्तर कम होने के कारण पानी उपलब्ध नहीं कराया जा सका। सामान्यतः पांचना बांध का पानी पहले अजान बांध में पहुंचता है और वहां से घना पक्षी विहार के वेटलैंड में



छोड़ा जाता है, जिससे पूरे उद्यान की पारिस्थितिकी संतुलित रहती है।

उद्यान के उप वन संरक्षक (डीएफओ) चेतन कुमार ने बताया कि पानी की लगातार कमी के कारण घना के अधिकांश तालाब और वेटलैंड लगभग खाली हो चुके हैं। गर्मी के दौरान जलस्तर लगातार गिरने से सैकड़ों मछलियों की मौत हो चुकी है। जिन क्षेत्रों में पानी तेजी से कम हो रहा था, वहां से मछलियों को बचाकर डी ब्लॉक के अपेक्षाकृत गहरे जलाशय में स्थानांतरित किया गया, लेकिन जल संकट लगातार बढ़ने से अब अन्य वन्य जीव और पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं।

### लोकसभा के आंकड़ों का हवाला देकर गहलोत का भाजपा पर हमला, बोले-

# कांग्रेस राज में राजस्थान हरियाली बढ़ाने में देश में चौथे स्थान पर रहा

हरियाणा मेल, एजेंसी

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा में पेश किए गए आंकड़ों का हवाला देते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 के अनुसार कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में राजस्थान के वन एवं वृक्ष आवरण में 394.46 वर्ग किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई, जिससे प्रदेश देशभर में चौथे स्थान पर रहा।

गहलोत ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा कि पर्यावरण मंत्रालय द्वारा 20 जुलाई 2026 को लोकसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार राजस्थान का वन एवं वृक्ष आवरण 26,995 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 27,389 वर्ग



किलोमीटर हो गया। उन्होंने इसे कांग्रेस सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि जिस प्रदेश का दो-तिहाई हिस्सा थार मरुस्थल है, वहां हरित क्षेत्र में इतनी वृद्धि होना ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने दावा किया कि देश में कुल बढ़े हरित क्षेत्र का 27 प्रतिशत से अधिक योगदान अकेले राजस्थान का रहा, जबकि भाजपा शासित मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 612 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र की कमी दर्ज हुई। पूर्व मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि का श्रेय कांग्रेस सरकार की घर-घर औषधि योजना, मनरेगा के तहत व्यापक पौधारोपण, वन विभाग को पर्याप्त बजट और आमजन की भागीदारी को दिया। उन्होंने किसानों, महिलाओं, मनरेगा श्रमिकों और वनकर्मियों का आभार भी जताया। गहलोत ने वर्तमान भाजपा सरकार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लोकसभा में प्रस्तुत एक अन्य आंकड़े के अनुसार वर्ष 2025-26 में 11.57 करोड़ पौधे लगाने का दावा किया गया, लेकिन इनमें से केवल 1.69 करोड़ पौधों का ही सत्यापन हो सका। जबकि पौधारोपण पर 127.78 करोड़ रुपये खर्च किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद पौधे कहां गए, इसकी जांच होनी चाहिए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

# योगी सरकार की पहल पर कानपुर में संवर रही गोवंश की सेहत

- 15 हजार से ज्यादा बेसहारा गोवंश को मिला सुरक्षित ठिकाना, 75 गौशालाओं में बदली तस्वीर
- 70 अस्थायी और 5 वृहद केंद्रों में बेहतर हुई देखभाल, बारिश के मौसम में स्वास्थ्य जांच और चारे का विशेष इंतजाम

हरियाणा मेल, एजेंसी

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश भर में निराश्रित गोवंश के संरक्षण और उनकी बेहतर देखभाल को लेकर बेहद गंभीर रुख अपनाए हुए है। इसी नीति के तहत कानपुर जिले में एक व्यापक और योजनाबद्ध अभियान चलाकर हजारों बेसहारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय स्थलों तक पहुंचाया गया है। गोवंश को नया सहारा मिला है। पूरे जिले में पशु संरक्षण की एक मजबूत व्यवस्था भी तैयार



हो गई है।

कानपुर जिले में बेसहारा जानवरों की समस्या के स्थाई समाधान के लिए 75 गौशालाएं पूरी सक्रियता के साथ काम कर रही हैं। इन सभी संरक्षण केंद्रों में शासन की गाइडलाइन के अनुसार व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई हैं। आंकड़ों के मुताबिक, जिले की सभी छोटी-बड़ी गौशालाओं को मिलाकर अब तक कुल 15,012 बेसहारा गोवंश को संरक्षित कर उन्हें सुरक्षित माहौल दिया गया है।

जिला प्रशासन ने बेसहारा मवेशियों को ठहराने के लिए दो स्तरों पर व्यवस्था की है। ग्रामीण इलाकों में 70 अस्थायी गौशालाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें 6,654 गोवंश का रखरखाव हो रहा है।

वहीं, लंबी अवधि और बेहतर देखभाल के उद्देश्य से पांच बड़े वृहद गो संरक्षण केंद्र बनाए गए हैं, जो स्थाई रूप से काम कर रहे हैं। इन पांच बड़े स्थाई केंद्रों में 2,082 गोवंश को रखा गया है।

### शहरी निकायों में कसा गया शिकंजा

शहरी क्षेत्रों में घूमते आवारा जानवरों से लोगों को निजात दिलाने के लिए स्थानीय निकायों की भूमिका तय की गई है। नगरीय सीमा के भीतर छह गौशालाएं संचालित हो रही हैं। इनमें नगर पंचायतों की गौशालाओं में 260 और नगर पालिका परिषद क्षेत्रों में 141 गोवंश को आसरा मिला है। वहीं, सबसे बड़ी राहत कानपुर नगर निगम क्षेत्र में देखने को मिली है, जहां दो बड़ी गौशालाओं के भीतर रिकॉर्ड 5,875 बेसहारा गोवंश को संरक्षित किया गया है।

### बारिश के मौसम में स्वास्थ्य और चारे की विशेष निगरानी

गौशालाओं में मवेशियों को केवल बंद रखने के बजाय उनके खान-पान और स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बारिश के मौजूदा मौसम को देखते हुए सभी केंद्रों पर कीचड़, जलभराव और संक्रामक बीमारियों से बचाव के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पशुपालक कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि चारे और पीने के साफ पानी में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही पशुचिकित्सकों की टीमें नियमित रूप से गौशालाओं का दौरा कर रही हैं। कानपुर के मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग सिंह ने बुधवार को बताया कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुसार, जिले में बेसहारा गोवंश को संरक्षित करने का काम लगातार जारी है।

## सोशल मीडिया पर पशु बलि एवं वन्य जीव शिकार के वीडियो हुए थे वायरल, दो आरोपी गिरफ्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी

**चित्तौड़गढ़।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भैंस के बछड़े (पाड़े) की बलि एवं संरक्षित वन्यजीव खरगोश का निर्ममतापूर्वक शिकार कर उसके वीडियो वायरल करने के मामले में डीएसटी एवं थाना चंदेरिया पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की हैं। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं वन्य जीव हत्या एवं बलि में प्रयुक्त धारदार तलवार भी बरामद कर ली है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्रसिंह ने बताया कि 28 जुलाई को डीएसटी के एएसआई सूरज कुमार को प्रकाश राजपुरोहित, अध्यक्ष सुरभि गौ सेवा संस्थान, पाली (ग्रामीण) ने सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान इंस्टाग्राम पर वायरल वीडियो की सूचना दी गई। इंस्टाग्राम पर वायरल वीडियो में शंकरलाल बागरिया नामक व्यक्ति की और से इंस्टाग्राम आईडी पर एक




पाड़े (भैंस के बच्चे) को धारदार हथियार से काट कर उसकी निर्मम हत्या (बलि) का व एक जंगली खरगोश को जाल में फंसा कर बेरहमी से तड़पा-तड़पा कर उसकी निर्मम हत्या कर शिकार का वीडियो बनाया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम आईडी से उक्त दोनों विडियो वायरल किए गए थे। इसके बारे में चंदेरिया थानाधिकारी मधु कंवर को सूचना दी गई। उक्त दोनों विडियो की जांच की गई। एक वीडियो में शोभा बागरिया की और से धारदार हथियार से भैंस के बछड़े की गर्दन काट कर मारना सामने आया।

## दिल्ली भाजपा का आआपा कार्यालय पर प्रदर्शन



- पेपर लीक पर दोहरे मापदंड का आरोप
- पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर पहुंचाया मंदिर मार्ग थाने

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा के नेतृत्व में कैनिंग लेन स्थित आम आदमी पार्टी (आआपा) कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पंजाब में कथित पेपर लीक मामलों को लेकर पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस की बर्खास्तगी की मांग की। प्रदर्शन के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर मंदिर मार्ग थाने पहुंचाया, जहां करीब एक घंटे बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

प्रदर्शन में सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज, राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, योगिता सिंह, मोहनलाल गिहारा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। युवा मोर्चा, ओबीसी मोर्चा और पूर्वांचल मोर्चा के हजारों कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन में भाग लिया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए हर्ष मल्होत्रा ने आम आदमी पार्टी पर केंद्र और पंजाब में अलग-अलग रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र में पेपर लीक के मुद्दे पर नैतिकता की बात करने वाली आआपा पंजाब में हुए कथित पेपर लीक मामलों पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि पंजाब में टीईटी, 12वीं अंग्रेजी, फार्मेसी ऑफिसर और अन्य भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने के आरोप लगे हैं, लेकिन सरकार जवाबदेही तय नहीं कर रही।

मल्होत्रा ने कहा कि केंद्र में इस्तीफा, पंजाब में संरक्षण यही है आआपा का दोहरा चरित्र। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को ₹शिक्षा क्रांति₹ के बजाय ₹पेपर लीक क्रांति₹ बना दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मांग की है कि पंजाब के शिक्षा मंत्री को तत्काल बर्खास्त किया जाए, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो और छात्रों से माफी मांगी जाए।

प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल ने कहा कि पंजाब में पेपर लीक के मुद्दे पर पहले चुप्पी और फिर इनकार करने की कोशिश से युवाओं में आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे आम आदमी पार्टी का दोहरा रवैया उजागर हुआ है। सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने कहा कि संसद में पेपर लीक पर चर्चा से विपक्ष बचता रहा, जबकि पंजाब के मामलों पर भी आआपा नेतृत्व ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

सांसद कमलजीत सहरावत ने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों में पंजाब में कई पेपर लीक की घटनाएं सामने आईं, लेकिन राज्य सरकार उन्हें स्वीकार करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि अपनी गलती स्वीकार किए बिना सुधार संभव नहीं है।

### कथित पेपर लीक मामले में आआपा की चुप्पी कर रही सवाल खड़े

सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि फामेर्सी परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले में भी आम आदमी पार्टी की चुप्पी सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए एंटी-पेपर लीक कानून का विपक्ष ने विरोध किया, जबकि पंजाब के मामलों में जवाबदेही से बचा जा रहा है। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने भी पंजाब सरकार और आम आदमी पार्टी के नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि पेपर लीक के मुद्दे पर पार्टी पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है और शिक्षा मंत्री से इस्तीफा लिया जाना चाहिए।

भाजपा ने आआपा को चेतावनी दी कि जब तक पंजाब में कथित पेपर लीक मामलों में जवाबदेही तय नहीं होती और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, तब तक उसका आंदोलन जारी रहेगा।

### तेहखंड व ओखला में कंप्रेस्ड बायो-गैस प्लांट्स की स्थापना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड के बीच तेहखंड और ओखला में 800 टीपीडी क्षमता वाले कंप्रेस्ड बायो-गैस प्लांट्स की स्थापना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि इन प्लांट्स में अलग किए गए जैविक कचरे से बायो-गैस बनाई जाएगी। इससे दिल्ली में मौजूद कचरे के पहाड़ कम होंगे, स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन बढ़ेगा और हमारा स्वच्छ दिल्ली का संकल्प और मजबूत होगा। महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत तेखंड एवं ओखला में अत्याधुनिक सीबीजी प्लांट स्थापित किए जाएंगे, जहां प्रतिदिन लगभग 800 टन गीले कचरे का वैज्ञानिक प्रसंस्करण कर स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा। यह पहल लैंडफिल पर निर्भरता कम करने, प्रदूषण में कमी लाने तथा दिल्ली में आधुनिक एवं प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का झांसा देकर बुजुर्ग से 2 करोड़ 35 लाख की ठगी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में सेक्टर 21 के जलवायु विहार सोसाइटी में रहने वाले एक 73 वर्षीय बुजुर्ग को अपने जाल में फंसाकर साइबर अपराधियों ने शेयर ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर दो करोड़ 35 लाख 51 हजार 136 रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित ने बीती रात को थाना साइबर क्राइम में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम श्रीमती शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर 21 के क्यू- ब्लॉक में रहने वाले आनंद पुत्र भूपेंद्र प्रसाद उम्र 73 वर्ष ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 जून 2026 को उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से एक सूचना मिली। सूचना देने वालों ने उन्हें शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने का प्रलोभन दिया। उन्हें शेयर ट्रेडिंग के लिए खाता खोलने का फॉर्म दिया गया। उन्होंने फॉर्म भर कर जमा कराया। उसे वह वास्तविक मानते हुए उसमें शामिल व्यक्तियों से बातचीत करते रहे। पीड़ित के अनुसार 14 जून 2026 को व्हाट्सएप द्वारा उन्हें संदेश मिला, जिसमें कहा गया कि उनके ट्रेडिंग खाते के आवेदन को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि केवाईसी वेरीफिकेशन के लिए उन्होंने अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड और फोटो की कॉपी जमा की। इसके बाद उन्हें यूपी .एक्सप्रो ट्रेडिंग एप्लीकेशन इंस्टॉल करने के लिए कहा गया। उनके अनुसार प्लेटफार्म चलाने वाले लोगों ने बताया कि अपर सर्किट पर स्टॉक खरीद कर अगले दिन बेच सकते हैं। उन्हें पांच प्रतिशत प्रॉफिट मिलेगा। उनसे कहा गया की डिस्काउंटेंट कीमतों पर ब्लॉक डील में वह हिस्सा ले सकते हैं। एप्लीकेशन के जरिए डिस्काउंटेड रेट पर ऑफर किए गए आईपीओ में उन्होंने इन्वेस्ट किया। पीड़ित के अनुसार 15 जून से 21 जुलाई के बीच उन्होंने दो करोड़ 35 लाख 51हजार 136 रुपए आरोपियों के विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित के अनुसार ऐप पर उनकी रकम 6 करोड़ से ज्यादा दिखाई दे रही थी। उन्होंने एक करोड़ 85 लाख रुपए निकालने के लिए कहा तो आरोपियों ने कहा कि टैक्स के तौर पर उन्हें 62 लाख 51 हजार 136 रुपया जमा करने होंगे।

### सपना बाग ने थाना साइबर क्राइम में दर्ज कराई रिपोर्ट

डीसीपी ने बताया कि बीती रात को सपना बाग पत्नी पिंटू बाग ने थाना साइबर क्राइम में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी उम्र 58 वर्ष है। महिला के अनुसार उनके बैंक अकाउंट से बिना उनकी इजाजत के ऑनलाइन ट्रांजैक्शन हुआ। उनके अनुसार अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनके खाते से 18 लाख 55 हजार 867 रुपए निकाल लिया। महिला के अनुसार ना तो उन्होंने किसी को अपना ओटीपी नंबर दिया ना ही पिन दिया और ना ही पासवर्ड दिया। पीड़िता के अनुसार उन्होंने किसी को अपना बैंकिंग क्रेडेंशियल शेयर नही किया। इसके बावजूद भी उनके खाते से रकम निकाली गई। महिला के अनुसार उन्हें शक है कि उनका फोन हैक किया गया तथा उसके आधार पर यह ट्रांजैक्शन किया गया। डीसीपी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबरें फटाफट

### छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नोएडा।** नोएडा के थाना ईकोटेक-तीन क्षेत्र में एक छात्र ने अपने घर पर बीती रात बुधवार को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना ईकोटेक-3 के प्रभारी रंजीत कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि मूल रूप से नालंदा बिहार के रहने वाले रवि रंजन पटेल यहां कुलेसरा कॉलोनी में रहते हैं। इनका बेटा गौरव पटेल (१७) ग्रेटर नोएडा की एक स्कूल से 12वीं कक्षा का छात्र था। बीती रात छात्र गौरव ने अपने घर पर पंखे से फंदे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इस सूचना के मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि छात्र ने आत्महत्या क्यों की इस बात का अभी पता नहीं चल सका है। मृतक डायरी लिखने का आदी था। उसके डायरी में लिखे शब्दों से यह पता चलता है कि वह कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था।

### छत से गिरकर युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नोएडा।** नोएडा के थाना सूरजपुर क्षेत्र के लखनावली गांव में रहने वाले एक 20 वर्षीय युवक की छत से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में बीती रात को मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि जीशान पुत्र नादिर निवासी ग्राम मेहंदीपुर थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद उम्र 20 वर्ष लखनावली गांव स्थित अपने एक परिचित के घर पर रुके हुए थे। वह बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में छत से नीचे गिर गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया ,जहां पर डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### निर्माणाधीन मकान में काम कर रही महिला के सिर पर लोहे की प्लेट गिरी, उपचार के दौरान मौत

**नोएडा।** नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान में काम करने वाली 51 वर्षीय महिला के सिर पर ऊपर से लोहे की प्लेट गिर गई। इस घटना में उन्हें गंभीर चोट आई। उनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी मौत हो गई। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मुनेद्र कुमार सिंह ने बताया कि गुड्डी आदिवासी उम्र 51 वर्ष पत्नी मूलचंद आदिवासी मूलनिवासी जनपद छतरपुर मध्य प्रदेश हाल निवासी सेक्टर -3 ग्रेटर नोएडा वेस्ट एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रही थी। काम करते समय 29 जुलाई की शाम को बिल्डिंग के ऊपर से उनके सिर पर लोहे की भारी प्लेट गिर गई। इस घटना उन्हें गंभीर चोट आई। उन्हें उपचार के लिए न्यूमेड अस्पताल में भर्ती करवाया गया, उपचार के दौरान आज सुबह उनकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि थाना बिसरख पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दी दी है।

### बाइक चालक ने पैदल जा रहे व्यक्ति को मारी टक्कर, उपचार के दौरान मौत

**नोएडा।** नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र में बीती रात हुए एक सड़क हादसे में 56 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मुनेद्र कुमार सिंह ने बताया की जयंती प्रकाश उम्र 56 वर्ष पुत्र जयपाल सिंह थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी मॉल के पास से बीती रात को पैदल गुजर रहे थे, तभी एक अज्ञात बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई है। उन्होने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कारोबारी की कार का शीशा तोड़कर लैपटाप समेत कई कीमती सामान चोरी

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेस -3 क्षेत्र के सेक्टर 71 स्थित शिव शक्ति अपार्टमेंट मे रहने वाले शिवकुमार यादव मैन पावर सप्लाई करने की फर्म चलाते हैं। वह बीती रात को सेक्टर 121 की सर्विस रोड की तरफ गए। सड़क किनारे कार खड़ी कर पास में एक व्यक्ति से मिलने गए। वापस लौटे तो कार का शीशा टूटा मिला। सीट पर रखा गया बैग चोरी हो गया था। बैग में लैपटाप, सात हजार रुपये, बाइक की चाबी, फर्म के दस्तावेज आदि थे। सामान नहीं मिलने पर फेस तीन थाने में आज पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है।

## महापौर ने राजा पार्क की सड़क का नाम श्री दीपक सेठ मार्ग रखा

हरियाणा मेल, एजेंसी




**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने गुरुवार को वार्ड संख्या-61, राजा पार्क में एक सड़क का नामकरण समाजसेवी स्वर्गीय दीपक सेठ की स्मृति में श्री दीपक सेठ मार्ग के रूप में किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के पार्षद अजय रवि हंस भी मौजूद रहें।

इस अवसर पर महापौर प्रवेश वाही ने नामकरण पट्टिका का अनावरण किया तथा स्वर्गीय दीपक सेठ को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सामाजिक योगदान को स्मरण किया। महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय दीपक सेठ एक प्रसिद्ध समाजसेवी थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों के लिए समर्पित किया। उन्होंने विभिन्न सामाजिक एवं जनहित के कार्यों के माध्यम से समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों की सेवा की तथा लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का निरंतर प्रयास किया। ऐसे महान व्यक्तित्वों के नाम पर सार्वजनिक स्थलों का नामकरण समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। महापौर ने आशा व्यक्त की कि श्री दीपक सेठ मार्ग आने वाली पीढ़ियों को समाज सेवा, मानवता और जनहित के कार्यों के लिए प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान पार्षद अजय रवि हंस ने भी दीपक सेठ के सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सद्भाव एवं सहयोग की भावना को मजबूत किया। उन्होंने महापौर एवं दिल्ली नगर निगम का इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अजय खटाना महेश अवाना, डॉ. राजकुमार सेठ सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## उपराज्यपाल ने आईकेईए के स्टोर का किया उद्घाटन



हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने गुरुवार को साकेत में आईकेईए के नए स्टोर का उद्घाटन किया। इस मौके पर भारत में स्वीडन के राजदूत जान थेस्लेफ और आईकेईए इंडिया के सीईओ पैट्रिक एंटोनी भी मौजूद रहे।

उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए दिल्ली के बढ़ते परिवारों और युवा प्रोफेशनल्स के लिए आसान, किफायती और टिकाऊ जीवन-शैली के समाधान बहुत जरूरी हैं। स्वीडन के इस प्रमुख ब्रांड का आना दिल्ली की आर्थिक क्षमता में बढ़ते वैश्विक भरोसे को दिखाता है। उन्होंने कहा कि यह विकसित दिल्ली के विजन के अनुरूप, अंतरराष्ट्रीय निवेश और व्यापार के लिए दिल्ली को एक पसंदीदा जगह के तौर पर और मजबूत बनाता है। उपराज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कथन दुनिया उम्मीद और उत्साह के साथ भारत में निवेश कर रही है।

### एनटीए पर परीक्षा परिणाम बदलने का आरोप, नीट अभ्यर्थी दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचा

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीट-2026 के लिए परीक्षा में बैठने वाले एक छात्र ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने उसके परीक्षा परिणाम में 24 घंटे के अंदर तीन बार बदलाव किया। छात्र का आरोप है कि 24 घंटे के अंदर उसका स्कोर 650 से घटाकर 500 और बाद में 135 कर दिया गया। याचिका में छात्र ने कहा है कि एनटीए की वेबसाइट पर दर्शाई गई ओएमआर शीट उसके द्वारा नहीं भरी गई है। याचिका में छात्र ने अपने असली फिजिकल ओएमआर आंसर शीट के संरक्षण की मांग की है और उसके स्वतंत्र वेरिफिकेशन की मांग की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील विनीत जिंदल ने कहा है कि छात्र की परीक्षा से संबंधित सभी रिकॉर्ड उपलब्ध कराए जाएं, ताकि स्वतंत्र वेरिफिकेशन किया जा सके। याचिकाकर्ता छात्र ने नीट 2026 की 21 जून को दोबारा हुई परीक्षा में हिस्सा लिया था। जब उसने प्रोविजनल और फाइनल आंसर की का मिलान किया, तो उसने अनुमान लगाया कि उसे 620 अंक मिलेंगे।

### परिवहन मंत्री ने राजा गार्डन स्थित आरटीओ कार्यालय का किया निरीक्षण



हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि गुरुवार को राजा गार्डन स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां की कार्य व्यवस्था और नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध करना ही सरकार की प्राथमिता है।

परिवहन मंत्री ने अधिकारियों को सभी लंबित कार्य निर्धारित समय-सीमा में प्राथमिकता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आरटीओ कार्यालय आने वाले प्रत्येक नागरिक के कार्यों में हर संभव सहयोग सुनिश्चित करने को कहा है।

## डीयू को दुनिया के 200 सर्वोच्च विश्वविद्यालयों में शामिल करना लक्ष्य: कुलपति

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद (ईसी) की 1283 वीं बैठक का आयोजन गुरुवार को कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में जीरो आवर के दौरान ईसी सदस्यों ने अनेक मुद्दों पर गहन चर्चा की।

इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में अनुबंध आधार पर लगे गैर शिक्षण कर्मचारियों को निकालने की कोई भी योजना विचाराधीन नहीं है। साथ ही उन्होंने बताया कि अगले 5 वर्षों में दिल्ली विश्वविद्यालय को दुनिया के सर्वोच्च 200 विश्वविद्यालयों में शामिल करने का लक्ष्य रखा हैं। प्रो. योगेश सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि इस बार क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2027 में डीयू ने वैश्विक स्तर पर 322वीं ग्लोबल रैंक हासिल की है, जबकि 2022 में जारी की गई क्यूएस रैंकिंग में दिल्ली विश्वविद्यालय 521-530 के ब्रैकेट में था। उन्होंने कहा कि 4 वर्षों में 199 अंकों



का उछाल बड़ी बात है, जिसके लिए डीयू के सभी शिक्षक, विद्यार्थी, अधिकारी और कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। कुलपति ने कहा कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में डीयू का कुल स्कोर 43.8 जो 2022 में जारी रैंकिंग में 23.5 था। उन्होंने बताया कि भारतीय विश्वविद्यालयों में डीयू पहले स्थान पर है। बैठक के आरंभ में डीयू कुलसचिव डॉ विकास गुप्ता ने पिछली ईसी बैठक के मिनट्स और एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक के दौरान अकादमिक परिषद में पारित शैक्षणिक मुद्दों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। ईसी बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय, उसके द्वारा संचालित हॉल और हॉस्टल, प्रोविडेंट फंड और राष्ट्रीय पेंशन योजना के वार्षिक खातों पर विचार करना और उन्हें मंजूरी दी गई।

## पराली जलाने पर रोक को सीएक्यूएम ने ड्रोन से निगरानी पर दिया जोर

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में हर साल धान कटाई के मौसम के दौरान बढ़ने वाले वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया है। आयोग ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को निर्देश दिया है कि वे आगामी धान कटाई सीजन से पहले ड्रोन आधारित निगरानी व्यवस्था तैयार करें।

सीएक्यूएम ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि ड्रोन तेज तैनाती, उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरों और रियल-टाइम वीडियो के माध्यम से पराली जलाने की घटनाओं का पता लगाने में मदद करेंगे। इनसे जलती हुई आग, धुएं के गुबार और प्रभावित खेतों की पहचान की जा सकेगी।

ड्रोन से प्राप्त जियो-टैग्ड फोटो और वीडियो कार्रवाई के लिए महत्वपूर्ण सबूत के रूप में इस्तेमाल किए जा सकेंगे।

राज्यों को निर्देश दिया गया है कि ड्रोन सर्वे में धान की खेती वाले क्षेत्रों, पहले से चिह्नित हॉटस्पॉट गांवों और आग लगने की अधिक संभावना वाले इलाकों को प्राथमिकता दी जाए।

राज्यों को पहले से ड्रोन उड़ान योजनाएं तैयार करने और प्रभावित खेतों की पहचान के लिए उन्हें भू-अभिलेख से जोड़ने को कहा गया है।

सीएक्यूएम ने बताया कि ड्रोन सर्वे दिन के समय किए जाएं, लेकिन दोपहर 3 से रात 9 बजे के बीच विशेष ध्यान दिया जाए, क्योंकि इस अवधि में सैटेलाइट निगरानी से बचने के लिए पराली जलाने की घटनाएं सामने आती रही हैं।

### डेटा सुरक्षित रखने और निगरानी केंद्र बनाने के निर्देश

राज्यों को निर्देश दिया गया है कि ड्रोन से रिकॉर्ड किए गए सभी वीडियो को संबंधित फसल कटाई सीजन के बाद तीन महीने तक सुरक्षित रखा जाए। इसके अलावा ड्रोन निगरानी डेटा के विश्लेषण और रिपोर्टिंग के लिए केंद्रीय डैशबोर्ड बनाने को कहा गया है। ड्रोन की लाइव फीड और रिकॉर्डिंग सीएक्यूएम को उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वास्तविक समय में निगरानी और कार्रवाई संभव हो सके। सीएक्यूएम ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सरकारों से इन निर्देशों के पालन की स्थिति पर 14 अगस्त 2026 तक एक्शन टेकन रिपोर्ट जमा करने को कहा है।

## आआपा ने मच्छर जनित गंभीर बीमारियों की रोकथाम पर चर्चा बाधित की: महापौर

हरियाणा मेल, एजेंसी




**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने गुरुवार को दिल्ली नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक के उपरांत आम आदमी पार्टी के पार्षदों के रवैये की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सदन में दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण विषय मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया एवं जल जनित बीमारियों की रोकथाम पर विस्तृत चर्चा निर्धारित थी, लेकिन आआपा के पार्षदों ने हंगामा कर इस महत्वपूर्ण चर्चा को बाधित कर दिया।

महापौर ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य और जनहित से जुड़े गंभीर विषयों पर सदन में सार्थक चर्चा होनी चाहिए थी, तब आआपा ने राजनीतिक हंगामा कर कार्यवाही को अवरुद्ध करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आआपा बार-बार ऐसे मुद्दों को लेकर सदन में व्यवधान उत्पन्न करती है जिनका दिल्ली नगर निगम के कार्यक्षेत्र से कोई संबंध नहीं होता, जबकि नागरिकों से जुड़े वास्तविक विषयों पर चर्चा से बचती है।

महापौर ने बताया कि दिल्ली नगर निगम द्वारा किए जा रहे व्यापक जनस्वास्थ्य अभियानों एवं रोकथाम संबंधी उपायों के परिणामस्वरूप इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में डेंगू के मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी नहीं चाहती थी कि सदन में इस विषय पर रचनात्मक चर्चा हो तथा भविष्य में इन बीमारियों की रोकथाम के लिए और अधिक प्रभावी रणनीति बनाई जाए। प्रवेश वाही ने कहा कि आआपा के पार्षद अक्सर जनहित से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा से बचते हैं तथा सदन की कार्यवाही के दौरान अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न करते हैं। इसके बावजूद नगर निगम ने नागरिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श जारी रखा तथा अनेक जनहितकारी प्रस्तावों को पारित किया।

उन्होंने जानकारी दी कि सामान्य सभा की बैठक में जनकपुरी क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़े दो कूड़े के ढलावों को हटाने तथा छोटी सब्जी मंडी, जनकपुरी में उपयोग में नहीं आ रहे एक सार्वजनिक शौचालय को हटाने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया। इन निर्णयों से स्थानीय नागरिकों को अनावश्यक असुविधा से राहत मिलेगी तथा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था अधिक सुचारु एवं व्यवस्थित होगी। महापौर जानकारी दी कि आज मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में एमसीडी एवं इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के मध्य प्रतिदिन 800 मीट्रिक टन नए ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### कांवड़ यात्रा को लेकर दिए निर्देश

महापौर प्रवेश वाही ने कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत निगमायुक्त को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि कांवड़ मार्गों एवं कांवड़ शिविरों के आसपास संचालित सभी अवैध कच्चे एवं पक्के मीट की दुकानों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए उनकी यात्रा शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुगम रूप से संपन्न हो सके।

## मुख्यमंत्री प्रथम चरण में 3 हजार छात्राओं को शुक्रवार को देंगी विद्या वाहिनी साइकिलें

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 31 जुलाई (शुक्रवार) को ईस्ट विनोद नगर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी और कक्षा 9 की छात्राओं को विद्या वाहिनी नाम से साइकिलों का वितरण करेंगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रथम चरण में 3,000 छात्राओं को विद्या वाहिनी साइकिलें प्रदान करेंगी। इसके बाद अगले एक माह के भीतर दिल्ली की कुल 1,40,000 छात्राओं को चरणबद्ध तरीके से साइकिलें वितरित की जाएंगी। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं के लिए विद्यालय तक पहुंच को अधिक सुगम बनाना, उनकी नियमित उपस्थिति को बढ़ावा देना और उन्हें आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की कोई भी बेटी केवल दूरी, संसाधनों की कमी या परिवहन संबंधी कठिनाइयों के कारण अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे।

विद्या वाहिनी केवल एक साइकिल नहीं, बल्कि दिल्ली की बेटियों के सपनों, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की सवारी है। सरकार चाहती है कि दिल्ली की हर बेटी निर्भय होकर विद्यालय पहुंचे, बेहतर शिक्षा प्राप्त करे और अपने जीवन के प्रत्येक लक्ष्य को हासिल करे।

# राष्ट्रमंडल खेल 2026: भारत पदक तालिका में आठवें स्थान पर पहुंचा

### श्रीशंकर ने लंबी कूद में जीता रजत

ग्लासगो। भारत के स्टार लंबी कूद खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्थानीय समयानुसार बुधवार को पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा का रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने बर्मिंघम 2022 में जीते गए रजत पदक की सफलता को दोहराया और लगातार दूसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों के पोडियम पर जगह बनाई। 27 वर्षीय श्रीशंकर ने अपने छह प्रयासों में दूसरे प्रयास में 8.09 मीटर की छलांग लगाई, जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। हालांकि दो प्रयास फाउल रहे, लेकिन पूरे मुकाबले में वह पदक की दौड़ में बने रहे। स्वर्ण पदक जमैका के तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता ताजे गेल ने जीता।

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2026 के सातवें दिन बुधवार को भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किया। पैरा एथलेटिक्स में दिलीप गावित ने पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया, जबकि उनके हमवतन मोहम्मद बासिल ने रजत पदक हासिल कर भारत को इस स्पर्धा में ऐतिहासिक 1-2 फिनिश दिलाई। वहीं, लंबी कूद में मुरली श्रीशंकर ने 8.09 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ रजत पदक जीतकर लगातार दूसरे राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम पर जगह बनाई।

दिन की शुरूआत भारतीय मुक्केबाजों के शानदार प्रदर्शन से हुई, जहां साक्षी चौधरी, अरुंधति चौधरी और सचिन सिवाच सहित कुल छह भारतीय मुक्केबाजों ने अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया।

दिलीप गावित ने 10.71 सेकंड के गेम्स रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद बासिल ने 10.83 सेकंड का समय निकालकर रजत पदक अपने नाम किया। यह भारत का इस संस्करण का तीसरा स्वर्ण पदक रहा। दूसरी ओर, मुरली श्रीशंकर ने जमैका के ताजे गेल के कड़े मुकाबले के बीच 8.09 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता। स्कॉटलैंड के स्टीफन मैकेंजी को कांस्य पदक मिला, जबकि भारत के लोकेश सत्यनाथन पांचवें स्थान पर रहे।

इन शानदार प्रदर्शनों के बाद भारत ने पदक तालिका में भी छलांग लगाई है। भारत अब 3 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 15 पदकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गया है। पदक तालिका में ऑस्ट्रेलिया 47 स्वर्ण, 21 रजत और 35 कांस्य सहित 103 पदकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है।

### दिलीप गावित ने जीता स्वर्ण, मोहम्मद बासिल को रजत



**ग्लासगो।** राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारतीय पैरा एथलेटिक्स दल ने बुधवार को इतिहास रच दिया। दिलीप गावित और मोहम्मद बासिल ने पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीतकर भारत को ऐतिहासिक डबल पोडियम दिलाया।
दिलीप गावित ने 10.71 सेकेंड का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनका यह प्रदर्शन राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड भी बन गया। वहीं मोहम्मद बासिल ने 10.83 सेकेंड के साथ रजत पदक हासिल किया। दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत का यह तीसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले भारोत्तोलन में मीराबाई चानू और पैरा शॉटपुट में शर्मिला धनकर भारत को स्वर्ण पदक दिला चुकी हैं। महाराष्ट्र के नासिक जिले के निकट स्थित छोटे से गांव तोरण डोंगरी में एक साधारण किसान परिवार में जन्मे दिलीप गावित का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। बचपन में वह अपने माता-पिता के साथ खेतों में काम करते थे।
महज पांच-छह वर्ष की उम्र में पेड़ से गिरने के कारण उनके दाहिने हाथ में गंभीर चोट लग गई। समय पर उचित इलाज नहीं मिलने से चोट गैंगरीन में बदल गई और कोहनी के नीचे से उनका हाथ काटना पड़ा। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद दिलीप ने हार नहीं मानी और पैरा एथलेटिक्स में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने इसी वर्ष इंडिया ओपन और नई दिल्ली ग्रां प्री में स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा 2022 एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी उनके नाम है।

### नीरज चोपड़ा समेत तीनों भारतीय भाला फेंक के फाइनल में

**ग्लासगो।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने राष्ट्रमंडल खेल-2026 की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में जगह बना ली है। गुरुवार को क्वालीफिकेशन राउंड में नीरज के साथ भारत के रोहित यादव और यशवीर सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। क्वालीफिकेशन राउंड में किसी भी खिलाड़ी ने 84 मीटर के स्वचालित क्वालीफिकेशन मानक को पार नहीं किया।

ऐसे में सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ियों को फाइनल में प्रवेश दिया गया। नीरज चोपड़ा ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास में 79.61 मीटर भाला फेंका और कुल स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। भारत के रोहित यादव ने 78.37 मीटर के साथ नौवां और यशवीर सिंह ने 78.36 मीटर के साथ 10वां स्थान हासिल कर फाइनल का टिकट पक्का किया। इस तरह भारत के तीनों भाला फेंक खिलाड़ियों ने पदक दौर में प्रवेश कर देश की उम्मीदों को और मजबूत कर दिया।

क्वालीफिकेशन में श्रीलंका के रुमेश पाथिराजे ने 82.84 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (81.29 मीटर) दूसरे और दक्षिण अफ्रीका के डाउ स्मिट (80.64 मीटर) तीसरे स्थान पर रहे।

## यूपी टी-20 लीग : गोरखपुर लायंस ने मुरादाबाद के आर्यन जुयाल को टीम की कमान सौंपी

हरियाणा मेल, एजेंसी



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश टी-20 लीग में गोरखपुर लायंस ने मुरादाबाद के आर्यन जुयाल को टीम की कमान सौंपी है। लीग का उद्घाटन मुकाबला 14 अगस्त को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा।

दाएं हाथ के आक्रामक सलामी बल्लेबाज व विकेटकीपर आर्यन जुयाल घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। वह आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जाएंट्स और 2022 में मुंबई इंडियंस का हिस्सा रह चुके हैं। 2024-25 दिलीप ट्रॉफी में कप्तानी निभा चुके आर्यन 2023 से रणजी ट्रॉफी में भी लगातार खेल रहे हैं। 2024 और 2025 में यूपी टीम की गोरखपुर कमान संभाली। इसके अलावा आर्यन इंडिया अंडर-19 टीम का नेतृत्व भी कर चुके हैं। गोरखपुर लायंस ने मुरादाबाद के जिगर कॉलोनी निवासी आर्यन को लगातार दूसरी बार रिटेन किया है। लीग में लायंस समेत मेरठ मेवरिक्स, नोएडा किंग्स, काशी रुद्रास, कानपुर सुपरस्टार्स और लखनऊ फाल्कंस की टीमें हिस्सा ले रही हैं। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव व पूर्व रणजी खिलाडी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि आर्यन जुयाल बेहद मेहनती खिलाड़ी हैं। अपने प्रदर्शन के दम पर वह जल्द ही भारतीय टीम में जगह बना सकते हैं।

## यूपीटी-20 लीग युवाओं को बड़े खिलाड़ियों से सीखने का दे रही मंच : विशेष गौर

हरियाणा मेल, एजेंसी



**लखनऊ।** यूपीटी-20 लीग के चौथे संस्करण के शुरू होने में अब दो सप्ताह का समय शेष है और सभी फ्रेंचाइज़ियां अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हैं। गोरखपुर लायंस के मालिक विशेष गौर ने कहा कि यूपीटी-20 लीग उत्तर प्रदेश के युवा क्रिकेटरों के लिए बेहतरीन मंच बन चुकी है, जहां उन्हें भारतीय टीम और आईपीएल में खेल चुके खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का अवसर मिलता है। इससे उनके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती है और उन्हें खेल की बारीकियां सीखने का मौका मिलता है।

विशेष गौर ने अपनी टीम को संतुलित बताते हुए कहा कि नीलामी में टीम ने अपनी अधिकांश प्राथमिकताओं को पूरा किया। उन्होंने बताया कि आर्यन जुयाल टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि शिवम शर्मा उपकप्तान होंगे। इसके अलावा पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अंकित राजपूत को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी नीलामी में टीम ने शिवम चौधरी को 21 लाख रुपये में इसलिए खरीदा, क्योंकि टीम को शीर्ष क्रम में एक अनुभवी और भरोसेमंद सलामी बल्लेबाज की जरूरत थी। गौर ने कहा कि शिवम चौधरी न केवल शानदार बल्लेबाज हैं, बल्कि नेतृत्व क्षमता भी रखते हैं और टीम को मजबूत शुरूआत दिला सकते हैं।

विशेष गौर ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की भी सराहना करते हुए कहा कि लीग हर साल नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है। इस बार मुकाबलों का आयोजन लखनऊ और कानपुर-दो शहरों में किया जाना एक बड़ा और सराहनीय कदम है, जिससे प्रतियोगिता का दायरा बढ़ेगा और अधिक दर्शकों तक इसकी पहुंच बनेगी। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और यूपीटी-20 लीग संचालन परिषद के अध्यक्ष डॉ. संजय कपूर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और लगातार प्रयासों के कारण यह लीग उत्तर प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए एक मजबूत मंच बन गई है। विशेष गौर ने कहा कि अनुभवी खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना युवा क्रिकेटरों के लिए किसी बड़ी पाठशाला से कम नहीं है। उन्होंने कहा, जब युवा खिलाड़ी भारतीय टीम या आईपीएल में खेल चुके खिलाड़ियों के साथ रहते हैं, तो वे उनकी तैयारी, फिटनेस, अभ्यास और दबाव से निपटने के तरीके को करीब से देखते हैं। इससे उनमें यह विश्वास पैदा होता है कि वे भी एक दिन उसी स्तर तक पहुंच सकते हैं। यूपीटी-20 लीग के चौथे संस्करण का उद्घाटन समारोह और शुरूआती मुकाबले भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में होंगे।

## विश्व कप स्वर्ण विजेताओं ईशा सिंह और नीरू धांडा को खेल मंत्री ने किया सम्मानित

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को आईएसएसएफ विश्व कप-2026 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह और नायब सूबेदार नीरू धांडा को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए हरसंभव सरकारी सहयोग का भरोसा दिलाया। डॉ. मांडविया ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है कि किसी भी प्रतियोगिता में प्रदर्शन के लिए आपको किसी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े। निशानेबाजी हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण खेलों में से एक है और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक, 2030 राष्ट्रमंडल खेलों सहित आने वाले बड़े आयोजनों में हमें इस खेल से पदकों की सबसे अधिक उम्मीद है। हम चाहते हैं कि आप लॉस एंजिलिस ओलंपिक में भी भारत के लिए पदक जीतें। उन्होंने कहा कि भारतीय निशानेबाजों की उपलब्धियां टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, खेलो इंडिया और वैज्ञानिक प्रशिक्षण जैसी योजनाओं के माध्यम से खिलाड़ियों के विकास में किए गए दीर्घकालिक निवेश का परिणाम हैं।

### जर्सी के भगवा रंग पर हॉकी इंडिया की सफाई, कहा-
## खिलाड़ियों और कोचों की तकनीकी सलाह पर हुआ फैसला

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए भारतीय हॉकी टीमों की नई भगवा (केसरिया) जर्सी को लेकर उठे सवालों के बीच हॉकी इंडिया ने गुरुवार को आधिकारिक बयान जारी कर स्पष्ट किया है कि जर्सी के रंग में बदलाव खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की सिफारिशों तथा विस्तृत विचार-विमर्श के बाद किया गया है। संस्था ने कहा कि इस फैसले का मुख्य आधार तकनीकी जरूरत थी, न कि कोई अन्य कारण।

हॉकी इंडिया के अनुसार खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने महसूस किया कि पारंपरिक नीली जर्सी अंतरराष्ट्रीय हॉकी में प्रचलित नीले सिंथेटिक टर्फ के साथ काफी हद तक मेल खाती है। इससे खिलाड़ियों को मैदान पर एक-दूसरे को पहचानने और दृश्य स्पष्टता बनाए रखने में कठिनाई होती थी। इसी कारण खिलाड़ियों और कोचों ने पीले या केसरिया रंग जैसे वैकल्पिक विकल्प सुझाए। बयान में कहा गया कि सभी सुझावों पर विचार करने के बाद केसरिया रंग को अंतिम रूप दिया गया। यह रंग न केवल तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त है, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंगों में से एक होने के कारण साहस, त्याग और राष्ट्रीय गौरव का भी प्रतीक है।

हॉकी इंडिया ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय टीम की जर्सी के रंग में बदलाव कोई नई बात नहीं है। समय-समय पर व्यावहारिक और तकनीकी आवश्यकताओं के अनुसार टीम की जर्सी में बदलाव किए जाते रहे हैं। उदाहरण के तौर पर 2014 एफआईएच हॉकी विश्व कप के दौरान भारतीय टीम ने पीले रंग की जर्सी पहनी थी, जबकि 2018 एफआईएच हॉकी विश्व कप में टीम की जर्सी का रंग आसमानी नीला रखा गया था और उसका डिजाइन भी पूरी तरह बदला गया था। हॉकी इंडिया ने अपने बयान के अंत में दोहराया कि मौजूदा केसरिया जर्सी का निर्णय पूरी तरह खिलाड़ियों और कोचों से मिले तकनीकी फीडबैक तथा राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े इस रंग के प्रतीकात्मक महत्व को ध्यान में रखकर लिया गया है। इससे खिलाड़ियों को मैदान पर बेहतर दृश्यता मिलेगी और टीम के प्रदर्शन में भी सकारात्मक मदद मिलने की उम्मीद है।

## इंग्लैंड टेस्ट टीम के मुख्य कोच बने स्टीफन फ्लेमिंग, जो रूट को फिर सौंपी गई कप्तानी

हरियाणा मेल, एजेंसी




**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को बड़ा फैसला लेते हुए पूर्व न्यूजीलैंड कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग को इंग्लैंड पुरुष टेस्ट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त कर दिया। इसके साथ ही अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को एक बार फिर टेस्ट टीम की कप्तानी सौंप दी गई है।

यह फैसला बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के पद छोड़ने के बाद लिया गया है। हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 18 वर्षों का अपना सफल कोचिंग कार्यकाल समाप्त करने वाले फ्लेमिंग अब इंग्लैंड के साथ नई पारी की शुरूआत करेंगे। खिलाड़ी के रूप में फ्लेमिंग न्यूजीलैंड के सबसे लंबे समय तक टेस्ट कप्तान रहने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। उन्होंने 80 टेस्ट मैचों में कप्तानी की और 28 जीत के साथ न्यूजीलैंड के सबसे सफल टेस्ट कप्तान भी रहे। हालांकि फ्लेमिंग आगामी पाकिस्तान टेस्ट श्रृंखला की शुरूआत के बाद अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। तब तक मार्कस ट्रेस्कोथिक अंतरिम मुख्य कोच के रूप में टीम के साथ बने रहेंगे। नियुक्ति के बाद स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा, इंग्लैंड टेस्ट टीम का मुख्य कोच बनना मेरे लिए बेहद रोमांचक है।

## अजिंक्य रहाणे ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

■ भावुक संदेश में कहा- हर शुरूआत का एक अंत होता है

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने बुधवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है।

भारतीय क्रिकेट के सबसे भरोसेमंद टेस्ट बल्लेबाजों में शामिल रहाणे ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक वीडियो संदेश जारी कर अपने 20 वर्षों से अधिक लंबे क्रिकेट सफर को विराम देने का फैसला सुनाया।

अपने संदेश में रहाणे ने कहा, ज़िंदगी की सच्चाई यही है कि हर शुरूआत का एक अंत होता है। जब वह समय आता है तो उसका सम्मान करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। बल्लेबाजी में मैंने हमेशा सही टाइमिंग पर भरोसा किया और उसकी अहमियत को समझा। आज मुझे लगता है कि आगे बढ़ने और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सहित खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का यही सही समय है। उन्होंने कहा, डोंबिवली से एक छोटे लड़के के रूप में अभ्यास करने के लिए सफर करने से लेकर भारत की टोपी पहनने तक, मैंने इस खेल को अपना सब कुछ दिया। हर दिन, हर पारी और बल्लेबाजी का हर मौका मेरे लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना था। मैंने हमेशा एक सिद्धांत अपनाया कि देश और टीम हमेशा मुझसे ऊपर रहेंगे। मैंने पूरी ईमानदारी से क्रिकेट खेला और हमेशा विश्वास किया कि यदि आपकी नीयत सही हो तो खेल आपका साथ देता है। रहाणे ने भारतीय क्रिकेट से मिले अनुभवों को याद करते हुए कहा, प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से पिछले 20 वर्षों में भारतीय क्रिकेट ने जबरदस्त प्रगति की है और उसका हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है।

एक भारतीय क्रिकेटर के रूप में मेरा अध्याय भले समाप्त हो रहा हो, लेकिन खेल के साथ मेरी यात्रा खत्म नहीं हुई है। अब मैं अगली पीढ़ी की मदद करना चाहता हूं, उन्हें इस खेल से सीखे गए मूल्य देना चाहता हूं और क्रिकेट को कुछ लौटाना चाहता हूं, जिसने मुझे सब कुछ दिया।

# BUSINESS

## धवल पैकेजिंग का आईपीओ लॉन्च, तीन अगस्त तक लगाई जा सकती है बोली

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्लास्टिक पैकेजिंग सॉल्यूशंस का निर्माण करने वाली कंपनी धवल पैकेजिंग लिमिटेड का 36.36 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में तीन अगस्त तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद चार अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि पांच अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर छह अगस्त को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं।

इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 92 रुपये से लेकर 97 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 2,400 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,32,800 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 37,48,800 नए शेयर जारी हो रहे हैं।

इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 45.84 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 32.14 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 13.80 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.02 प्रतिशत हिस्सा और कंपनी के कर्मचारियों के लिए 3.20 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए रेयरएवर फाइनेंशियल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं न्यू बेरी कैपिटल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है।

## स्टॉक मार्केट में इंडो एमआईएम की मजबूत एंट्री, आईपीओ निवेशकों को बंपर मुनाफा

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रिसिजन इंजीनियरिंग कंपोनेंट बनाने वाली कंपनी इंडो एमआईएम के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने मजबूत एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 485 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 44.95 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 703 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग 44.33 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 700 रुपये के स्तर पर हुई।

लिस्टिंग के बाद हुई लिवाली के कारण कंपनी के शेयर कुछ देर में ही 731.40 रुपये के स्तर तक पहुंच गए। हालांकि, बाद में इसके भाव में थोड़ी गिरावट भी आई। दोपहर 12 बजे तक कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 729.55 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 244.55 रुपये यानी 50.42 प्रतिशत का फायदा हो चुका था।

इंडो एमआईएम का 3,811.21 करोड़ रुपये का आईपीओ 23 से 27 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से शानदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 72.37 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 204.47 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 50.65 गुना सब्सक्रिप्शन आया था।

## सर्राफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट जारी, चांदी की कीमत में बदलाव नहीं

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 600 रुपये प्रति 10 ग्राम लेकर 660 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है।

कीमत में हुए बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,43,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,43,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,540 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,31,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,34,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,43,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला जुनिपर ग्रीन एनर्जी का आईपीओ, 6 अगस्त को हो सकती है लिस्टिंग

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी जुनिपर ग्रीन एनर्जी का 1,800 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू (आईपीओ) आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में निवेशक तीन अगस्त तक बोली लगा सकेंगे। क्लोजिंग के बाद चार अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि पांच अगस्त को अलॉटेड शेयर डिमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर छह अगस्त को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 214 रुपये से लेकर 225 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 66 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 66 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,850 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,93,050 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 858 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 1,800 करोड़ रुपये के कुल 8,00,09,150 नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 49.94 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 34.96 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.98 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा कंपनी के कर्मचारियों के लिए 0.12 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है। वहीं केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। जुनिपर ग्रीन एनर्जी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत मामूली उतार चढ़ाव के बावजूद मजबूत हुई है।

करनाल में 77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव के समापन पर मुख्यमंत्री मीडिया से हुए रूबरू

# कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर हाथी के दांत दिखाने के कुछ और खाने के कुछ और वाली कहावत लागू होती है: मुख्यमंत्री

- **पंजाब में पेपर लीक का मामला दुर्भाग्यपूर्ण है, अब न तो पंजाब की सरकार बोल रही है और न ही राहुल गांधी बोल रहे है: नायब सैनी**

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने वहां की जनता के साथ जो वादे किए गए थे, वे ही पूरे नहीं हो रहे हैं। कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर हाथी के दांत दिखाने के कुछ और खाने के कुछ और वाली कहावत लागू होती है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में पंजाब में भाजपा की सरकार बनेगी, और जिस तरह से प्रदेश में विकास हो रहा है, वहां भी डब्बल इंजन की सरकार युवाओ के हित में काम करेगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को करनाल में 77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव के समापन के उपरांत मीडिया से रूबरू हो रहे थे। इस दौरान उन्होंने राज्यस्तरीय वन महोत्सव अभियान के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण और शुद्ध वायु के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब आए तो प्रदूषण की रोकथाम के लिए देश ही पहली हाइड्रोजन ट्रेन को झंडी दिखाई, जो प्रदूषण रहित है। प्रदूषण को खत्म करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर प्रयासरत हैं, इसी कड़ी में हरियाणा सरकार भी कारगर कदम उठा रही है।

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब में पेपर लीक का मामला दुर्भाग्यपूर्ण है। पंजाब में युवाओं की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और युवाओं को अपमानित व उनके साथ धोखा किया जा रहा है,

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने मंच पर कहा था कि अगर उनके यहां पेपर लीक होता है तो सबसे पहले शिक्षा मंत्री का इस्तिफा लेंगे। परंतु अब सभी चुप हैं। पंजाब में पेपर लीक हो गया तो अब वहां ना तो आम आदमी पार्टी के लोग बोलते हैं, न कांग्रेस के।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के बच्चे सडकों पर हैं, और कोई बात सुनने वाला नहीं है। न तो पंजाब की सरकार बोल रही है और न ही राहुल गांधी बोल रहे है। दूसरी तरफ, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेपर लीक मामले पर संज्ञान लेते हुए कड़ा कानून बनाया है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी जताया।

एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलने का काम कर रही है, कांग्रेस के समय 1986 में लोक सभा में केवल चर्चा की गई थी, बिल पास नहीं हुआ था और कोई कानून नहीं बना। लेकिन पीएम मोदी ने 2024 में कड़ा कानून बनाया। अगर कोई व्यक्ति बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ करेगा उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी और 10 करोड़ का जुर्माना और 10 साल की सजा भी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मोदी के प्रति जिस प्रकार के शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, और जो बच्चों ने बोले हैं, वो शब्द उनके अभिभावकों को भी अच्छे नहीं लगे हैं। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस युवाओं को किस दिशा में ले जाना चाहती है, क्या संस्कार देना चाहती है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के पास कोई मुद्दा नहीं है, सारा दिन झूठ बोलते है। कांग्रेस के 55 साल और नरेंद्र मोदी के 12 साल की तुलना करने पर जमीन-आसमान का अंतर है।

अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश और देश के विकास के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता अब वादों और वास्तविक काम के बीच फर्क समझ चुकी है और आने वाले समय में विकास, सुशासन और विश्वास के आधार पर ही अपना निर्णय करेगी। सरकार युवाओं को बेहतर अवसर देने और उनके सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

स्पोर्ट्स फिटनेस एक्सपो में शामिल हुए मुख्यमंत्री सैनी

# देश का स्पोर्टस पावर हाउस बना हरियाणा

- **खिलाड़ियों को 6 करोड़ तक पुरस्कार, खेल ढांचे पर 1100 करोड़ खर्च: सैनी**
- **फिट इंडिया से विकसित भारत का सपना होगा साकार, युवाओं को नशे से दूर रखने पर जोर**

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित स्पोर्ट्स फिटनेस और इंफ्रास्ट्रक्चर एक्सपो में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश में खेलों का पावरहाउस बन चुका है। प्रदेश की आबादी देश की कुल आबादी का केवल 2 प्रतिशत है, लेकिन ओलंपिक, पैरालंपिक, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी सबसे अधिक पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि युवाओं की शक्ति, सपनों और संकल्पों का मंच है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को नई पहचान मिली है। फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसे अभियान अब राष्ट्र निर्माण का हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में हरियाणा की पदक उपलब्धियों के साथ प्रदेश का खेल मॉडल भी देखने को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की खेल संस्कृति गांव-गांव में दिखाई देती है। यहां के युवाओं में मेहनत, संघर्ष और जीत का जज्बा बचपन से विकसित होता है, जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं को 6 करोड़ रुपये तक का नकद पुरस्कार दे रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में 17,182 खिलाड़ियों को 730 करोड़ रुपये की राशि सीधे खातों में दी गई है। 8 से 14 वर्ष तक के खिलाड़ियों को 1500 रुपये और 15 से 19 वर्ष तक के खिलाड़ियों को 2000 रुपये मासिक छात्रवृत्ति दी जा रही है। प्रदेश में खेल ढांचे को मजबूत करने के लिए 1100 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। करीब 2000 खेल नर्सरियां और 25 खेल अकादमियां संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति दोहराते हुए कहा कि युवाओं को नशे से बचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और फिट युवा ही विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। जींद रैली में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए लक्ष्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा आगामी ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए नई पीढ़ी तैयार करने में जुटा है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि असली खिलाड़ी वही है जिसका लक्ष्य देश का गौरव बढ़ाना हो।

# रेलगाड़ियों में बचने वाले खाने का हो संग्रहण: रेखा शर्मा

- **कचरे के ढेर में जाता है खाद्य सुरक्षा मानकों से बना बचा हुआ भोजन**

हरियाणा मेल, एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा ने राज्य सभा में भारतीय रेल की खानपान व्यवस्था में प्रतिदिन बचने वाले अतिरिक्त एवं उपभोग योग्य भोजन के सुरक्षित उपयोग का मुद्दा उठाया।

गुरुवार को चंडीगढ़ में जारी जानकारी में उन्होंने बताया कि भारतीय रेल प्रतिदिन लाखों यात्रियों को भोजन उपलब्ध कराती है। अनुमानित मांग के आधार पर भोजन तैयार होने के कारण कई बार निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप होने के बावजूद पर्याप्त मात्रा में भोजन बच जाता है, जो अंततः कूड़ेदान में चला जाता है। उन्होंने कहा कि यदि खाद्य सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए तो इस अतिरिक्त भोजन को रेलवे स्टेशनों पर कार्यरत कुलियों, सफाई कर्मचारियों, दिहाड़ी मजदूरों तथा अन्य जरूरतमंद लोगों तक एक सुव्यवस्थित व्यवस्था के माध्यम से पहुंचाया जा सकता है।

शर्मा ने सरकार से आग्रह किया कि भारतीय रेल में बचने वाले अतिरिक्त भोजन के संग्रहण, गुणवत्ता परीक्षण एवं वितरण के लिए एक प्रभावी तंत्र अथवा पायलट परियोजना प्रारंभ करने की संभावना पर विचार किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस कार्य में मान्यता प्राप्त फूड बैंक, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों का सहयोग भी लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल खाद्य अपव्यय को कम करेगी, बल्कि संसाधनों के बेहतर उपयोग, पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंद लोगों के कल्याण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

# जेबीटी अध्यापकों को टीजीटी में प्रमोट करेगी सरकार

- **प्रमोशन से वंचित न रहें योग्य शिक्षक, दस्तावेजों सहित प्रस्ताव भेजने के निर्देश**

हरियाणा मेल, एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने जेबीटी अध्यापकों को प्रमोट करके टी.जी.टी. में कनवर्ट करने का फैसला किया है। जिसके चलते प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि पात्र अध्यापकों के केस तैयार करके 13 अगस्त तक निदेशालय को भेजे जाएं। विभाग ने इसे "मोस्ट अर्जेंट" मामला बताते हुए अधिकारियों को समय सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

शिक्षा विभाग के अनुसार, हाल ही में विभिन्न विषयों में जेबीटी/सीएंडवी से टीजीटी पदों पर पदोन्नति की गई थी, लेकिन बड़ी संख्या में पात्र टीचरों के केस निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त हुए। विभाग ने ऐसे टीचरों को एक अंतिम अवसर देने का निर्णय लिया है ताकि वे अपनी वरिष्ठता और पात्रता के अनुसार प्रमोशन का दावा प्रस्तुत कर सकें। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि सभी पात्र टीचरों के प्रमोशन केस 13 अगस्त 2026 तक हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी दोनों माध्यमों से भेजे जाएं। इसके साथ शैक्षणिक प्रमाणपत्र, अपडेटेड एसीआर, स्पेशल एसीआर, एनओसी और समरी शीट भी अनिवार्य रूप से संलग्न करनी होगी।

विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि किसी जिले में कोई पात्र टीचर प्रमोशन से वंचित रह जाता है या बाद में कोई कानूनी विवाद उत्पन्न होता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित डीईईओ की होगी। भविष्य में किसी भी प्रकार के मुकदमे या प्रतिकूल आदेश के लिए संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी माने जाएंगे।

हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने में विफल हरियाणा सरकार

# दूषित पानी से लोगों के स्वास्थ्य पर बढ़ रहा खतरा: सैलजा

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) सदस्य कुमारी सैलजा ने हरियाणा में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर सामने आई रिपोर्ट पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में विफल रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों, विशेषकर सीमावर्ती गांवों से लगातार प्रदूषित पेयजल और पानी की कमी की शिकायतें मिल रही हैं। वर्षा ऋतु के दौरान भी अनेक गांवों में पेयजल संकट बना हुआ है, जो बेहद चिंताजनक है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा में जांचे गए प्रत्येक 11वें पेयजल नमूने में गुणवत्ता संबंधी खामियां पाई गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार 855 गांवों में पेयजल में बैक्टीरिया तथा 247 गांवों में रासायनिक प्रदूषण मिला है। यह स्थिति प्रदेश की पेयजल व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। दूषित पानी के कारण डायरिया, टाइफाइड, पीलिया और अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा का दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र लंबे समय से गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है, इसलिए सरकार को प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए।





सुरक्षित फसल, सुरक्षित खलिहान
फसल बीमा है किसानों के लिए वरदान

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

बीमा करवाने की अन्तिम तिथि 31.07.2026

» मौजूदा खरीफ 2026 सीजन में धान, बाजरा, कपास, मक्का व मूंग फसलों का बीमा।
» किसान द्वारा देय प्रीमियम धान, बाजरा, मक्का व मूंग के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत तथा कपास के लिए बीमित राशि का 5 प्रतिशत तथा शेष प्रीमियम का भुगतान राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा किया जाएगा।

फसलवार प्रति एकड़ बीमित राशि तथा किसान द्वारा देय प्रीमियम निम्न प्रकार से है :-

| क्रमांक | फसल | बीमित राशि (रुपये / एकड़) | किसान द्वारा देय प्रीमियम (रुपये / एकड़) |
|---|---|---|---|
| 1. | धान | 45147.17 | 902.94 |
| 2. | कपास | 46189.24 | 2309.46 |
| 3. | बाजरा | 21763.61 | 435.27 |
| 4. | मक्का | 23152.49 | 463.05 |
| 5. | मूंग | 20258.18 | 405.16 |

» बेमौसमी बारिश ओलावृष्टि व जलभराव से खड़ी फसल में नुकसान होने पर क्लेम खेत स्तर पर देय (धान फसल में जलभराव को छोड़कर)
» फसल कटाई के 14 दिनों के अन्दर फसल में नुकसान होने पर भी क्लेम खेत स्तर पर देय (जो फसल सुखने के लिए खेत में रखी हो)।
» गांव में किसी फसल की औसत पैदावार पूर्व निर्धारित पैदावार से कम होने पर क्लेम गांव के सभी बीमित किसानों को।

किसानों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी फसलों का बीमा करवाएं



अधिक जानकारी के लिए भारत सरकार द्वारा जारी कृषि रक्षक पोर्टल व हेल्पलाइन 14447,
अपनी बैंक शाखा या बीमा कम्पनी से सम्पर्क करें।

योजना का पूरा विवरण कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की वेबसाइट
www.agriharyana.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
जिला कृषि उप-निदेशक

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
www.agriharyana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana


मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक **ऋषि नारायण आचार्य** द्वारा स्वत्वाधिकारी शिवा पब्लिकेशन के लिए मैसर्स आर डी प्रिन्टर्स एंड पब्लिशर्स प्रा. लि., बी-48, सेक्टर-8, नोएडा गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) 201301 से मुद्रित तथा सी-2589, सुशांत लोक-1, चकरपुर गुरुग्राम हरियाणा 122001 से प्रकाशित। संपादकीय कार्यालयः द्वितीय तल आपका सिटी प्लाजा, सिविल लाईन रोड गुड़गांव। RNI No. HARHIN/2012/47672, फोन. 9990909797, Email: haryanamail.info@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गुरुग्राम न्यायालय होगा।